दैनिक **अर्थ प्रकाश**

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 30 नवंबर, 2025 | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष: दशमी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 330 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


अधिकतम 23 डिग्री से.
न्यूनतम 07 डिग्री से.
सूर्योदय 7.01
सूर्यास्त 5.22
सोना 24 कैरेट: 1,26,610.00
चांदी (प्रति किलो) : 1,83,000
सेंसेक्स : 85,706.67
अमेरिका : 89.47
कैनेडियन : 63.74
आस्टेलिया : 58.39

**बातों बातों में मन की बात**

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

दो बोल प्यार के भी क्या कमाल दिखाते हैं? लगते हैं दिल पर और चेहरे खिल जाते हैं।






ATMA RAM JEWELLERS

22 KT GOLD RATE

₹ 1,16,500

ONLY 4% MAKING CHARGES

NO POLISH & NO WASTAGE EXTRA **

ज्वेलरी खरीदने से पहले ये 3 चीज़ें ज़रूर देखें

रेट और रिटर्न पॉलिसी भी ज़रूर चेक करें
ज्वैलरी बिल पर HUID नंबर चेक करें
22 KT का रेट कम्पेयर करें

VISIT US: SCO-806 NAC MANIMAJRA SECTOR-13 CHANDIGARH, INDIA 0172 460 9563

T & C APPLY* OFFER VALID FOR TODAY ONLY

# अकाली दल की 'गैंगस्टर राजनीति' का पर्दाफाश, पंजाब को दोबारा अस्थिर करने की नहीं दी जाएगी इजाजत : धालीवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि शिरोमणि अकाली दल (बादल) गैंगस्टरों की मदद से राज्य में अपना पूरी तरह तबाह हो चुका राजनीतिक आधार बहाल करने की कोशिश कर रही है। श्री धालीवाल ने कहा कि हाल ही में एक प्रमुख गैंगस्टर की पत्नी कंचनप्रीत कौर की गिरफ्तारी ने यह जाहिर कर दिया है कि गैंगस्टर और अकाली दल कैसे मिलीभगत से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व वाला अकाली दल अपने बुरे कामों के कारण पहले ही पंजाब में अपनी राजनीतिक पहचान खो चुका है। अब, वह गैंगस्टरों की मदद से पंजाब की राजनीति में फिर से प्रवेश करना चाहते हैं। न तो लोग, न पंजाब सरकार, और न ही मुख्यमंत्री भगवंत मान इसकी अनुमति देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अकाली दल ने भाजपा के साथ अपने 10 साल के शासन के दौरान पंजाब में गैंगस्टरों को पाला। पुतलीघर चौक हत्याकांड, नाभा जेल ब्रेक और इस तरह के कई मामले गैंगस्टरों को खुलेआम राजनीतिक संरक्षण का आनंद लेते रहने के उदाहरण हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिस अफसर की हत्या के बाद गैंगस्टरों ने 'मजीठिया जिंदाबाद' के नारे लगाये थे।

कंचनप्रीत कौर का हवाला देते हुए, श्री धालीवाल ने कहा कि अकाली दल इस तथ्य को छुपा रहा है कि वह एक बदनाम गैंगस्टर की पत्नी है, जिसके खिलाफ 30 से अधिक प्राथमिकी दर्ज हैं। उन्होंने सवाल किया कि अकाली दल यह बताने से क्यों डरता है कि वह एक गैंगस्टर की पत्नी है? वह पंजाब कैसे आई? उसे यहां आने के लिए जरूरी दस्तावेज कैसे मुहैया कराये गये उन्होंने आरोप लगाया कि वह लोगों को फोन करने और धमकियां देने के लिए अपने पति के नाम का उपयोग कर रही थी।

श्री धालीवाल ने कहा कि हत्यारों, अपराधियों या गैंगस्टरों को राजनीति में लाकर कोई भी पार्टी सत्ता हासिल नहीं कर सकती है। जो कोई भी राजनीति में गैंगस्टर के चलन को प्रोत्साहित करता है, सुरक्षा देता है या शामिल करता है, उसे सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

# जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों के लिए रिटर्निंग अधिकारी नामित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कपूरथला। पंजाब के कपूरथला जिले में जिला परिषद तथा ब्लॉक समिति चुनावों के लिए जिला चुनाव अधिकारी-सहङ्कउपायुक्त द्वारा चुनाव अधिकारी नामित कर दिये गये हैं। इसके अलावा नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए स्थान भी निर्धारित किये गये हैं।

जिला चुनाव अधिकारी अमित कुमार पांचाल ने शनिवार को बताया कि नामांकन एक दिसंबर 2025 से शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के 10 जोनों के लिए अतिरिक्त उपायुक्त (सामान्य) चुनाव अधिकारी होंगे। इसके अलावा संबंधित सब-डिवीजन के लिए एस.डी.एम. फगवाड़ा, डी.आर. सहकारी सभाएं, एस.डी.ओ. लोक निर्माण विभाग भुलत्थ सहायक निर्वाचन अधिकारी होंगे। जिला परिषद के उम्मीदवार कमरा नंबर 17 (कोर्ट रूम ए.डी.सी.), जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स कपूरथला में कागजात दाखिल कर सकेंगे।

इसके अलावा पंचायत समिति फत्तूढींगा के लिए डी.आर. सहकारी सभाएं निर्वाचन अधिकारी होंगे जबकि ए.आर. सुल्तानपुर लोधी सहायक निर्वाचन अधिकारी होंगे। इस समिति के लिए कमरा नंबर 513, पांचवीं मंजिल, सहकारी सभाएं कार्यालय, जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स कपूरथला में कागजात दाखिल होंगे।

ब्लॉक समिति कपूरथला के लिए एस.डी.एम. कपूरथला निर्वाचन अधिकारी तथा तहसीलदार कपूरथला सहायक निर्वाचन अधिकारी होंगे। इस समिति के लिए नामांकन पत्र कमरा नंबर 112, पहली मंजिल, जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स कपूरथला में दाखिल होंगे।

ब्लॉक समिति नडाला के लिए एस.डी.ओ. लोक निर्माण विभाग भुलत्थ निर्वाचन अधिकारी तथा कार्य साधक अधिकारी, नगर पंचायत भुलत्थ सहायक निर्वाचन अधिकारी होंगे। इस समिति के लिए कागजात कोर्ट रूम, एस.डी.एम. भुलत्थ में दाखिल होंगे।

ब्लॉक समिति फगवाड़ा के लिए एस.डी.एम. फगवाड़ा निर्वाचन अधिकारी तथा तहसीलदार फगवाड़ा सहायक निर्वाचन अधिकारी होंगे। इस समिति के लिए कागजात तहसीलदार कार्यालय फगवाड़ा में दाखिल होंगे।

# वार्ड 27 में स्टॉर्म वाटर पर गोल ढक्कन लगाने के काम हुआ शुरू, ठेकेदार को गुणवत्ता के लिए दिए सख्त निर्देश



**जीरकपुर।** वार्ड नंबर 27 में स्टॉर्म वाटर पर गोल ढक्कन लगाने का कार्य जारी है। बुधवार को स्थानीय प्रतिनिधियों ने मौके पर जाकर पूरे काम का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को भी मौके पर बुलाकर साफ निर्देश दिए गए कि ढक्कन लगाने में इस्तेमाल किया जा रहा सीमेंट, रेत और बजरी का मिश्रण पूरी तरह उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए, ताकि बरसात के मौसम में निर्माण कमजोर होकर टूट-फूट का शिकार न हो।

निरीक्षण टीम ने स्वयं सभी ढक्कनों तथा निर्माण सामग्री—सीमेंट, रेत और बजरी की मात्रा—की जांच की, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी या लापरवाही की गुंजाइश न रहे। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े इन कार्यों में गुणवत्ता से समझौता किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इसके साथ ही एंट्री गेट पर बढ़ते कूड़ा फेंकने के मामलों पर भी चर्चा की गई। लोगों को जागरूक करने और उचित व्यवस्था बनाकर जल्द समाधान निकालने पर सहमति बनी, ताकि एंट्री गेट साफ-सुथरा और आकर्षक दिख सके। प्रतिनिधियों ने कहा कि वार्ड को बेहतर और स्वच्छ बनाने के लिए सभी निवासियों का सहयोग बेहद जरूरी है।

अब नगर परिषद प्रधान उदयवीर सिंह ढिल्लों के निर्देश पर मजबूत और टिकाऊ गोल ढक्कन मंगवाए गए हैं। पार्षद ने कहा कि गोल ढक्कन वार्ड 27 में लगाया जा रहे हैं, जिससे लोगों को इस समस्या से स्थाई राहत मिलेगी।

स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद जीरकपुर के प्रधान सरदार उदयवीर सिंह ढिल्लों, वार्ड नंबर 27 की पार्षद रेणु नेहरू एवं समाजसेवी पवन नेहरू का धन्यवाद भी किया। पवन नेहरू ने कहा कि नई सामग्री बेहतर गुणवत्ता वाली है और लंबे समय तक चलने वाली है।

# भाकियू सिद्धूपुर जथेबंदी पनबस और पीआरटीसी कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी है : जसपाल सिंह भांखरपुर

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर पनबस और पीआरटीसी कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ा है और ज़रूरत पड़ने पर प्रदेश अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल और काका कोटड़ा के नेतृत्व में कोई भी संघर्ष करने के लिए तैयार है। यह विचार डेराबस्सी हलके से भाकियू सिद्धूपुर के ब्लॉक कन्वीनर जसपाल सिंह भांखरपुर ने पनबस और पीआरटीसी कर्मचारियों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शनों से निकली आम आदमी पार्टी सरकार अब अपने खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों से बेचैन है और हर दिन प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि किलोमीटर स्कीम की बसें लगाने का विरोध कर रहे पनबस और पीआरटीसी कर्मचारियों पर किए गए लाठीचार्ज की वह निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए कर्मचारियों को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए और कर्मचारियों की मांगों को बिना देर किए हल करने के लिए मीटिंग बुलाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आज के विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों की पगड़ी खींचने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कर्मचारियों की मांगों पर तुरंत ध्यान नहीं दिया गया तो उनका संगठन पनबस और पीआरटीसी कर्मचारियों के साथ मिलकर संघर्ष तेज करेगा।

# पंजाब राज्य अंतर-विश्वविद्यालय युवा महोत्सव आज से अमृतसर में : परमिंदर सिंह गोल्डी

पहली बार विरासती गत्तका को भी चार दिवसीय प्रतियोगिताओं में शामिल किया गया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार की ओर से पंजाब राज्य अंतर-विश्वविद्यालय युवा मेला गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें राज्यभर की 32 विश्वविद्यालयों से 2500 से अधिक विद्यार्थी सांस्कृतिक, कला, गायन, नृत्य आदि की विभिन्न उत्साहपूर्ण प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

पंजाब युवा विकास बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी ने यह जानकारी आज यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान साझा की। इस अवसर पर उनके साथ पंजाब के युवा सेवाएं विभाग के उप निदेशक कुलविंदर सिंह तथा बोर्ड के सदस्य संजीव चौधरी और नवलदीप सिंह भी उपस्थित थे।

उन्होंने बताया कि इस यूथ फेस्टिवल में कुल 51 प्रकार की सांस्कृतिक, संगीतक एवं कलात्मक गतिविधियाँ शामिल की गई हैं। इस राज्य-स्तरीय महोत्सव में पहली बार सिख युद्धकला 'गत्तका' को भी शामिल किया गया है। विभिन्न विश्वविद्यालयों की गत्तका टीमें यहां अपने युद्धकौशल का प्रदर्शन करेंगी, जिससे इस वार्षिक मेले में एक महत्वपूर्ण और गौरवशाली नया अध्याय जुड़ गया है।

चेयरमैन गोल्डी ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार द्वारा युवाओं के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहलें शुरू की गई हैं तथा अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। इसके अलावा, खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए 'खेडां वतन पंजाब दीयां' जैसे कार्यक्रम राज्यभर में आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस वार्षिक महोत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आपसी तालमेल को मजबूत करना, राज्य की कलात्मक, संगीतक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करना और नई पीढ़ी को ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण धरोहर से जोड़ना है।

उप निदेशक कुलविंदर सिंह ने बताया कि इस मेले के दौरान राज्य की सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों के 2500 से अधिक विद्यार्थी साहित्य, संस्कृति, रंगमंच, संगीत, नृत्य और ललित कलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे।

# कंचनप्रीत की गिरफ्तारी उच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन : कलेर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल ने शनिवार को कहा कि तरनतारन उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार सुखविंदर कौर रंधावा की पुत्री कंचनप्रीत कौर की गिरफ्तारी उच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन है। उन्होंने मामले में हस्तक्षेप करने तथा आज देर शाम निचली अदालत में मामले की सुनवाई होने तक पुलिस रिमांड पर रोक लगाने के लिए अदालत का धन्यवाद किया। शिअद के कानूनी प्रकोष्ठ के प्रमुख अर्शदीप सिंह कलेर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्य के पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उच्च न्यायालय में कंचनप्रीत को चार मामलों में अंतरिम ज़मानत दिये जाने को चुनौती दी है, जबकि उसके खिलाफ दर्ज एक अन्य मामले में गैर-ज़मानती अपराध भी शामिल कर दिये गये थे। उन्होंने कहा, ÷यह स्पष्ट है कि आप सरकार ने बदले की भावना से पुलिस को कंचनप्रीत को गिरफ्तार करने के लिए मजबूर किया है।

कलेर ने कहा, सच्चाई यह है कि चुनाव से पहले उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया था।÷ उन्होंने कहा कि जिन पुलिस अधिकारियों ने कंचनप्रीत के खिलाफ झूठे मामले दर्ज किये और अब उचित नियमों का पालन किये बिना उन्हें गिरफ्तार किया है, वे अवैध कृत्यों के लिए जवाबदेह होंगे। श्री कलेर ने बताया कि उन्होंने आज उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है, जिस पर सुनवाई के दौरान निचली अदालत को निर्देश दिये गये हैं कि कंचनप्रीत के वकील अदालत पहुंचने तक मामले में कोई रिमांड न दिया जाये।

# इंफोर्समेंट टीम के पर काटने की तैयारी में नगर परिषद के अधिकारी

इंफोर्समेंट टीम की वीडियो पोस्ट से बढ़ा विवाद, जितनी जरूरत होती है उतने सेकंड का अपनी सहूलियत के हिसाब से बनाते हैं वीडियो

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** नगर परिषद जीरकपुर की इंफोर्समेंट टीम एक तरफ सोशल मीडिया पर अपनी कार्रवाइयों के वीडियो डालकर अपनी 'कुशलता' का प्रचार कर रही है, वहीं दूसरी तरफ इसी टीम के कामकाज को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। हाल ही में एक पोस्ट वायरल हुई है जिसमें दावा किया गया है कि जिन लोगों की रेहड़ियां सड़क पर से उठाई जाती हैं, उन्हें वापस लेने के बदले उनसे एक एफिडेविट भरवाया जा रहा है। इस एफिडेविट में यह शर्त लिखवाई जाती है कि अगर दोबारा उसी स्थान पर रेहड़ी लगाई गई तो टीम उसे कभी भी उठा सकती है और रेहड़ी मालिक उसे वापस मांगने का हकदार नहीं होगा।

सूत्रों के अनुसार इंफोर्समेंट टीम के कच्चे कर्मचारियों की मिलीभगत का संदेह गहराया है। आरोप है कि यही कर्मचारी अपने स्तर पर कुछ रेहड़ियां समझौते के बाद छोड़ देते हैं। कई मामलों में बिना किसी आधिकारिक आदेश के कार्रवाई और रिहाई दोनों होती हैं, जिससे टीम की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

**अधिकारियों का सख्त रुख—कर्मचारियों पर शिकंजा कसने की तैयारी:** नगर परिषद के अधिकारियों ने अब इन कच्चे कर्मचारियों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी है। सूत्र बताते हैं कि अब तक जब्त किए गए सामान और रेहड़ियों के स्टोर की चाबी इन्हीं कर्मचारियों के पास रहती थी। अब अधिकारी इस चाबी को अपने नियंत्रण में लेने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि किसी भी तरह की हेराफेरी या अनधिकृत रिहाई पर रोक लग सके।

अधिकारियों का यह भी कहना है कि एफिडेविट लेने की प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया है। इसकी जगह सुबह-शाम अभियान के दौरान रेहड़ी वालों से एक साधारण घोषणा पत्र लिया जाएगा, ताकि अनावश्यक कानूनी कागजी कार्रवाई और विवाद खत्म हों।



**दुकानदारों के बोर्डों पर भी जांच—कहां रखे जा रहे, कहां बेचे जा रहे?:** नगर परिषद अधिकारियों ने दुकानदारों के बोर्डों की बरामदगी और उनके उपयोग पर भी संदेह जताया है। हाल के दिनों में बाजारों से भारी संख्या में बोर्ड उतारे गए, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ये बोर्ड कहां रखे गए या कहीं बेचे तो नहीं जा रहे।

अफसरों ने इस संबंध में भी जांच का आदेश देने की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि जब्त सामग्री का पूरा रिकॉर्ड सामने आ सके।

**लोगों का सवाल—कार्रवाई या दिखावा?:** सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करना जहां टीम अपनी उपलब्धियों के तौर पर पेश कर रही है, वहीं जनता का मानना है कि वास्तविक समस्या सड़क पर रेहड़ी लगाने, अवैध कब्जे, और बार-बार की जाने वाली कार्रवाई का कोई स्थायी समाधान न होना है।

**लोग पूछ रहे हैं कि अगर कार्रवाई ईमानदार है, तो एफिडेविट क्यों?** और अगर पारदर्शिता है, तो कर्मचारियों की मिलीभगत की जांच क्यों?

नगर परिषद की आगामी कार्रवाई से यह स्पष्ट होगा कि यह पूरा मामला सिर्फ दिखावे का है या फिर वाकई सिस्टम को सही दिशा देने की कोशिश हो रही है।

**समान उठाते व छोड़ते वक्त क्यों नहीं खींची जाती अधिकारी के साथ फोटो:** जीरकपुर नगर परिषद की इंफोर्समेंट विंग द्वारा जगह-जगह से जब सामान उठाया जाता है लोगों ने प्रश्न उठाया है कि आखिरकार जिस वक्त सामान उठाया और छोड़ा जाता है उस वक्त मौजूद अधिकारी के साथ जिस व्यक्ति का सामान उठाया जाता है उसकी फोटो क्यों नहीं खींची जाती और इस समय सम्मान के बारे वाली पर्ची क्यों नहीं काटी जाती। इंफोर्समेंट टीम के अधिकारियो पर ऐसा ना करने के कारण मिली भगत के आरोप लगाते रहते हैं।

# घाना के हाई कमिश्नर से मिले हरप्रीत संधू, गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर समर्पित पुस्तक एवं विरासत उपहार भेंट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़/नई दिल्ली। घाना के साथ सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत संबंधों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उठाए गए एक सराहनीय कदम में पंजाब के राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू ने भारत में घाना के नव-नियुक्त हाई कमिश्नर एच.ई. प्रो. क्वासी ओबेरी-डांसो से घाना हाई कमिश्न, नई दिल्ली में मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित पुस्तक, नौवें सिख गुरु से संबंधित ऐतिहासिक स्थलों को दर्शाने वाले पावन दृश्य साहित्य का सेट, पंजाबी वर्णमाला से सुसज्जित एक पारंपरिक शॉल तथा पंजाब की समृद्ध संस्कृति को दर्शाती विरासत तलवार भेंट की। यह पहल घाना और पंजाब के बीच वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण क़दम है।

भारत में घाना के हाई कमिश्नर एच.ई. प्रो. क्वासी ओबेरी-डांसो ने पंजाब के राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू द्वारा नौवें सिख गुरु की अतुलनीय शहादत से जुड़े गहरे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को दुनिया तक पहुँचाने के इस विशिष्ट प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल नौवें सिख गुरु द्वारा दिए गए सार्वभौमिक भाईचारे, मानवता और शांति के संदेश को प्रसारित करने में सहायक है।

भारत में घाना के हाई कमिश्नर एच.ई. प्रो. क्वासी ओबेरी-डांसो ने राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू को पंजाब की धार्मिक विरासत को उजागर करने वाले इस सराहनीय कार्य के लिए अपनी शुभकामनाएँ भी दीं। उन्होंने कहा कि यह प्रयास विभिन्न समुदायों को श्री गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं और उनकी अमर शहादत के स्थायी महत्व से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

राज्य सूचना आयुक्त, पंजाब, हरप्रीत संधू ने कहा कि भारत में घाना के हाई कमिश्नर एच.ई. प्रो. क्वासी ओबेरी-डांसो के साथ उनकी यह बैठक सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पंजाब तथा घाना के बीच कूटनीतिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

# जिला परिषद् व ब्लॉक समिति चुनावों को लेकर डेराबस्सी हलके में राजनीतिक सरगर्मियाँ तेज

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी। डेराबस्सी हलके में ज़िला परिषद् और ब्लॉक समितियों के आगामी चुनावों को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा गया है। वोटिंग की तारीख नज़दीक आने के साथ ही सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने अपनी गतिविधियाँ तेज़ कर दी हैं। हलके के विभिन्न हिस्सों में पार्टी नेताओं द्वारा लगातार बैठकों का दौर जारी है, जिनमें चुनाव रणनीति, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जमीनी स्तर पर प्रचार को तेज़ करने पर ज़ोर दिया जा रहा है। इन महत्वपूर्ण चुनावों के लिए 14 दिसंबर को मतदान होगा और परिणाम 17 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने बताया कि ब्लॉक समिति और ज़िला परिषद् चुनावों को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूरी तरह तैयार हैं। पार्टी जिसकी भी टिकट तय करेगी, उसके लिए सभी मिलकर प्रचार करेंगे। विधायक ने कार्यकर्ताओं को पंजाब सरकार की विकास योजनाओं और लोक-हितैषी फैसलों को लोगों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में बड़ी जीत हासिल कर जमीनी स्तर पर पार्टी को और मज़बूत किया जाएगा।

दूसरी ओर विपक्ष से कांग्रेस के हलका इंचार्ज दीपइंदर सिंह ढिल्लों ने दावा किया कि उनकी पार्टी ब्लॉक समिति और ज़िला परिषद् की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने भी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों की शुरुआत कर दी है और बताया कि एक-दो दिनों में उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। उन्होंने सरकारी नीतियों की कमियों और मुद्दों को जनता तक पहुँचाने तथा घर-घर जाकर लोगों को लामबंद करने की रणनीति तैयार की।

शिअद (अकाली दल) के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक एन.के. शर्मा ने भी बताया कि उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए सक्रिय कर दिया है और जल्द ही उम्मीदवारों की सूची घोषित की जाएगी। अकाली दल ग्रामीण मुद्दों, पारंपरिक वोट बैंक और पिछले कार्यकाल के कामों को आधार बनाकर प्रचार तेज़ करने की तैयारी में है।

# महाराजा रणजीत सिंह प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट के कैडेट पारसदीप और युवराज बने भारतीय नौसेना में अधिकारी

अमन अरोड़ा ने दोनों युवा अधिकारियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** एस.ए.एस. नगर (मोहाली) स्थित महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट के दो पूर्व कैडेटों को केरल के एझीमाला में आयोजित भारतीय नौसैनिक अकादमी (आई.एन.ए.) की पासिंग आउट परेड (पी.ओ.पी.) में भारतीय नौसेना में अधिकारी के रूप में कमीशन प्रदान किया गया है। इस परेड का निरीक्षण चीफ़ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, पी.वी.एस.एम., यू.वाय.एस.एम., ए.वी.एस.एम., एस.एम., वी.एस.एम. ने किया। दोनों अधिकारी—पारसदीप सिंह खोसा और युवराज सिंह तोमर—शिक्षित पारिवारिक पृष्ठभूमि से संबंध रखते हैं। फरीदकोट ज़िले के निवासी पारसदीप सिंह खोसा की माता जी.जी.एस. खालसा स्कूल, भलूर की प्रिंसिपल हैं और उनके पिता गुरु नानक मिशन गर्ल्स कॉलेज, बाघापुराणा के डायरेक्टर हैं। जालंधर निवासी युवराज सिंह तोमर भी एक शिक्षित परिवार से आते हैं। उनके पिता डलहौज़ी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल हैं, और माता उसी स्कूल में कोऑर्डिनेटर व मनोवैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि युवराज का छोटा भाई वर्तमान में महाराजा रणजीत सिंह प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है।

पंजाब के रोज़गार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने पारसदीप सिंह खोसा और युवराज सिंह तोमर की इस उत्कृष्ट उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। श्री अरोड़ा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे पूर्ण निष्ठा से देश की सेवा करेंगे और पंजाब का नाम गौरव से ऊँचा करेंगे। महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फ़ोर्सेज प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर मेजर जनरल अजय एच. चौहान, वी.एस.एम. (सेवानिवृत्त) ने इन अधिकारियों को बधाई देते हुए बताया कि इस उपलब्धि के साथ संस्थान के कुल 181 कैडेट अब तक सशस्त्र सेनाओं में कमीशंड अधिकारी बने हैं, जिनमें से 22 कैडेट भारतीय नौसेना में शामिल हुए हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय पंजाब के लोगों की वीरता को देते हुए कहा कि यह पूरे राज्य के लिए गर्व का क्षण है।

## महाराजा रणजीत सिंह प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट में 16वें कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा 4 जनवरी को

मेजर जनरल अजय एच. चौहान ने बताया कि संस्थान में 16वें कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इस संस्थान के माध्यम से एन.डी.ए. में शामिल होने के इच्छुक 10वीं कक्षा के विद्यार्थी 15 दिसंबर, 2025 तक https://recruitment-portal.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स से संबंधित प्रवेश परीक्षा 4 जनवरी, 2026 (रविवार) को आयोजित की जाएगी।

मौसम: अधिकतम 23 डिग्री से. | न्यूनतम 07 डिग्री से.
सूर्योदय 7.01
सूर्यास्त 5.22
सोना 24 कैरेट: 1,26,610.00
चांदी (प्रति किलो): 1,83,000
सेंसेक्स : 85,706.67
अमेरिका : 89.47
कैनेडियन : 63.74
आस्टेलिया : 58.39

दैनिक **अर्थ प्रकाश**
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छतीसगढ़ में प्रसारित




बातों बातों में मन की बात
*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*
झूठ के पांव नहीं होते हैं लेकिन सबसे ज्यादा वही चलता है।


वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 30 नवंबर, 2025 | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष: दशमी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 330 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज ब्रीफ

### उपराष्ट्रपति 30 नवंबर को आएंगे कुरुक्षेत्र

**नई दिल्ली (अप्रस)।** भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 30 नवंबर को हरियाणा के कुरुक्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के 20वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उपराष्ट्रपति की उपस्थिति छात्रों और शिक्षाविदों के लिए एक सम्मान और प्रेरणा का अवसर होगी। उपराष्ट्रपति का यह दौरा केवल एनआईटी कुरुक्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। वे अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन में भी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है और धार्मिक, सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। एनआईटी कुरुक्षेत्र ने भी इस बारे में आधिकारिक एक्स हैंडल पर जानकारी देते हुए कहा था, एनआईटी कुरुक्षेत्र का 20वां कन्वोकेशन 30 नवंबर को होने वाला है।

# आत्मनिर्भर भारत नारा नहीं, 21वीं सदी का राष्ट्रीय संकल्प: सीएम सैनी

- हरियाणा बनेगा भारत की आर्थिक शक्ति का केंद्र
- एक दिसंबर को 1 मिनट गीता पाठ से जुड़ने का किया का आह्वान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 29 नवंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल नारा नहीं, बल्कि 21वीं सदी में भारत को अग्रणी आर्थिक शक्ति बनाने का संकल्प है। मुख्यमंत्री शनिवार को पंचकूला में आयोजित आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन से प्राप्त विचार-मंथन 'विकसित भारतङ्कविकसित हरियाणा' के लक्ष्य को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने और 2030 तक पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है। आत्मनिर्भर भारत का सार है उद्योग, कृषि, शिक्षा, कौशल, तकनीक और व्यापार में स्वावलंबन। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बताए पांच स्तंभ इकोनॉमी, इंफ्रास्ट्रक्चर, सिस्टम, डेमोग्राफी और डिमांड आज राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं। हरियाणा इन सभी स्तंभों को सुदृढ़ करने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है।



स्वयं प्रधानमंत्री हरियाणा को 'भारत का ग्रोथ इंजन' कह चुके हैं।

कृषि क्षेत्र पर बोलते हुए सीएम ने कहा कि हरियाणा ने देश को खाद्यान्न आत्मनिर्भरता दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई है और राज्य अब विविधीकरण, दलहन-तिलहन उत्पादन को बढ़ावा दे रहा है। उद्योग क्षेत्र में 'हरियाणा आत्मनिर्भर पोर्टल' उद्यमियों को योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध करा रहा है। 12 लाख से अधिक एमएसएमई द्वारा 65 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया है तथा 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों के अंतर्गत लगभग 400 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डेमोग्राफी को महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि हरियाणा का लक्ष्य नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले युवा तैयार करना है। 'हरियाणा स्टार्टअप नीति-2022' के बाद राज्य में 9,500 से अधिक स्टार्टअप स्थापित हुए हैं। हाल ही में 22 स्टार्टअप्स को 1.14 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है और 2,000 करोड़ रुपये का 'फंड ऑफ फंड्स' स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डिमांड-सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के लिए हरियाणा अपने एनसीआर क्षेत्र को बड़े लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित कर रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे, फ्रेट कॉरिडोर, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब, ग्रीनफील्ड परियोजनाएं तथा गुरुग्राम की 1000 एकड़ 'ग्लोबल सिटी', आईएमटी सोहना में इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर और हिसार, नारनौल के औद्योगिक क्लस्टर तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। एचआईडीसी द्वारा 10 नए इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप स्थापित करने पर कार्य जारी है।

### स्टार्टअप, एमएसएमई और इंफ्रास्ट्रक्चर में हरियाणा दे रहा राष्ट्रीय योगदान

सीएम सैनी कहा कि 'पदमा कार्यक्रम' के माध्यम से हर ब्लॉक में क्लस्टर स्तर पर औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित हो रहा है। 48 विभागों में 1100 से अधिक गैर-जरूरी नियम समाप्त कर उद्योग-सुलभ माहौल तैयार किया गया है। पिछले 11 वर्षों में 7.66 लाख एमएसएमई स्थापित हुए हैं, जिनसे 39 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं।

### समाज में धर्म, कर्तव्य तथा राष्ट्र निर्माण के संदेश का करें प्रसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस अवसर पर अधिवक्ताओं और उपस्थित जन-प्रतिनिधियों से यह आह्वान किया कि वे 1 दिसंबर को प्रातः 11 बजे एक साथ एक मिनट का गीता पाठ कर गीता जयंती के इस पावन पर्व से स्वयं को जोड़ें और समाज में धर्म, कर्तव्य तथा राष्ट्र निर्माण के संदेश का प्रसार करें। मुख्यमंत्री ने यह उल्लेख भी किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कर्नाटक के उडुपी दौरे के दौरान कुरुक्षेत्र में निर्मित महाभारत विषयक 'अनुभव केंद्र' का विशेष रूप से जिक्र किया है और देशवासियों से अपील की है कि वे अवश्य इस अद्वितीय केंद्र का अवलोकन करें।

# पंजाब के इतिहास में सबसे बड़े सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए सरकार तैयार: सीएम मान

- 16,209 करोड़ रुपये की लागत से 44,920 किलोमीटर सड़कों के निर्माण कार्य संपूर्ण करने का लिया निर्णय

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 29 नवंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की है कि राज्य सरकार 16,209 करोड़ रुपये की कुल लागत से 44,920 किलोमीटर सड़कों के निर्माण के लक्ष्य के साथ पंजाब के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा सड़क निर्माण कार्य शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने अगले वर्ष के अंत तक पंजाब के सभी गांवों, कस्बों और शहरों में कुल 16,209 करोड़ रुपये की लागत से 44,920 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य पूरा करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन सड़कों के निर्माण में विश्व-स्तरीय मानकों और सुरक्षा नियमों का पालन हो, और इसके लिए निर्माण के साथ पांच वर्षों की रख-रखाव की अनिवार्य शर्त भी जोड़ी जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस कदम से राज्य में परिवहन सुचारू होगा और ग्रामीण अवसंरचना को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार पहले ही 4,092 करोड़ रुपये की लागत से 19,373 किलोमीटर ग्रामीण लिंक सड़कों का निर्माण करा चुकी है। इस वर्ष बाढ़ के कारण कई क्षेत्रों में सड़कों को भारी नुकसान हुआ था, परन्तु सरकार ने कठिन परिश्रम से इस परियोजना को पूरा किया और ग्रामीण लिंक सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में भी पाँच वर्ष की रख-रखाव शर्त जोड़ी गई है, जो एक मिसाल है। इसके साथ-साथ सड़कों पर उचित दिशा-सूचक तथा अन्य आवश्यक सुविधाएँ भी सुनिश्चित की जाएँगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी ओर से यह मांग थी कि सड़क निर्माण में उच्च गुणवत्ता मानकों को बरकरार रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पंजाब के लोगों की बेहतर सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी के तहत पंजाब सरकार ने पीएमबी, पीडब्ल्यूडी, शहरी स्थानीय निकायों सहित कई एजेंसियों और जनप्रतिनिधियों को इस राज्यव्यापी अभियान से जोड़ा है। राज्य सरकार ने पंजाब की सभी सड़कों का विस्तृत सर्वेक्षण कराकर उनकी मरम्मत और उन्नयन की जरूरी सूची तैयार की है। अब लक्ष्य है कि अगले वर्ष के अंत तक 16,209 करोड़ की लागत से 44,920 किलोमीटर सड़कों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित है।

एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री फ्लाइंग स्क्वॉड सड़कों की गुणवत्ता की नियमित निगरानी कर रहा है और घटिया सामग्री उपयोग की शिकायतें मिलने पर कई ठेकेदारों के अनुबंध रद्द भी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि कोई भी ठेकेदार या कर्मचारी घटिया काम में लिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अभी तक केंद्र से आर डी एफ का एक भी रुपया नहीं मिला है और पंजाब सरकार यह पूरा निर्माण अपने संसाधनों से कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई गैंगस्टर किसी नागरिक को नुकसान पहुँचाता है या कोई अपराध करता है, तो उसे यह समझ लेना चाहिए कि उसे कड़े सबक सिखाए जाएँगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार गैंगस्टरों के खिलाफ ÷जीरो टॉलरेंस÷ नीति पर काम कर रही है और उनके नापाक इरादों को सफल नहीं होने देगी।

शेष पेज-4 पर



### बाढ़ राहत के रूप में केंद्र से एक पैसा भी प्राप्त नहीं हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने 1,600 करोड़ के विशेष पैकेज में से एक भी रुपया पंजाब को नहीं दिया और पंजाब भाजपा नेतृत्व इस बारे में झूठ फैला रहा है। जो भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि फंड जारी किए गए हैं, उन्हें समझना चाहिए कि यह केंद्र की नियमित योजनाओं के फंड हैं, जो पंजाब को वैसे भी मिलते—चाहे बाढ़ आई होती या नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता बिना कारण श्रेय ले रहे हैं, जबकि कोई विशेष पैकेज जारी नहीं हुआ है।

### मौत पर शोक व्यक्त करना राजनीति है तो बार-बार करेंगे: सीएम मान

भगवंत मान ने चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पहले इंडिया अंगेस्ट क्रप्शन एनजीओ चलाते थे तो कहते थे राजनीति में आओ। अब राजनीति में आए हैं तो कहते हैं राजनीति करते हैं। भगवंत मान ने नायब सैनी का नाम लिए बगैर कहा कि ध्यान भटकाने की बजाए स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का सुधार करो। दो बच्चों की मौत पर अफसोस करने के लिए उनके घर जाना राजनीति है तो वह ऐसी राजनीति बार-बार करेंगे। भगवंत मान ने कहा कि उन्होंने रोहतक में हरियाणा की नहीं पूरे देश के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात की थी। वर्ष 2010 के कॉमनवेल्थ गेम में भारत की किरकिरी हो चुकी है। 2030 में न हो इसके लिए सरकार को अभी से सुधार करने होंगे। भगवंत मान ने दीपेंद्र हुड्डा का पक्ष लेते हुए कहा कि स्टेडियम में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कांग्रेस के सांसद ने 12 लाख 20 हजार रुपये की ग्रांट दी थी। विपक्ष का सांसद होने के कारण उनकी ग्रांट खर्च नहीं की गई और अपनी तरफ से पैसा दिया नहीं गया। परिणाम स्वरूप दो बच्चों की मौत हो गई।

### सभी कर्मचारी काम पर लौटें और सरकार से बातचीत करें

पीआरटीसी कर्मचारियों की हड़ताल पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने अपील की कि सभी कर्मचारी काम पर लौटें और सरकार से बातचीत करें। उन्होंने कहा कि सरकार सभी मुद्दों को हल करने के लिए ईमानदार प्रयास कर रही है और कुछ मामले अदालतों में लंबित हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को जनता की सुविधा को देखते हुए आंदोलन समाप्त कर देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार पीआरटीसी कर्मचारियों की समस्याओं को समझती है और उनके समाधान के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि पंजाब सरकार जल्द ही 900 नई सरकारी बसें अपने बेड़े में शामिल करेगी, जिससे जनता को बेहतर परिवहन सुविधाएँ मिलेंगी। राज्य की शांति भंग करने की कोशिश कर रहे गैंगस्टरों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को अपनी गतिविधियाँ तुरंत बंद कर देनी चाहिए और उन्हें पंजाब के सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुँचाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# लुधियाना की फैक्ट्री में बॉयलर फटा, एक की मौत

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में साइकिल पार्ट्स फैक्ट्री में बॉयलर फटने से एक कर्मचारी की मौत हो गई। जबकि एक घायल हुआ है। धमाका इतना जोरदार था कि कर्मचारी घबराकर बाहर की ओर भागे। आसपास के लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी।

सिविल डिफेंस वॉलंटियर रोहित ने बताया कि उन्होंने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को फॉलो किया था। आगे पहुंचकर देखा तो फैक्ट्री में आग लगी हुई थी और लोग बाहर निकल चुके थे। मौके पर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल था, जिसे उन्होंने बाहर निकालकर बचाया, जबकि दूसरा व्यक्ति मौके पर ही मौत का शिकार हो गया।

एसीपी ने बताया कि अजीत साइकिल फैक्ट्री में आग लगी है, जो कि चार मंजिला इमारत है। हादसे में रजत नाम के 60 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। उनकी बॉडी को सिविल अस्पताल भेजा जा रहा है। आग लगने के कारणों की अभी जांच की जा रही है।

# समराला में मिले गुटका साहिब के अंग

अर्थप्रकाश नेटवर्क

**लुधियाना।** लुधियाना के समराला में भरथला रोड पर गुटका साहिब के अंग बिखरे हुए मिले। इसके अलावा वहां पर कुछ धार्मिक तस्वीरें भी फेंकी मिली। जैसे ही सिख संगठनों को इस बारे में पता चला तो वो मौके पर पहुंच गए। गुटका साहिब के अंगों को देखकर वहां पर माहौल तनाव पूर्ण बन गया। मौके पर पहुंचे स्टूडेंट दमदमी टकसाल के भाई सुखविंदर सिंह खालसा ने बताया कि उन्हें किसी ने सूचना दी कि भरथला रोड पर गुटका साहिब के अंग बिखरे पड़े हैं। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही वो मौके पर पहुंचे। उसके बाद उन्होंने अंगों को देखा और अन्य लोगों के साथ मिलकर अंगों को उठाया। उन्होंने बताया कि जो अंग बिखरे थे, उसमें सुखमणि साहिब और आनंद साहिब के अंग थे। इसके अलावा धार्मिक तस्वीरें भी जमीन पर मिली हैं। शिरोमणि कमेटी की तरफ से गुरुद्वारा चरण कंवल साहिब के मैनेजर की लीडरशिप में आई टीम ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।









# दिल्ली ब्लास्ट : चार मुख्य आरोपियों की एनआईए रिमांड 10 दिन बढ़ी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। कोर्ट ने शनिवार को दिल्ली ब्लास्ट के चार आरोपियों की एनआईए रिमांड को 10 दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। इसके बाद एनआईए की टीम सभी को कोर्ट से अपने साथ ले गई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी अब उनसे आतंकी मॉड्यूल की फंडिंग, प्लानिंग और विदेशी लिंक के बारे में राज उगलवाएगी। अदालत ने डॉ. मुजम्मिल गनी, अदील राथर, शाहिना सईद, मौलवी इरफान अहमद वागे को पहले भी 10 दिन की रिमांड पर भेजा था। इससे पहले 20 नवंबर को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी सफलता मिली थी। एजेंसी ने चार और आरोपियों- डॉ. मुजम्मिल, डॉ. शाहीन सईद, मुफ्ती इरफान अहमद और आदिल अहमद को गिरफ्तार किया था। उन्हें दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें एनआईए की कस्टडी में भेज दिया गया था।

एनआईए ने अदालत से आरोपियों की 15 दिन की हिरासत की मांग की थी ताकि उनसे पूछताछ कर पूरे मॉड्यूल को बेनकाब किया जा सके। हालांकि, कोर्ट ने चारों आरोपियों को 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजने का आदेश दे दिया था। एनआईए के अनुसार, आरोपियों ने ब्लास्ट की प्लानिंग और उसे अंजाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लाल किला मेट्रो स्टेशन के नजदीक हुए इस ब्लास्ट में कई निर्दोष लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। एजेंसी ने इससे पहले इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आमिर राशिद अली, जिसके नाम पर धमाके में इस्तेमाल की गई कार रजिस्टर्ड थी और जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश, जिसने आतंकी को तकनीकी सहायता प्रदान की थी, शामिल थे। इन दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और एनआईए इस पूरे आतंकी मॉड्यूल की गहन जांच कर रही है। हमले की जांच केंद्र गृह मंत्रालय द्वारा एनआईए को सौंपी गई थी। इसके बाद से एजेंसी विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर इस मॉड्यूल से जुड़े हर सदस्य का पता लगाने और उसे न्याय के कठघरे में लाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

# गीता जीवन जीने का मार्ग और शांति का स्रोत : केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

## गीता मनीषी स्वामी ज्ञानन्द महाराज के सानिध्य में हुआ संत सम्मेलन, देश भर से आए संत-महापुरूष हुए शामिल

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा




**कुरुक्षेत्र, 29 नवंबर।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गीता जीवन जीने का मार्ग और शांति का स्रोत है। कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर महाभारत के युद्ध के मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का संदेश दिया था। यह सन्देश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उस काल में था। उन्होंने कहा कि युद्ध के मैदान में दिया शांति का स्रोत ही गीता को दुनिया में एक अद्वितीय ग्रंथ बनाता है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शनिवार को ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में आयोजित संत सम्मेलन में बोल रहे थे। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, जूनागढ़ अखाड़े के महामंडलेश्वर अवधेशानंद महाराज, दिनेशानंद महाराज, कपिल मुनि महाराज, गोपाल दास महाराज, शिव कुमार स्वामी, भैया जी महाराज, भूपेंद्र सिंह महाराज, संपूर्णानंद महाराज सहित अन्य संत-महापुरुष उपस्थित रहें। मुख्य अतिथियों व सभी संत महापुरुषों द्वारा दीप प्रज्वलित कर और पवित्र ग्रन्थ गीता का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह महोत्सव भारत के विभिन्न राज्यों और विदेशों में भी आयोजित किया जा रहा है। जिससे गीता के उपदेश विश्व भर में पहुंच रहे है। इसके साथ ही अब हरियाणा के हर जिले में भी तीन-तीन दिन गीता महोत्सव मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के लिए गीता के संदेश प्रासंगिक है। कर्तव्य का पालन करना ही राजनीति का सार है। यदि हम अपने धर्म का पालन करेंगे तो अपने आप सब ठीक होगा। उन्होंने कहा कि समाज को साथ लेकर काम करना राजनीतिक क्षेत्र के लोगों का धर्म है, और चुनाव भी युद्ध की तरह ही होता है, जहाँ न्याय की विजय सुनिश्चित करना ही लक्ष्य होता है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गीता का ज्ञान स्थिर मन और निर्णय लेने के लिए आवश्यक है। उन्होंने संत समाज और समाज के प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे गीता के संदेश को केवल कुरुक्षेत्र तक सीमित न रखकर, सर्वव्यापी बनाएं ताकि यह हर व्यक्ति के जीवन को ऊंचा उठाने के लिए उपयोगी बन सके।

जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर अवधेशानंद स्वामी ने कहा कि धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर आयोजित किया कार्यक्रम वैश्विक पहचान बन चुका है। किसी पावन धरा से भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था जो पूरे विश्व के लिए, शांति का संदेश था। गीता में मोक्ष प्राप्ति की बात है जो हमें ईश्वर से जोड़ती है गीता योग का मूल ग्रंथ है आज से विश्व भर में मान्यता मिल रही है।

संत सम्मेलन में आए शिवकुमार स्वामी, भैया जी महाराज, लोकेश मुनि महाराज, शंकराचार्य महाराज, भूपेंद्र सिंह महाराज, संपूर्णानंद महाराज सहित सभी संत महापुरुषों ने भी अपने विचार रखें।

इस अवसर पर उनके साथ पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा सरस्वती विरासत विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा, केडीबी के कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया, केडीबी सदस्य विजय नरुला, डा. एमके मोदगिल, कैप्टन अमरजीत सिंह, अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, मेला प्राधिकरण के सदस्य डा. अवनीत वडैच, सौरभ चौधरी, डा. अलकेश मोदगिल, राजेश शांडिल्य, डा. संदीप छाबड़ा, रोशन बेदी, संजय चौधरी, जितेंद्र अहलावत, हरमेश सिंह, प्रधान गुरनाम सिंह सैनी पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा, डा.ऋषिपाल मथाना, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### गीता का उपदेश मानवता का शाश्वत ज्ञान: पुष्कर सिंह धामी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर भगवान कृष्ण द्वारा दिया गीता का उपदेश मानवता का शाश्वत ज्ञान है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र अब केवल एक क्षेत्र नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय गीता की भूमि के रूप में प्रतिष्ठित हो गया है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिया यह उपदेश आज भी मानवता को सही दिशा देने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड सरकार देवभूमि की संस्कृति और पारंपरिक धरोहरों को सहजने का काम कर रही है उत्तराखंड में प्रतिदिन स्कूलों में गीता के एक श्लोक का पाठ अनिवार्य किया गया है और इसे पाठ्यक्रम में भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सभी धार्मिक धरोहरों को सजाया जा रहा है, और राज्य समान नागरिक संहिता लागू किया गया है उन्होंने आह्वान किया कि इस कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए ताकि नई पीढ़ी को उनके सांस्कृतिक मूल्यों और जड़ों से दोबारा जोड़ा जा सके।

### गीता केवल एक धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि योग शास्त्र, ब्रह्मविद्या और मानव मनोविज्ञान की सर्वश्रेष्ठ कृतिः धर्मेन्द्र सिंह लोधी

मध्य प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि गीता केवल एक धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि योग शास्त्र, ब्रह्मविद्या और मानव मनोविज्ञान की सर्वश्रेष्ठ कृति है। उन्होंने कहा कि आज से लगभग 5000 वर्ष पूर्व मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी के दिन, कुरुक्षेत्र की इसी रंगभूमि में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अर्जुन के मोह और विषाद से घिर जाने पर जिस अमृतमयी वाणी का उद्घोष किया। उन्होंने गीता को सर्वकालिक, सार्वभौमिक और सार्वभौम बताते हुए कहा कि यह प्रबंधन, मनोविज्ञान, नेतृत्व, नैतिकता और आध्यात्म का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है उन्होंने सभी से यह संकल्प लेने का आवाहन किया कि गीता को केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि अपने जीवन का मार्गदर्शक बनाएं, ताकि एक समृद्ध, विजयी और धर्मपरायण समाज का निर्माण हो सके।

### गीता में समाहित ज्ञान में ही विश्व शांति और सद्भावना का मार्ग निहितः स्वामी ज्ञानानंद महाराज

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता में समाहित ज्ञान में ही विश्व शांति और सद्भावना का मार्ग निहित है। यह हमें द्वेष, भय और मोह से मुक्त होकर समभाव से जीवन जीने की शिक्षा देती है, जो वैश्विक एकता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हमें गीता के उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करना ही गीता के सार का सच्चा अनुसरण है। उन्होंने कहा कि 1 दिसम्बर को केशव पार्क में वैश्विक गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 21 हजार बच्चे एक साथ गीता पाठ करेंगे। सुबह 11 बजे 1 मिनट एक साथ गीता का पाठ किया जाएगा।

# भाजपा सरकार में आसमान छू रही महंगाई ने तोड़ी हर वर्ग की कमर : रामचंद्र गुर्जर

## कहा- गरीब परिवारों के हकों पर डाका डालना बंद करें सरकार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 29 नवंबर।** कांग्रेस कमेटी कैथल जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि देश भर में खाद्य तेलों के दाम पिछले कई महीनों से लगातार बढ़ रहे हैं, जिसके कारण आम उपभोक्ता की रसोई का खर्च काफी बढ़ गया है। आसमान छू रही महंगाई व रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों में वृद्धि ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर कर दी है। जनता को राहत देना सरकार की जिम्मेदारी है, न कि उनकी मुश्किलें बढ़ाना। कांग्रेस हरियाणा के लोगों की बुलंद व प्रचंड आवाज बनकर इस मुद्दे को संसद, विधानसभा व सडक़ तक पूरे जोर-शोर से उठा रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं गण्यमान्य लोगों से रूबरू होने के बाद ढांड में बातचीत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार आम जनता को परेशान करने का कोई मौका नहीं छोडऩा चाहती है। एक और सरकार दावा कर रही है कि महंगाई कम हो रही है जबकि महंगाई के चलते रसोई का बजट बिगड़ चुका है। उन्होंने कहा कि गरीबों के हितों की बात करने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बीपीएल परिवारों के हकों पर डाका डालकर राशन कार्ड काटने का सिलसिला लगातार जारी रखें हुए है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब महंगाई पहले ही लोगों की आय की तुलना में तेज गति से बढ़ रही है। बीपीएल परिवार पहले से ही खाद्य, गैस सिलेंडर, दालों और सब्जियों की बढ़ी कीमतों के कारण परेशान हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने राज्य सरकार से मांग की है कि बीपीएल परिवारों को के हकों पर डाला डालना बंद करें, महंगाई पर रोक लगाई जाए, जरूरतमंद परिवारों के लिए विशेष महंगाई राहत पैकेज लागू किया जाए।

## भाजपा की विकासपरक नीतियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दी नई दिशाः सतीश सिरटा

**कैथल (ओम प्रकाश)।** मार्केट कमेटी कैथल के चेयरमैन सतीश शर्मा सिरटा ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के लिए जो निरंतर कदम उठाए हैं, उनके सकारात्मक परिणाम आज धरातल पर साफ दिखाई दे रहे हैं। वे शनिवार को कमेटी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पूर्व ब्राह्मण समाज के लोगों ने चेयरमैन सतीश शर्मा सिरटा का स्वागत भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में सरकार ने विकास को प्राथमिकता देते हुए योजनाएँ लागू की हैं। ई-नाम जैसी पारदर्शी व्यवस्थाएँ, मंडियों में बुनियादी ढांचे का विस्तार और तकनीक के उपयोग ने कृषि क्षेत्र को नई सोच और नई राह दी है। सतीश शर्मा सिरटा ने बताया कि मंडियों में सफाई, रोशनी, तुलाई, सुरक्षा और भुगतान प्रणाली को मजबूत करते हुए मार्केट कमेटी लगातार सुधार कर रही है। किसानों को उपज बेचने के बाद समय पर भुगतान, ऑनलाइन पंजीकरण और पारदर्शी कार्यप्रणाली ने मंडी में विश्वास बढ़ाया है।

## पेज-1 का शेष
### पंजाब के इतिहास...

हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा दिवंगत खिलाड़ी हार्दिक राठी के परिवार से मिलने को राजनीति कहे जाने पर भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे खेल प्रेमी हैं और परिवार के दुख में सहभागी होने के लिए गए थे। किसी खिलाड़ी के परिवार से मिलना राजनीति नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए बेबुनियाद आरोप लगा रही है, क्योंकि हरियाणा में खेल अवसंरचना बेहद खराब स्थिति में पहुँच चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि खराब खेल सुविधाओं के कारण राज्य के दो होनहार खिलाड़ियों ने हाल ही में अपनी जानें गंवाई हैं। जब भारत 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारी कर रहा है, तब हरियाणा में कमजोर खेल ढाँचा खिलाड़ियों की जान ले रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा को दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

कुराली बस अड्डे के सुबह के दौरे के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे जनता को हो रही समस्याओं का प्रत्यक्ष जायज़ा लेने गए थे। उन्होंने बताया कि रूपनगर के डिप्टी कमिश्नर को स्थानीय और लंबी दूरी की बस सेवाओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यह दौरा कमियाँ खोजने के लिए नहीं, बल्कि लोगों की सुविधा के लिए किया गया था।


**COURT NOTICE**
**IN THE COURT OF Ms. Manmeet Kaur Ghuman**
**Judicial Magistrate - 1st Class Panchkula**
**CNR No.: HRPK03-004624-2020**
**Next Date: 03-01-2026 at 10:00 a.m**
**M/s Amaira Renewable Company Vs. J.S. Sidhu**
Complaint Under Section 138 of Negotiable Instruments Act
NOTICE TO:
J.S. Sidhu Prop. of M/s Voltech Power India, SCO-2, Palam Enclave, Near Lottery Bazaar, Zirakpur, Tehsil Derabassi, Distt. SAS Nagar, Punjab, Pin code 140603
2nd Address –
Jaspal Singh S/o Late Sh. Arjun Singh resident of H.No.292, Ward No.1, VPO Bhabat, Zirakpur, Distt. SAS Nagar, Mohali, Punjab, proprietor of M/s Voltech Power India
In above titled case, the accused could not be served. It is ordered that accused should appear in person or through counsel on 03-01-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://high-courtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Panchkula
**Judicial Magistrate – 1st Class Panchkula**
**Dated, this day of 28-11-2025**



**सार्वजनिक सूचना**
इस नोटिस के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका एलनाबाद रिकॉर्ड में प्रोपर्टी नम्बर ENB/W09/0040 (NEW PID NO 6MHU88M3) कि पुराने रिकॉर्ड अनुसार केवल राम उर्फ केवल कृष्ण पुत्र श्री राजा राम के नाम दर्ज है जिनकी दिनांक 03.09.2023 को मृत्यु हो चुकी है। मेरे दादा राजा राम पुत्र जगु राम की मृत्यु दिनांक 17.12.2002 को व दादी महादेवी पत्नी राजा राम की मृत्यु दिनांक 30.10.1995 को हो चुकी। इनके जायज वारसान पटवारी व तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार प्रोपर्टी नम्बर 6MHU88M3 ललिता रानी विधवा, अभिषेक कुमार पुत्र, अक्षय कुमार पुत्र केवल राम उर्फ केवल कृष्ण पुत्र राजा राम है। अगर इससे संबंधित किसी आमजन को कोई ऐतराज है तो वह अपना ऐतराज नगरपालिका ऐलनाबाद कार्यालय में इस नोटिस प्रप्ति के 30 दिन के अन्दर-अन्दर ऐतराज दर्ज करवा सकता है।
प्रार्थी अभिषेक कुमार पुत्र श्री केवल राम निवासी वार्ड न0 09, ऐलनाबाद सिरसा।
सौजन्य से :- सचिव नगरपालिका ऐलनाबाद।



# केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

## ई-नीलामी बिक्री सूचना

**वसूली एवं विधिक अनुभाग, परिमंडल कार्यालय, द्वितीय तल, सेक्टर 34-ए, चंडीगढ़**
**दूरभाष सं. 0172-2602431, 2663733, ई-मेल rlcochd@canarabank.com**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2), 8(6) एवं (9) के अधीन ई-नीलामी के माध्यम से चल/अचल संपत्तियों की बिक्री सूचना**

**ईएमडी प्राप्ति की अंतिम तिथि 18.12.2025 को सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की तिथि: 19.12.2025 को प्रात: 11.30 बजे से दोप. 12.30 बजे**
**(बिक्री के समापन तक 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित)**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल संपत्तियों का प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के प्रवर्तन तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के प्रावधानों के अधीन कब्जा प्राप्त किया गया है, जिनकी निम्नलिखित नियम एवं शर्तों पर ई-नीलामी द्वारा बिक्री की जाएगी। सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस लि. द्वारा वेबसाईट https://baanknet.com/ के माध्यम से ई-नीलामी का प्रबंध किया गया है। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए केनरा बैंक की वेबसाइट (www.canarabank.com) पर प्रदान किए गए ''ई-नीलामी' लिंक का संदर्भ लें।

| क्र. सं. | शाखा का नाम/ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता | संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण | निर्दिष्ट तिथि पर कुल देयताएं | आरक्षित कीमत (रु. में) | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (रु. में) | खाता संख्या का विवरण / आईएफएससी कोड / कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केनरा बैंक, एसएआरएम चंडीगढ़ शाखा, श्री मनोज एस.आर., सहायक महाप्रबंधक, दूरभाष: 0172-2601664, 8727971300 ई-मेल: cb5220@canarabank.com ऋणी:- (1) मेसर्स कुमार मेगा मॉल (प्रोपराईटर-श्री संदीप सिंगला), एससीओ 166, अनाज मंडी, सेक्टर 26, चंडीगढ़, (2) श्री संदीप सिंगला (प्रोपराईटर), एससीओ 166, अनाज मंडी, सेक्टर 26, चंडीगढ़। गारंटर:-श्री हिमांशु सिंगला, एससीओ 166, अनाज मंडी, सेक्टर 26, चंडीगढ़, गारंटर/मोर्टगेजर:-श्रीमती निशा सिंगला, एससीओ 166, अनाज मंडी, सेक्टर 26, चंडीगढ़। | क्र.सं. 3624 दिनांक 13.09.2018 पर पंजीकृत, हस्तांतरण विलेख के अनुसार श्रीमती निशा सिंगला पत्नी श्री संदीप सिंगला (प्रथम एवं द्वितीय तल) के नाम में वाणिज्यिक संपत्ति एससीएफ सं. 112, अनाज मंडी, सेक्टर-26, चंडीगढ़ (50% हिस्सा अर्थात प्रथम एवं द्वितीय तल) की ईएमटी। | 31.10.2025 को कुल देयताएं: रु. 6,36,89,693.53 जमा 01.11.2025 से उस पर उपार्जित ब्याज एवं आगामी ब्याज तथा उस पर लागत, खर्चे। | Rs. 2,80,00,000/- | Rs. 28,00,000/- | 209272434 / CNRB0005220 / प्रतीकात्मक कब्जा |

अन्य नियम एवं शर्तें- बिक्री निम्नलिखित शर्तों से तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्दिष्ट शर्तों का विषय होगी। **ए.** ई-नीलामी ''जैसा है जहां है एवं जो है जैसा है' आधार पर आयोजित की जाएगी। **बी.** बैंक के रिकार्ड के अनुसार संपत्ति के अंतर्गत स्थानीय स्वयं सरकार की बकाया देय राशि बैंक को ज्ञात नहीं है, इसलिए इस हेतु सूचना प्राप्त नहीं हुई है। खरीददार देय, यदि कोई हो, की अदायगी करने हेतु जिम्मेदार होगा। **सी.** नीलामी/बोली केवल वेबसाईट https://baanknet.com/ के माध्यम से 'ऑनलाईन विद्युत बोली' के माध्यम से की जाएगी। बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाईट के माध्यम से जाने का परामर्श दिया जाता है। **डी.** संपत्ति का निरीक्षण प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व अनुमति के साथ **10.12.2025** एवं **11.12.2025** को सायं 03.00 बजे से सायं 5.00 बजे के मध्य किया जा सकता है। **ई.** संपत्ति आरक्षित कीमत से कम में नहीं बेची जाएगी तथा प्रतिभागी बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया के दौरान अपने प्रस्ताव सुधार सकते हैं। **एफ.** अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री उक्त वर्णित तिथि एवं समय पर वेबसाइट https://baanknet.com/ पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपना मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आईडी उपयोग करते हुए पोर्टल (https://baanknet.com/) पर पंजीकृत होने का निवेदन किया जाता है (क्रेता पंजीकरण लिंक वेबसाईट के होम पेज पर प्रदान किया गया है)। आगे इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंजीकरण और ई-केवाईसी पूरा करना और बैंक विवरण जोड़ने का निवेदन किया जाता है। एक बार पंजीकरण और ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूरा हो जात है तो इच्छुक बोलीदाता/क्रेता ईएमडी अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व ईएमडी राशि जमा करेंगे। कृपया नोट करें कि ईएमडी राशि https://baanknet.com/ पर बनाए गए केवल ई-वॉलेट में हस्तांतरित की जाएगी। ई-वॉलेट में निधि/राशि जमा करने की प्रक्रिया निम्नानुसार है: (i) 'ई-वॉलेट' में निधि/राशि जमा करने की विधि ऑनलाईन है अर्थात https://baanknet.com/ से चालान जनरेट करने के पश्चात अथवा भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाईन है। (ii) पंजीकरण, ई-केवाईसी और ई-वॉलेट में निधि/राशि का हस्तांतरण अग्रिम में पूरा किया जाना है। केवल उनके ई-वॉलेट में पर्याप्त निधि/राशि होने के पश्चात इच्छुक बोलीदाता ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व ईएमडी का भुगतान करने में सक्षम होंगे। यदि प्रस्ताव एक से अधिक संपत्ति हेतु है तो बोलीदाता ई-वॉलेट प्रत्येक संपत्ति के लिए ईएमडी के समान राशि जमा करेगा। यदि राशि ईएमडी राशि के बराबर ई-वॉलेट में उपलब्ध नहीं है तो सिस्टम ईएमडी जमा करने की अनुमति नहीं देगा। (iii) इच्छुक बोलीदाता आरक्षित कीमत की 10 प्रतिशत की ईएमडी राशि 18.12.2025 को सायं 5.00 बजे अथवा पूर्व में जमा करेगा। **जी.** इच्छुक बोलीदाता पोर्टल https://baanknet.com/ पर अपना नाम पंजीकृत करे और नि:शुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। भावी बोलीदाता सेवाप्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा. लि., कारपोरेट कार्यालय:- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेल: support.BAANKNET@psballiance.com से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। **एच.** असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी Ebkray.in (मेसर्स पीएसबी एलायंस लि.) के साथ बनाए गए संबंधित ई-वॉलेट में वापस कर दी जाएगी। इसके पश्चात बोलीदाता अपने पंजीकृत खाते में ई-वॉलेट से निधि/राशि निकाल सकते हैं। कृपया नोट करें कि ईएमडी पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा। **आई.** इच्छुक बोलीदाता पोर्टल https://baanknet.com/ पर अपना नाम पंजीकृत करें और नि:शुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। भावी बोलीदाता सेवाप्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा.लि., कारपोरेट कार्यालय:- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेल: support.BAANKNET@psballiance.com से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। **जे.** असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी Ebkray.in (मेसर्स पीएसबी एलायंस लि.) के साथ बनाए गए संबंधित ई-वॉलेट में वापस कर दी जाएगी। इसके पश्चात बोलीदाता अपने पंजीकृत खाते में ई-वॉलेट से निधि/राशि निकाल सकते हैं। कृपया नोट करें कि ईएमडी पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा। **के.** नीलामी उक्त वर्णित आरक्षित कीमत से प्रारंभ की जाएगी। बोलीदाता अपने प्रस्ताव में रु.1,00,000/- के गुणज में सुधार कर सकते हैं। बोलीदाता 'ऑनलाईन' नीलामी के समापन पर उच्चतम बोली (जो आरक्षित कीमत से कम न हो) प्रस्तुत करेंगे, उन्हें सफल बोलीदाता के तौर पर घोषित कर दिया जाएगा। बिक्री की पुष्टि सफल बोलीदाता के पक्ष में की जाएगी, जो सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा इसकी पुष्टि का विषय होगा। **एल.** सफल बोलीदाता के तौर पर घोषित होने पर तत्काल बिक्री राशि का 25 प्रतिशत (पहले से अदायगी की गई ईएमडी सहित) जमा करेगा तथा शेष राशि सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर अदायगी की जाएगी। यदि सफल बोलीदाता उक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर बिक्री राशि की अदायगी करने में असफल होगा तो उसके द्वारा जमा की गई राशि बिना कोई सूचना दिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त की जाएगी तथा संपत्ति की पुन: बिक्री की जाएगी। **एम.** कन्वेयंस, स्टैंप ड्यूटी तथा पंजीकरण प्रभार आदि हेतु सभी प्रभार लागू अनुसार केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे। **एन.** जब संपत्ति की बिक्री को विचारा जाएगा 50.00 लाख उक्त सफल बोलीदाता की बिक्री प्रक्रिया पर @1% टीडीएस की स्त्रोत पर कटौती की जाएगी और फार्म 26 क्यूबी में चालान प्रस्तुत करके इसे जमा करवाया जाएगा और बैंक को टीडीएस प्रमाण पत्र की मूल प्रति जमा करनी होगी। **ओ.** चल संपत्ति की बिक्री उस पर लागू जीएसटी और उक्त बिक्री मूल्य का विषय अधीन है। **पी.** प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों को बदलने अथवा स्थगित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। **क्यू.** अधिक जानकारी के लिए केनरा बैंक, एसएआरएम, चंडीगढ़ शाखा या सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा. लि., कारपोरेट कार्यालय:- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेल: support.BAANKNET@psballiance.com से या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com से संपर्क करें। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए केनरा बैंक की वेबसाइट (www.canarabank.com) पर प्रदान किए गए ''ई-नीलामी' लिंक का संदर्भ लें।

**विशेष निर्देशन/सावधानी**
बोलीदाता द्वारा अपने हित में अंतिम मिनट/क्षण में बोली से बचें। बोलीदाता अथवा वेंडर की ओर से इस प्रकार के मामलों में न तो केनरा बैंक और न ही सेवा प्रदाता किसी लैप्स/असफलता (इंटरनेट असफलता, पावर असफलता आदि) हेतु जिम्मेदार होगा। वार्डऑफ तथा फुटकर स्थिति से क्रम में बोलीदाता को सभी वांछित प्रबंध/विकल्प जैसेकि बैकअप, पावर सप्लाई करने का निवेदन किया जाता है तथा जिससे वह इस प्रकार की परिस्थितियों से बचने में सफल हों तथा सफलतापूर्वक नीलामी में भाग लेने हेतु सक्षम हों।

**15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना (यथासंशोधित प्रतिभूति हित नियम 2002 के अनुसार)**
**दिनांक: 29.11.2025** **स्थान: चंडीगढ़** **प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक**



## रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप-मुख्य मकेनिकल अभियंता/फर्निशिंग प्रोग्रेस द्वारा निविदा सं. आरसीएफ-एमईसीएच-पीएस-जीबी-25-26 के अंतर्गत ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। अंतिम तिथि/समय: 23.12.2025 को प्रात: 10:30 बजे। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ केवल अंतिम तिथि और समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे और प्राप्त किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। **ए. निविदा सं.:** आरसीएफ-एमईसीएच-पीएस-जीबी-25-26; **बी. कार्य का नाम:** एलएचबी कोचिज की गार्नेट ब्लास्टिंग **सी. अनुमानित लागत:** रुपये 98,10,000/-; **डी. बोली प्रतिभूति/धरोहर राशि:** रु.1,96,200/-: **ई. समापन अवधि:** 18 माह: **एफ. निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 23.12.2025 को 10:30 बजे, **जी. वेबसाइट विवरण;** https://www.ireps.gov.in; **पात्रता मानदंड:** (ए) तकनीकी पात्रता मानदंड: (i) निविदादाता ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, जिसमें निविदा आमंत्रित की जाती है, उससे पहले के माह के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले कार्य की निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक को सफलतापूर्वक पूरा किया हो या काफी हद तक पूरा किया हो: (ii) तीन समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% के बराबर राशि से कम नहीं हो, या (iii) दो समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% के बराबर राशि से कम नहीं हो, या (iv) एक समान कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% के बराबर राशि से कम नहीं हो। **(ख) वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदादाता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या वी, जो भी कम हो, होना चाहिए; जहाँ; वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ों रुपये में; एन = कार्य पूरा होने के लिए निर्धारित वर्षों की सं. जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना पिछले तीन वित्तीय वर्षों में 'कुल संविदात्मक भुगतानों' के औसत के रूप में, लेखापरीक्षित बैलेंस शीट के अनुसार की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का बैलेंस शीट अभी तैयार/लेखापरीक्षित नहीं हुआ है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखापरीक्षित बैलेंस शीट पर विचार किया जाएगा।

**उप सीएमई/एफयूआरएन**



भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत उप सीई/आरसीएफ द्वारा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अंतिम तिथि क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए 23/12/2025 प्रात: 11:00 बजे और क्रम सं. 3 से 6 के लिए दिनांक: 24.12.2025 प्रात: 11:00 बजे। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल अंतिम तिथि और समय तक ही जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के लिए निविदा दस्तावेज की लागत और धरोहर राशि का भुगतान केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान विधियों के माध्यम से करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से मैन्युअल भुगतान की अनुमति नहीं है। अनुबंध प्रकार: कार्य: निविदा सं. (1) आरसीएफ-सीई-डब्ल्यूए-ईओटी-35-25-26 निविदा सं. (2) आरसीएफ-सीई-डब्ल्यूए-ईओटी-36-25-26: निविदा सं. (3) 1. आरसीएफ-सीई-डब्ल्यूए-ईओटी-37-25-26, 2. आरसीएफ-सीई-डब्ल्यूए-ईओटी-38-25-26, 3. आरसीएफ-सीई-डब्ल्यूए-ईओटी-39-25-26, 4, आरसीएफ-सीई-डब्ल्यूए-ईओटी-40-25-26; कार्यों का नाम: (1) आरसीएफ, कपूरथला के वर्कशॉप क्षेत्र में एम्बेडेड ट्रैक और सीमेंटेड फर्श का निर्माण, कैंटिलीवर बीम का विस्तार, एल्यूमीनियम केबिन का प्रावधान, स्टोर शेड, सीएमटी लैब का विस्तार आदि कार्यों का नाम: (2) आरसीएफ, कपूरथला में डीपीआरएस टेस्टिंग बे (166एम एक्स 32एम) का विस्तार। कार्य का नाम: (3) 1. वर्ष 2026 के लिए टाइप- I, II, III और सर्विस बिल्डिंग और नर्सरी में बागवानी कार्यों की देखभाल और रखरखाव। 2. टाइप- IV और V क्षेत्र ज़ोन 2026 में बागवानी कार्यों की देखभाल और रखरखाव। 3. वर्ष 2026 के लिए क्रिकेट स्टेडियम और वेस्ट कॉलोनी में क्रिकेट पिच, ग्राउंड और अन्य बागवानी कार्यों की देखभाल और रखरखाव। 4. वर्ष 2026 के लिए पार्कलैंड में बागवानी कार्यों की देखभाल और रखरखाव (विशेष नियमों और शर्तों के अनुसार)। खोलने की तिथि: (1×2) 23/12/2025 प्रात: 11:05 बजे; (3) 24/12/2025 प्रात: 11:05 बजे; निविदा बंद करने की तिथि और समय: (1×2) 23/12/2025 प्रात: 11:00 बजे; (3) 24/12/2025 प्रात: 11:00 बजे बोली प्रारंभ होने की तारीख: (1×2) 09/12/2025; (3) 10/12/2025 विज्ञापित मूल्य: (1) रु. 6,05,49,812.72 (2) रु. 12,97,21,714.58, (3) 1. रु. 1,47,46,120.89, 2. रु. 2,10,46,001.54; 3. रु. 91,99,272.06, 4. रु. 69,16,023.23; प्रस्ताव की वैधता: (1 से 3) 60 दिन; बोली लगाने की शैली: (1 से 3) प्रत्येक अनुसूची के लिए एकल दर; पूर्णता अवधि: (1) 10 माह (2) 08 माह, (3) क्रम सं. 01 से 04-12 माह, धरोहर राशि: (1) रू. 4,52,800.00 (2) रू. 7,98,700.00, (3) 1. रू. 2,23,800.00, 2. रू. 2,55,300.00, 3. रू. 1,84,000.00, 4. रू. 1,38,400.00, निविदा दस्तावेज लागत; (1 एवं 2) रू. 0.00; (3) 1. रू. 5,900.00, 2. रू. 11,800.00, 3. रू. 5,900.00, 4. रू. 5,900.00; टिप्पणी: निविदाएं खोलने के बाद निविदादाता से प्राप्त प्रमाण-पत्र/दस्तावेजों पर उप मुख्य अभियंता को संज्ञान नहीं दिया जाएगा।

**उप सीई**

**सं. 104-एम/2025-26** **दिनांक: 29.11.2025**






**ਗਰੇਟਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ ਗਲਾਡਾ, ਕੰਪਲੈਕਸ, ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ ਰੋਡ ਲੁਧਿਆਣਾ।**

ਪਲਾਟ ਨੰ. 2046, ਫੇਜ-1, ਦੁਗਰੀ, ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਤਬਦੀਲ ਸ੍ਰੀ ਨਰਿੰਦਰ ਵਡੇਰਾ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਪਿੰਡੀ ਦਾਸ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸਰੋਜ ਵਡੇਰਾ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਨਰਿੰਦਰ ਵਡੇਰਾ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਇਸ ਦਫਤਰ ਦੇ ਪੱਤਰ ਨੰ. 321 ਮਿਤੀ 14.01.1994 ਰਾਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ। ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀ ਨਰਿੰਦਰ ਵਡੇਰਾ ਦੀ ਮੌਤ ਹੋਣ ਉਪਰੰਤ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੇ 1/2 ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਾਲਕੀ ਉਹਨਾਂ ਦੇ ਵਾਰਸ 1. ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸਰੋਜ ਵਡੇਰਾ (ਪਤਨੀ) 2. ਸਾਹਿਲ ਵਡੇਰਾ (ਪੁੱਤਰ), 3. ਪੂਜਾ ਢਟਾਲੀ (ਪੁੱਤਰੀ), 4. ਸਵੇਤਾ ਵਡੇਰਾ (ਪੁੱਤਰੀ) ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਇਸ ਦਫਤਰ ਦੇ ਪੱਤਰ ਨੰ. 680 ਮਿਤੀ 14.02.2020 ਰਾਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ।
ਹੁਣ ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸਰੋਜ ਵਡੇਰਾ (62.5 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ) ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਨਰਿੰਦਰ ਵਡੇਰਾ ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 06.02.2022 ਨੂੰ ਹੋ ਚੁੱਕੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਉਹਨਾਂ ਦੇ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸਾਹਿਲ ਵਡੇਰਾ ਨੇ ਉਹਨਾਂ ਦੇ ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਵਾਉਣ ਲਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਜੋ ਕਿ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਲੁਧਿਆਣਾ (South) ਦੇ ਦਸਤਾਵੇਜ਼ ਨੰ. 2021-22/103/3/335 ਮਿਤੀ 04.02.2022 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰ ਹੈ ਅਤੇ ਹੋਰ ਦਸਤਾਵੇਜ਼ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਹਨ ਜੋ ਕਿ ਇਸ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ।
ਇਸ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ ਰਾਹੀਂ ਪਬਲਿਕ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਵੀ ਵਿਅਕਤੀ ਨੂੰ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਾਲਕੀ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਵੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ਼ ਇਸ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਦੇ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਿਤ ਹੋਣ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-2 ਲਿਖਤੀ ਤੌਰ ਤੇ ਇਸ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਪੇਸ਼ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇੱਥੇ ਇਹ ਵੀ ਸਪੱਸ਼ਟ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਕਿ ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜ਼ ਤੇ ਕੋਈ ਕਾਰਵਾਈ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ ਤੇ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੇ 62.5 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਸ੍ਰੀ ਸਾਹਿਲ ਵਡੇਰਾ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਨਰਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ ਵਡੇਰਾ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।
ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ,
ਗਲਾਡਾ, ਲੁਧਿਆਣਾ।



**ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ।**

ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਫਾਇਹੀ ਨੰ. 441764 ਮਿਤੀ 30-04-2025 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰਾਂ ਵਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪਲਾਟ ਨੰ: 1426, ਫੇਜ਼-3 ਬੀ 2, ਸੈਕਟਰ 60, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਮਾਲਕ Jagdish Mitter Chopra S/o R. L. Chopra R/o #1426, Phase-3b2, Mohali ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 07-09-2022 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਕੁਲਜੀਤ ਸਿੰਘ ਬੇਦੀ,ਮਿਊਂਸਪਲ ਕੌਂਸਲਰ, ਵਾਰਡ ਨੰ: 8, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਵਲੋਂ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਅਨੁਸਾਰ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ :-
1. ਚੰਦਰ ਕਿਰਨ ਪਤਨੀ
2. ਵਿਸ਼ਾਲ ਚੋਪੜਾ ਪੁੱਤਰ
ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਵਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 1426, ਫੇਜ਼-3 ਬੀ 2, ਸੈਕਟਰ 60, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਸਰਟੀਫਿਕੇਟ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤੇ ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਲਈ ਇਸ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਅਪਲਾਈ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ।ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਉਕਤ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ਼ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜ਼ਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਕੁਲਜੀਤ ਸਿੰਘ ਬੇਦੀ, ਮਿਊਂਸਪਲ ਕੌਂਸਲਰ, ਵਾਰਡ ਨੰ: 8, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਵਲੋਂ ਡਿਕਲੇਅਰ ਕੀਤੇ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰ: 1426, ਫੇਜ਼-3 ਬੀ2, ਸੈਕਟਰ 60, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਲਾਭਪਾਤਰੀਆਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।
ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ(ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ



Khadi India
(सार्वजनिक सूचना)
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य कार्यालय,खादी और ग्रामोद्योग आयोग (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय,भारत सरकार),103ए,दी मॉल रोड, अम्बाला छावनी (हरियाणा) द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के अन्तर्गत राज्य स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन:
दिनांक: 1 दिसम्बर 2025, समय 11:00 सुबह स्थान: गाँव ठेही,खण्ड सरस्वती नगर,जिला यमुनानगर (हरियाणा)
प्रायोजक:राज्य कार्यालय,खादी और ग्रामोद्योग आयोग(सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार), 103ए, दी मॉल रोड,अम्बाला छावनी (हरियाणा)
आयोजक:जीवन ज्योति,गाँव ऊँचा चन्दना,खण्ड सरस्वती नगर,जिला यमुनानगर (हरियाणा)



## खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, औढा (सिरसा)

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कालांवाली, खंड औढा, जिला सिरसा में स्थित उपमण्डल अधिकारी (ना.) कालांवाली की पार्किंग को व्यवस्थित रूप से चलाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की प्रक्रिया दिनांक 05.12.2025 को खंड कार्यालय औढ़ा में दोपहर 1:00 बजे पूर्ण की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता दिनांक 04.12.2025 तक अपनी निविदा खंड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।
**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, औढा (सिरसा)**

# ओटीएस योजना पर चंडीगढ़ में भड़का जनाक्रोश

# आम नागरिक ठगे, वीआईपी डिफॉल्टरों को मिली करोड़ों की राहत

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 29 नवंबर।** म्युनिसिपल कार्पोरेशन की हाउस मीटिंग में 28 नवंबर को पारित की गई नई वन-टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना शहर में बड़ा विवाद खड़ा कर रही है। आम नागरिकों, सामाजिक समूहों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों ने इस योजना को खुलेआम पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण करार दिया है। उनका आरोप है कि इस स्कीम में गरीब, विधवाएं, सिंगल मदर्स, वरिष्ठ नागरिक, रिटायर्ड फौजी और नाबालिग प्रॉपर्टी मालिक जैसे कमजोर वर्गों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। इसका सिर्फ चुनिंदा संस्थाओं को फायदा, आवासीय मालिक बाहर हो गए हैं।

ओटीएस योजना का लाभ केवल चैरिटेबल, धार्मिक, स्पिरिचुअल संस्थाओं, सरकारी विभागों और स्वायत्त निकायों को दिए जाने पर लोगों ने कड़ी नाराज़गी जताई है। आम आवासीय प्रॉपर्टी मालिकों को इस राहत से दूर रखे जाने पर सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि जिन संस्थाओं को लाभ दिया गया है, वे मोटा दान लेने के अलावा गेस्ट हाउस, हॉल बुकिंग सहित कई कमर्शियल गतिविधियों से कमाई करती हैं। वहीं सरकारी और अर्ध-सरकारी विभाग जनता के पैसे से चलते हैं, फिर भी उनके बड़े-बड़े बकाया टैक्स को निपटाने के लिए छूट दे दी गई।




शहर में करीब 200 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा इन्हीं बड़े वीआईपी डिफॉल्टरों का बताया जा रहा है। आलोचकों का कहना है कि यह ओटीएस योजना असल में इन विलफुल डिफॉल्टरों के लिए 'फेस-सेविंग एक्सरसाइज' साबित हो रही है, जबकि आम करदाता को कोई लाभ नहीं मिला।

### मांग- सरकारी विभागों के बजट से काटकर सीधे एमसी को मिले बकाया

नागरिकों ने चंडीगढ़ प्रशासन और केंद्र सरकार से मांग की है कि जिन सरकारी, अर्ध-सरकारी और स्वायत्त संस्थाओं ने वर्षों से प्रॉपर्टी टैक्स नहीं चुकाया, उनके वार्षिक बजट से टैक्स की बकाया राशि काटकर सीधे एमसी को दी जाए। लोगों का कहना है कि ऐसा करने से संदेश जाएगा कि कानून सबके लिए समान है।

### लोग बोले—पंजाब सरकार की ओटीएस से सीख लेनी चाहिए थी

कई शहरवासियों का कहना है कि पंजाब सरकार ने अपनी ओटीएस स्कीम में सभी वर्गों को शामिल कर राहत दी थी। चंडीगढ़ एमसी को भी ऐसा ही करना चाहिए था, ताकि आम नागरिकों और कमजोर वर्गों को भी राहत मिलती। उनकी राय में, मौजूदा ओटीएस योजना सिर्फ प्रभावशाली और बड़े डिफॉल्टरों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई गई लगती है।

### जनता में आक्रोश, विरोध की तैयारी

ओटीएस योजना के खिलाफ शहरवासियों में भारी रोष है। कई नागरिक संगठन और आरडब्ल्यूए आने वाले दिनों में इस भेदभावपूर्ण फैसले के विरोध में आवाज उठाने की तैयारी कर रहे हैं। आरटीआई कार्यकर्ता व सेकंड इनिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके गर्ग ने स्कीम को पक्षपात पूर्ण बताते हुए कहा कि केवल डिफॉल्टर इस स्कीम से लाभान्वित होंगे, घरेलू उपभोक्ताओं पर भी पंजाब की तर्ज पर स्कीम लागू करनी चाहिए थी। जो अग्रिम भुगतान प्रॉपर्टी टैक्स का करे उसे अच्छी खासी छूट मिलनी चाहिए।

# रोज गार्डन के शौचालय में खून से लथपथ मिली महिला की लाश

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

शव के पास चाकू पड़ा मिला
मौके पर डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल/ऑपरेशन सैल की टीमें मौजूद

**चंडीगढ़, 29 नवंबर।** चंडीगढ़ के सेक्टर-16 स्थित रोज गार्डन में एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। युवती यहां पब्लिक टॉयलेट के अंदर खून से लथपथ हालत में प?ी हुई थी। उसका गला कटा हुआ है। साथ ही उसकी लाश के पास ही एक छोटा चाकू भी पड़ा मिला है। माना जा रहा है कि युवती का गला बेरहमी से कटा हुआ था। मृतक युवती की पहचान दीक्षा (उम्र करीब 30 साल) के रूप में हुई है। वह चंडीगढ़ से बाहर की रहने वाली



बताई जा रही है।वहीं मौके पर पहुंची पुलिस भी शुरुवाती जांच में हत्या की आशंका ही जता रही है। सीएफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सबूत एकत्र किए हैं। पुलिस ने युवती की लाश कब्जे में लेकर सेक्टर-16 के सरकारी अस्पताल में भेज दी है। जहां युवती का पोस्टमार्टम किया जाएगा।और रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता चल पाएगा।मौके पर पुलिस की जांच-प?ताल जारी है। पुलिस ने पब्लिक टॉयलेट के आसपास घेराबंदी की हुई है। मामले की सूचना पाते ही डीएसपी सेंट्रल दलबीर सिंह भिंडर,डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल के इंचार्ज इंस्पेक्टर जसपाल सिंह भुल्लर और उनकी टीम/ऑपरेशन सैल मौके पर पहुंची थी। और मामले को लेकर हर एंगल से जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### पर्स बरामद, दो मोबाइल और डिप्रेशन की गोलियां बरामद

मृतक महिला के पास से पुलिस को एक पर्स भी बरामद हुआ है, जिसमें दो मोबाइल फोन के अलावा डिप्रेशन की गोलियां बरामद हुई हैं। हालांकि इस मामले में एसएसपी कंवरदीप कौर ने कहा कि मामले की हर ऐंगल से जांच की जा रही है।

### एल कैमिस्ट में चल रहा था इलाज

पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक महिला दीक्षा, जो फेस 11 के एक मकान में पीजी रहे रही थी।, वह इंडस्ट्रियल एरिया फेस दो में स्थित एक बडी एप चौपाल में काम कर रही थी। हालांकि चौपाल के अधिकारियों को इसने एक हफ्ते की छुट्टी ली थी। वह शनिवार दोपहर 2 बजे वहां से निकली है और उसके बाद शाम करीब 4:00 बजे इसकी लाश खून से लथपथ, रोज गार्डन चंडीगढ़ में मिली है अब सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर यह हत्या है या फिर आत्महत्या, लेकिन पुलिस की प्राथमिक जांच में यह आत्महत्या का मामला नजर आ रहा है। बाकी पुलिस की इन्वेस्टिगेशन और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा।

**रोज गार्डन में महिला का शव मिलने से, सुरक्षा पर बड़ा सवाल:** चंडीगढ़ में रोज गार्डन एक मशहूर जगह है और यहां सिर्फ शहर के लोग ही नहीं बल्कि बाहर से घूमने वाले लोग भी यहां आते हैं। मसलन रोज गार्डन में हर रोज काफी चहल-पहल रहती है। खासकर वीकेंड पर लोगों की संख्या यहां और ज्यादा देखी जाती है। ऐसे में वीकेंड पर यहां एक युवती की बाथरूम में खून से लथपथ लाश मिलना और उसका गला कटा होना। यह अपने आप में सनसनीखेज है। और साथ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल है।

# ईसीआई नेट ऐप को बेहतर बनाने हेतु सुझाव मांगे, 27 दिसंबर तक भेज सकेंगे नागरिक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 29 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने अपने नए डिजिटल मंच ईसीआईनेट को और अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए देशभर के नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। आयोग ने लोगों से आग्रह किया है कि वे ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड करें और उसमें उपलब्ध 'सुझाव भेजें। विकल्प के माध्यम से अपने सुझाव भेजें। सुझाव भेजने की समय-सीमा 27 नवंबर 2025 से 27 दिसंबर 2025 तक तय की गई है।

ईसीआईनेट ऐप का परीक्षण संस्करण बिहार विधानसभा चुनाव 2025 तथा हाल ही में सम्पन्न उप-चुनावों के दौरान सफलतापूर्वक उपयोग में लाया गया। इस नए डिजिटल मंच ने मतदाताओं को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराई, मतदान प्रतिशत रुझान तुरंत उपलब्ध कराए, और मतदान समाप्त होने के मात्र 72 घंटे के भीतर इंडेक्स कार्ड जारी करना संभव बनाया—जबकि पहले इसमें कई सप्ताह या महीनों का समय लग जाता था।

बिहार चुनावों के अनुभवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ), निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (इआरओ), प्रेक्षकों एवं फील्ड अधिकारियों से मिली प्रतिक्रियाओं के आधार पर प्लेटफॉर्म को और उन्नत किया जा रहा है। प्राप्त सुझावों का मूल्यांकन कर आवश्यक सुधार ऐप में शामिल किए जाएंगे।

ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म का आधिकारिक शुभारंभ जनवरी 2026 में प्रस्तावित है।

मतदाता सेवाओं को सुदृढ़ करने और निर्वाचन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से ईसीआईनेट ऐप का विकास मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, तथा चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस ऐप के विकास कार्य की शुरुआत 4 मई 2025 को इसकी घोषणा के बाद हुई थी।

ईसीआईनेट एक एकीकृत मंच है, जो पहले उपयोग में आने वाले लगभग 40 अलग-अलग चुनाव-सम्बंधी ऐप्स एवं वेबसाइटों—जैसे मतदाता हेल्पलाइन ऐप (वोटर हेल्पलाइन ऐप), सी-विजिल, सक्षम, मतदान रुझान ऐप (पोलिंग ट्रेंड्स), अपने उम्मीदवार को जानें (नो योर कैंडिडेट)—को एक ही इंटरफेस पर उपलब्ध कराता है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर दोनों पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### अंडर-12 टूर्नामेंट में सिम्मी इलेवन चैंपियन, विहान 'मैन ऑफ द सीरीज़'

**चंडीगढ़ (अप्रस/साजन)।** सैक्टर-102, मोहाली स्थित क्रीको क्रिकेट अकादमी में आयोजित चार दिवसीय अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में सिम्मी इलेवन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में क्रीको क्रिकेट इलेवन उपविजेता रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रीको इलेवन की टीम 21वें ओवर में 100 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिम्मी इलेवन ने संयमित अंदाज़ में खेलते हुए 23वें ओवर में जीत हासिल कर ली। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सिम्मी इलेवन के खिलाड़ी विहान को 'मैन ऑफ द सीरीज़' चुना गया। इसके अलावा सर्वोत्तम बल्लेबाज़ का पुरस्कार सरवीर, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ दरीशा, बेस्ट फील्डर आरव शर्मा, बेस्ट विकेटकीपर शरेष्ठ और बेहतरीन ऑलराउंडर का खिताब रीहान को मिला। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता पंजाब एस.सी. कमीशन के चेयरमैन गुरप्रीत सिंह जी.पी. ने की, जबकि सुबह मैच का उद्घाटन सेवा-मुक्त पीसीएस अधिकारी डॉ. बलबीर सिंह ढोल ने किया। तिकोणी श्रृंखला का आयोजन अकादमी के निदेशक, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी सिमरणजीत सिंह सिम्मी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कोच सुखविंदर सिंह टिंकू द्वारा किया गया। समारोह में डॉ. जोगिंदर सिंह, नंबरदार बलकार सिंह, नंबरदार हर्नेक सिंह, पिंड सुधार सोसायटी के प्रधान गुरजीत सिंह, सेवानिवृत्त लेक्चरर नरिंदर सिंह, सेवानिवृत्त एक्सईएन जगराज सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### एमसी ने अटावा और मनीमाजरा में कब्ज़ा हटाया



**चंडीगढ़ (अप्रस/वीरेन्द्र सिंह)।** म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ ने आज गांव अटावा और सेक्टर-13 (मनीमाजरा) में एक खास एंटी-अतिक्रमण और एनफोर्समेंट ड्राइव चलाई, ताकि लंबे समय से गैर-कानूनी तरीके से कब्ज़े वाली पब्लिक जगहों को वापस लिया जा सके। ड्राइव के दौरान, नगर निगम टीमों ने अटावा में चल रहे एक बिना इजाज़त कबाड़ी/कबाड़ डीलर को हटाया और कई डंप किए गए टू-व्हीलर ज़ब्त किए जो लंबे समय से पब्लिक ज़मीन पर कब्ज़ा किए हुए थे। सेक्टर-13 मनीमाजरा में एक पैरेलल ड्राइव में, गैर-कानूनी रेहड़ी वालों, कब्ज़ों और छोड़े गए मोटरसाइकिल/स्कूटर को हटाया गया ताकि लोगों को आने-जाने की आज़ादी मिल सके। अलग-अलग नियमों के उल्लंघन के लिए कुल 27 चालान किए गए, जिनमें गैर-कानूनी वेंडिंग, पब्लिक जगह पर बिना इजाज़त कब्ज़ा और गलत डंपिंग शामिल हैं। स्ट्ट चंडीगढ़ ने पब्लिक जगहों पर डिसिप्लिन बनाए रखने का अपना वादा दोहराया और चेतावनी दी कि शहर में हर तरह के एनक्रोचमेंट और रुकावट के खिलाफ सख्त एक्शन जारी रहेगा।

# डॉ. अर्पित गुप्ता को मशहूर आईएपीएचडी सिल्वर जुबली एंडोमेंट अवॉर्ड 2025 मिला

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 29 नवंबर।** पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में बेहतरीन एकेडमिक और रिसर्च लीडरशिप दिखाते हुए चंडीगढ़ के पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई) के ओरल हेल्थ साइंसेज सेंटर में एडिशनल प्रोफेसर, डॉ. अर्पित गुप्ता को मणि भाग्यलक्ष्मी आईएपीएचडी सिल्वर जुबली एंडोमेंट अवॉर्ड ङ्क 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित नेशनल अवॉर्ड पूरे भारत में सबसे ज़्यादा रिसर्च आउटपुट वाले पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री फैकल्टी मेंबर को दिया जाता है। डॉ. गुप्ता को मैंगलोर में हुए इंडियन एसोसिएशन ऑफ़ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के 29वें नेशनल कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया गया।डॉ.



गुप्ता को यह पहचान उनके शानदार और लगातार रिसर्च परफॉर्मेंस से मिली है।जो इन चीज़ों से दिखती है।जाने-माने नेशनल और इंटरनेशनल जर्नल्स में हाई-इम्पैक्ट साइंटिफिक पब्लिकेशन एक शानदार इंडेक्स, जो उनके काम के असर और साइटेशन की ताकत को दिखाता है। इंडियन काउंसिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च और मिनिस्ट्री ऑफ़ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया जैसी बड़ी नेशनल और इंटरनेशनल एजेंसियों से मिले कॉम्पिटिटिव रिसर्च ग्रांट,पेटेंट सहित इनोवेशन, जो ओरल हेल्थ में टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट में उनके योगदान को दिखाते हैं।और जाने-माने साइंटिफिक जर्नल्स में अहम एडिटोरियल रोल यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड पीजीआई में बढ़ती रिसर्च एक्सीलेंस को दिखाता है। जहाँ फैकल्टी मेंबर तेज़ी से इनोवेशन को बढ़ावा दे रहे हैं।ग्लोबल साइंटिफिक बातचीत में योगदान दे रहे हैं। और अपने असरदार काम से इंस्टीट्यूशन का नाम रोशन कर रहे हैं। डॉ. गुप्ता की उपलब्धि भारत में एकेडमिक एक्सीलेंस और रिसर्च के एक लीडिंग सेंटर के तौर पर पीजीआईएमईआर की स्थिति को और मज़बूत करती है।

### 24 वर्षीय युवती हेरोइन की सप्लाई करते हुए गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी साउथ वेस्ट डिविजन की थाना मलोया पुलिस ने 24 वर्षीय युवती को हेरोइन की सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सैक्टर 56 निवासी अनमोल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी युवती के कब्जे से 10.41 ग्राम हेरोइन बरामद की। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना मलोया के प्रभारी इंस्पेक्टर जसबीर सिंह की टीम शुक्रवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी।पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने एक आरोपी युवती के कब्जे से हेरोइन बरामद की। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# पीजीआईएमईआर के डारेक्टर ने 11 अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 29 नवंबर।** शनिवार को पीजीआईएमईआर के डारेक्टर प्रो विवेक लाल ने 11 अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए।रविंदर सिंह आईए एंड एएस वित्तीय सलाहकार- ने सेवानिवृत्ति वित्तीय भुगतान पत्र वितरित किए।इस मौके पर प्रो. विपिन कौशल चिकित्सा अधीक्षक लेफ्टिनेंट कर्नल जी. एस. भट्टी अधीक्षक अस्पताल इंजीनियर, प्रो. इंदु वर्मा, प्रमुख, जैव रसायन विभाग; प्रो. रीना दास, प्रमुख, हेमटोलॉजी विभाग; प्रो. मंदीप कांग, रेडियोडायग्नोसिस और इमेजिंग विभाग; प्रो. उषा सिंह, एडवांस आई सेंटर; डॉ. पंकज अनेजा, सहायक निदेशक (राजभाषा); डॉ. प्रदीप



सरकार, मुख्य फिजियोथेरेपिस्ट; जसपाल कौर, मुख्य नर्सिंग अधिकारी; रवि दत्त शर्मा, वरिष्ठ सफाई अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। वही सैनिटेशन डिपार्टमेंट के कई कर्मी रिटायर हुए हैं। जिन्होंने अपनी सेवाएं 22 से 37 साल तक पीजीआई को दी।

# सेक्टर-53 में स्वच्छता नियमों का उल्लंघन: नगर निगम ने 7 बस ऑपरेटरों पर चालान ठोके

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़, 29 नवंबर। नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा शहर में म्यूनिसिपल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के सख़्त पालन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान को और तेज़ कर दिया गया है। इसी क्रम में नगर निगम ने सेक्टर-53 में एक विशेष स्वच्छता एवं नियम लागूकरण ड्राइव चलाई, जिसमें स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले निजी बस ऑपरेटरों के चालान किए गए। ये ऑपरेटर गलत तरीके से कचरा फेंकने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाकर नागरिकों के लिए असुविधा पैदा कर रहे थे।

यह कार्रवाई पिछली शाम स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक तथा स्वच्छता विभाग के निरीक्षकों की निगरानी में की गई।

ड्राइव के दौरान टीम ने गलत ढंग से कचरा फेंकने और सार्वजनिक स्थानों पर अस्वच्छता फैलाने के मामलों में बस चालकों के कुल 7 चालान किए। प्रत्येक उल्लंघन को फोटोग्राफ़ी एवं जियो-टैग किए गए प्रमाणों सहित दर्ज किया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-53 में बसों की अवैध और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण स्वच्छता संबंधी समस्याएँ लगातार सामने आ रही हैं। इसी मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (एसटीए) को एक औपचारिक पत्र भेजा जाएगा, जिसमें बसों की आवाजाही को नियंत्रित करने तथा सही पार्किंग सुनिश्चित कराने में सहयोग की मांग की जाएगी।

नगर निगम ने यह भी कहा कि सोमवार से सेक्टर-53 में विशेष चालान अभियान फिर से शुरू किए जाएंगे, जिनमें एमएसडब्ल्यू नियमों तथा पार्किंग नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस ने चेतावनी देते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता और नागरिक अनुशासन बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाए जाते रहेंगे। किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा नियमों का उल्लंघन किए जाने पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता और नगर निगम इसे और सुदृढ़ करेगा।

आयुक्त ने सभी नागरिकों, परिवहन ऑपरेटरों तथा संबंधित पक्षों से अपील की कि वे शहर को स्वच्छ, स्वास्थ्यकर और अनुशासित बनाए रखने में पूर्ण सहयोग दें।

# अवैध खनन पर छापेमारी: चार टिप्पर व 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, तीन चौकियों की टीमों ने मिलकर की कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 29 नवंबर।** पंचकूला पुलिस ने अवैध माइनिंग के खिलाफ अपना शिकंजा और कसते हुए बीते 24 घंटों में लगातार निगरानी कर चार टिप्पर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनन सामग्री सहित जब्त किए। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज द्वारा पिछले दिनो बुलाई गई हाई लेवल मीटिंग के बाद से लगातार जिलेभर में माइनिंग माफिया और अवैध सामग्री ढोने वाले वाहनों पर पैनी नजर रखने के लिए सभी जोनों में अतिरिक्त गश्त, नाकेबंदी और कैमरा से निगरानी को बढ़ाया गया है।



**मढ़ावाला चौकी की ने की कार्रवाई, 2 टिप्पर इंपाउंड:** बीती रात और आज दोपहर के समय मढ़ावाला चौकी टीम ने लगातार दो बड़ी सफलताएं हासिल कीं। चौकी इंचार्ज भीम सिंह, एएसआई कप्तान सिंह और एएसआई संदीप ने गश्त के दौरान देर रात गांव नानकपुर के पास अवैध खनन सामग्री ले जा रहे टिप्पर को पीछा कर पकड़ा।

इसके अलावा आज दोपहर मढ़ावाला मेन रोड पर एक टिप्पर को अवैध सामग्री के साथ पकड़ा गया। दोनों वाहनों को चौकी में सुरक्षित खड़ा किया गया है।

**बरवाला चौकी ने सुबह-सुबह मारा छापा:** बरवाला चौकी इंचार्ज गुरपाल सिंह ने सुबह के समय एएसआई राजबीर और एसपीओ सुखदेव के साथ विशेष रेड की। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध खनन सामग्री के साथ पकड़ा गया। जिसके बाद वाहन को चौकी में खड़ा कर लिया गया।

**रामगढ़ चौकी की कड़ी निगरानी, दो टिप्पर इंपाउंड:** रामगढ़ चौकी इंचार्ज तजिन्द्र पाल सिंह की अगुवाई में टीम ने बीती रात करीब 8 बजे गांव बिल्ला के पास सड़क पर नाकाबंदी के दौरान दो टिप्पर पकड़े, जिनमें बिना ई-रवाना बिल के अवैध खनन सामग्री ले जाई जा रही थी। टीम द्वारा तुरंत वाहनों को चौकी में खड़ा किया गया।

पांचों वाहनों को कब्जे में लेकर पंचकूला पुलिस ने तुरंत माइनिंग विभाग को रिपोर्ट भेज दी थी, ताकि नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।

> हमारी एंटी इलीगल माइनिंग टीमें के साथ-साथ कैमरा मॉनिटरिंग, नाकों पर फोर्स की तैनाती और लगातार रात-दिन गश्त के कारण बीते 24 घंटे में 4 टिप्पर और 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ने में सफलता मिली है।
>
> **-शिवास कविराज**
> **पुलिस कमिश्नर, पंचकूला**

### चंडीगढ़ में 10 महीनों में 7.12 लाख चालान, 17 करोड़ जुर्माना वसूला

**चंडीगढ़।** शहर में लगाए गए 2,085 हाई-टेक सीसीटीवी कैमरों के बावजूद ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर लगाम कसना चुनौती बना हुआ है। ट्रैफिक पुलिस ने साल 2025 की शुरुआत से 5 नवंबर तक कुल 7,12,000 चालान जारी किए हैं, जिनसे करीब 17 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला गया है। हालांकि राहत की बात यह है कि चालान और जुर्माने की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में घटी है। वर्ष 2024 में 9,91,000 चालान और 26.72 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आधुनिक कैमरों और कड़ी निगरानी के बावजूद लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे। ऐसे में जागरूकता और सख्त कार्रवाई, दोनों की जरूरत है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, नियम उल्लंघनों में सबसे ज्यादा मामले रेड लाइट जंप और ओवर स्पीड के रहे। रेड लाइट जंप: 3,60,251, ओवर स्पीड: 79,068, बिना हेलमेट: 15,311, ट्रिपल राइडिंग: 839, ड्रंक ड्राइविंग: 3,715, अन्य उल्लंघन: 2,73,580। ट्रैफिक पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए भी बड़ी संख्या में चालान जारी किए हैं। पोस्टर्स/फोटोज़ के आधार पर: 40,000, इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स पर शिकायतों से: 5,952, वॉट्सऐप शिकायतों से: 34,055।

सम्पादकीय

# दिल्ली में प्रदूषण के खात्मे को निर्णायक कदम उठाने की जरूरत

देश की राजधानी नई दिल्ली में प्रदूषण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के दो वक्तव्यों पर गौर करना आवश्यक है। एक वक्तव्य बीते वर्ष का है, जिसमें सुप्रीम अदालत ने कहा था कि प्रदूषण में रहना जीवन के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। इसके बाद अगर इस साल की बात करें तो अभी कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी थी कि हमारे पास जादू की छड़ी नहीं है, जोकि प्रदूषण की समस्या का तुरंत समाधान कर दे। निश्चित रूप से यह दोनों टिप्पणियां खेदजनक हैं, इसे स्वीकार करना होगा। आखिर सुप्रीम कोर्ट को यह दोनों टिप्पणियां करने की जरूरत क्यों पड़ी, यह समझे जाने की आवश्यकता है। प्रदूषण का समाधान किसी एक के हाथ में नहीं है और अदालत के हाथ में तो कतई नहीं है। तब क्या किया जाए। दरअसल, यही बात सुप्रीम कोर्ट ने कही है कि इस समस्या का समाधान विशेषज्ञ बताएंगे। हालांकि मुश्किल यही है कि विशेषज्ञ लगातार बता रहे हैं कि देश की राजधानी ही नहीं अपितु देश के दूसरे राज्यों में भी प्रदूषण की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है और हम महज जीडीपी के कम होने की चिंता में घुले जाते हैं। अगर एक देश में प्रदूषण सांसें घोटने लगेगा तो जीडीपी किसी भी तरीके से कितनी भी बढ़े, वह फलदायी नहीं रहेगी। क्योंकि लोगों का जीना ही दुश्वार हो जाएगा तो उस धन-संपदा का क्या।

गौरतलब है कि दिल्ली आज मजबूरी का घर हो गया लगता है। क्योंकि देशभर से लोग इस शहर में नौकरी और रोजगार के लिए आए हैं। यह शहर देश की सत्ता का केंद्र है। संसद यही है, सुप्रीम कोर्ट यही हैं, यहीं पर राष्ट्रपति आवास है और यहीं पर रहकर प्रधानमंत्री देश का शासन संचालित करते हैं। यहां सैकड़ों शिक्षण संस्थान, चिकित्सा केंद्र, सांस्कृतिक केंद्र और सभ्याचार के पालने हैं। दिल्ली देश का गौरव है, क्योंकि इसी नाम से पूरा विश्व हमें परिभाषित करता है। यह शहर वैभवशाली, हरित और व्यवस्थित क्यों नहीं होना चाहिए। हर हाल में होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा, और अब हम यह कहने को मजबूर हैं कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है कि तुरंत समाधान कर दें। देश का विपक्ष भी इस पर राजनीतिक रोटियां सेक रहा है।

वायु प्रदूषण से आजकल दिल्ली शहर के लोगों का जीना दुश्वार हो चुका है। अदालत में एमिकस क्यूरी प्रदूषण समस्या को हेल्थ इमरजेंसी बता रहे हैं, वहीं न्यायाधीश पूछ रहे हैं कि इसका समाधान क्या है। वास्तव में क्या सच में किसी को नहीं पता है कि इसका समाधान क्या है? कहा जाता है कि चीन का बीजिंग शहर एक समय घोर प्रदूषित शहर बन चुका था, लेकिन आज वही शहर दुनिया का सबसे ज्यादा स्वच्छ एवं पर्यावरण की दृष्टि से जीवंत शहर है। दुनिया के दूसरे कई शहरों की ऐसी कहानियां हमारे पास हैं। हमारे पास तो इसकी भी कहानी है कि जापान के क्योटो शहर की तर्ज पर भारत के शहरों को विकसित किया जाने का विचार पाला गया था। हालांकि शर्मनाक यह है कि हमें यमुना नदी में प्रदूषण भी केवल छठ पूजा से पहले ही नजर आता है। उस समय नदी में सफेद झाग हटाने और नदी को साफ करने के लिए तमाम जत्न किए जाते हैं, लेकिन जैसे ही छठ पर्व का अवसान होता है, सभी का ध्यान इधर से हट चुका होता है। दिल्ली में इस बार छठ पूजा पर यमुना नदी के तट पर ही एक अलग कुंड बनाकर उसमें पूजा करवाई गई। अभिप्राय यह है कि क्या प्रदूषण वही है, जोकि हवा में है। जल का प्रदूषण भी हमें ही देखना होगा। और इसके लिए किसी विशेषज्ञ की जरूरत नहीं है, क्योंकि यमुना में दिल्ली और इसके बाद हरियाणा के साथ लगते शहरों से जितना दूषित जल आकर मिलता है, वह इसे प्रदूषित नदी ही बनाता है। यह भी विडम्बना है कि एक राजनीतिक द्वारा नदी के पानी को जहरीला बताने पर इसे चुनाव में मुद्दा ही बना लिया गया था, हालांकि उनके कथन में कुछ भी अनुचित नहीं था। जिस पानी को स्पर्श करते हुए भी मन में शंका पैदा हो, क्या उसे जहरीला नहीं कहा जाएगा।

गौरतलब है कि दिल्ली आज मजबूरी का घर हो गया लगता है। क्योंकि देशभर से लोग इस शहर में नौकरी और रोजगार के लिए आए हैं। यह शहर देश की सत्ता का केंद्र है। संसद यही है, सुप्रीम कोर्ट यही हैं, यहीं पर राष्ट्रपति आवास है और यहीं पर रहकर प्रधानमंत्री देश का शासन संचालित करते हैं। यहां सैकड़ों शिक्षण संस्थान, चिकित्सा केंद्र, सांस्कृतिक केंद्र और सभ्याचार के पालने हैं। दिल्ली देश का गौरव है, क्योंकि इसी नाम से पूरा विश्व हमें परिभाषित करता है। यह शहर वैभवशाली, हरित और व्यवस्थित क्यों नहीं होना चाहिए। हर हाल में होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा, और अब हम यह कहने को मजबूर हैं कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है कि तुरंत समाधान कर दें। देश का विपक्ष भी इस पर राजनीतिक रोटियां सेक रहा है। वह भी प्रधानमंत्री से पूछ रहा है कि हमारे बच्चे हमारे सामने घुट रहे हैं, सरकार चुप क्यों है। दरअसल, प्रदूषण किसी एक वर्ग की समस्या नहीं है और इसे बढ़ाने में भी कोई एक वर्ग जिम्मेदार नहीं है। यह समस्या हाल फिलहाल की भी नहीं है और यह भी तय है कि इसका समाधान तुरंत संभव नहीं है। तब क्या होगा। प्रत्येक वर्ष पराली से चर्चा शुरू होती है और दिल्ली में धूल पर आकर खत्म होने लगती है। वास्तव में इसे अलार्मिंग स्थिति ही मान कर युद्धस्तर पर सख्त कदम उठाने की जरूरत होती है। दुश्मन देश के आक्रमण के समय यह नहीं कहा जाता कि अभी हम लड़ने की स्थिति में नहीं है, जब होंगे तब लड़ेंगे। युद्ध के समय सबसे बेहतरीन निर्णय लेते हुए दुश्मन को मार गिराने की योजना बनाई जाती है। दिल्ली में प्रदूषण अब वैसा ही दुश्मन बन चुका है और उसके खात्मे के लिए सबकुछ छोड़कर पहले उसके लिए काम किए जाने की जरूरत है।

# भारत-कनाडा के रिश्तों में नई गर्माहट बड़े बदलाव का संकेत

भारत और कनाडा के रिश्तों पर पड़ी बर्फ धीरे-धीरे पिघल रही है और दोनों देशों के बीच एक नए विश्वास, सहयोग और साझेदारी का वातावरण आकार ले रहा है। वैश्विक राजनीति के बदलते स्वरूप, व्यापारिक हितों और तकनीकी साझेदारियों की बढ़ती जरूरतों ने दोनों देशों को पुनः संवाद और सहयोग की राह पर लौटने के लिए प्रेरित किया है। जून से शुरू हुआ यह सकारात्मक बदलाव अब व्यापक रूप में दिखाई देने लगा है, जिसका संकेत हाल ही में की गई द्विपक्षीय बैठकों, उच्चस्तरीय संपर्कों और आर्थिक सहयोग की घोषणाओं में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने के लक्ष्य एवं कनाड़ा द्वारा अब नागरिकता के बंद दरवाजे खोलने की घोषणा इस परिवर्तन की गहराई और व्यापकता को रेखांकित करती है। यह लक्ष्य केवल व्यापार बढ़ाने का संकल्प मात्र नहीं है बल्कि यह उस नये दौर की प्रतीकात्मक दस्तक है जिसकी ओर दोनों देश बढ़ रहे हैं और इससे दोनों देशों को फायदा होगा।



पिछले कुछ समय में भारत और कनाडा के रिश्तों में जिस तरह तनाव और अविश्वास ने जगह बनाई थी, वह दोनों देशों के लंबे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जन-आधारित संबंधों के विपरीत था। खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा में ब?ती गतिविधियों, राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों और न्यायिक प्रक्रियाओं ने दोनों देशों के रिश्तों में गहरी खटास पैदा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच दूरी सार्वजनिक रूप से दिखाई देती थी और कूटनीतिक संवाद लगभग ठहर-सा गया था। जस्टिन ट्रूडो ने राजनीतिक दबाव एवं स्वार्थ के चलते भारत से ऐतिहासिक संबंधों को धुंधलाया, जिसका खामियाजा उन्होंने भुगता भी है। लेकिन अब नई सरकार के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने नये जोश, आत्मीयता एवं संवेदनाओं के साथ भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों, व्यापारिक अवसरों के विस्तार और नई आर्थिक-रणनीतिक जरूरतों ने दोनों पक्षों को यह अहसास कराया कि रिश्तों का ठहराव किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं है। इसी समझ ने दोनों देशों को संवाद के नये पुल बनाने और पुराने अवरोधों को पीछे छोड़ने की दिशा में आगे बढ़ाया।

नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी की जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकात इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। यह मुलाकात भले ही मुख्य सत्रों के इतर हुई, लेकिन उसका संदेश अत्यंत गहरा और दूरगामी था। यहां दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और टेक्नोलॉजी इनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। भारत और कनाडा के पास डिफेंस, स्पेस, क्रिटिकल मिनरल्स, एनर्जी और एजुकेशन समस्त कई क्षेत्रों में सहयोग एवं सहमति बढ़ाने के मौके हैं। यह सहमति केवल औपचारिकता नहीं बल्कि रिश्तों को एक नए मोड़ पर लाने का संकेत थी। कनाडा एक उभरती हुई टेक्नोलॉजी शक्ति है और भारत विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी प्रतिभा का केंद्र बन चुका है। ऐसे में दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, स्टार्टअप्स, ऊर्जा और शिक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं जिनकी दिशा अब खोली जा रही है। वैसे भी भारत के स्टूडेंट्स के लिये अब भी कनाड़ा सबसे पसंदीदा जगहों में एक हैं। कनाडा अपने नागरिकता कानून में भी बदलाव करने जा रहा है, उससे भी भारतीयों को फायदा होने की व्यापक संभावनाएं है।

पीयूष गोयल के वक्तव्य में दिखती आर्थिक साझेदारी की दृष्टि इस बात का परिचायक है कि भारत और कनाडा अब केवल राजनीतिक संवाद से आगे बढ़कर व्यावहारिक सहयोग के नए आधार बना रहे हैं। 50 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी है, लेकिन यह उन आर्थिक संभावनाओं का वास्तविक अनुमान भी है जो दोनों देशों की नीतियों, संसाधनों और क्षमताओं में मौजूद है। भारत कनाडा के लिए एक विशाल बाजार है और कनाडा भारत के लिए एक महत्वपूर्ण ऊर्जा, खनिज, कृषि और तकनीकी साझेदार। इसी परस्पर निर्भरता और जरूरत ने दोनों देशों को फिर से एक-दूसरे की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। अब जरूरी है कि विभिन्न स्तरों पर बातचीत जारी रखते हुए जल्द समझौते तक पहुंचा जाये।

हाल के वर्षों में दुनिया बहुध्रुवीय स्वरूप की ओर बढ़ रही है। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और पश्चिम एशिया जैसे शक्ति केंद्रों के बीच उभर रही नई अनिश्चितताओं ने मध्यम और उभरती शक्तियों को नए साझेदार तलाशने के लिए विवश किया है। भारत और कनाडा इस वैश्विक संरचना में ऐसे दो देश हैं जिनके पास जनसांख्यिकीय शक्ति, आर्थिक संसाधन, शिक्षा-तकनीक की क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों का साझा आधार मौजूद है। ऐसे में इन दोनों का साथ आना न केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए आवश्यक है बल्कि एक नई वैश्विक संरचना के निर्माण में भी उपयोगी हो सकता है। यह संरचना सहयोग, नवाचार, जलवायु न्याय, हरित तकनीकों और स्थायी विकास पर आधारित हो सकती है। कनाडा में भारतीय मूल की बड़ी आबादी दोनों देशों के रिश्तों को मानवीय और सामाजिक आधार भी देती है। जब भी रिश्तों में तनाव आया, प्रवासी भारतीय समुदाय उसके बीच पुल की तरह खड़ा दिखाई दिया है। यही समुदाय आर्थिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक रिश्तों को नई दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। यह समुदाय न केवल कनाडा के आर्थिक विकास का हिस्सा है बल्कि भारत-कनाडा संबंधों की गहरी कड़ी भी है। यही कारण है कि दोनों सरकारों ने इस सामाजिक संबंध को और मजबूत करने का प्रयास शुरू किया है जिससे गलतफहमियाँ कम हों, लोगों के बीच भरोसा बढ़े और राजनीतिक विवादों का असर द्विपक्षीय रिश्तों पर सीमित रहे।

वर्तमान दौर में भारत की वैश्विक छवि एक निर्णायक, प्रभावशाली और विश्व-हितैषी शक्ति के रूप में उभर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक शैली, वैश्विक मंचों पर सक्रियता और विकास-शांति आधारित विदेश नीति ने भारत की स्थिति को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। दूसरी ओर कनाडा भी एक स्थिर लोकतंत्र और बहुसांस्कृतिक देश के रूप में वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। दोनों देशों की यह समान सोच और नई वैश्विक चुनौतियों के प्रति साझा दृष्टिकोण अब आपसी सहयोग के लिए अधिक अनुकूल अवसर पैदा कर रहा है। समीक्षा के इस चरण में यह स्पष्ट है कि भारत-कनाडा संबंधों में आया यह सकारात्मक मोड़ केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि गहरे आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक हितों पर आधारित है। मार्क कार्नी सरकार को भी यह समझ आ रही है कि भारत जैसे मजबूत साझेदार से दूरी कनाडा की आर्थिक और वैश्विक भूमिका के लिए सही नहीं। वहीं भारत भी उन देशों के साथ संबंधों का विस्तार चाहता है जो तकनीक, शिक्षा, कृषि, ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्रों में मूल्यवान साझेदारी दे सकते हैं। यही वजह है कि दोनों देश अब नयी समझ विकसित करते हुए एक ऐसे दौर की ओर बढ़ रहे हैं जिसमें संवाद, सहयोग और परस्पर सम्मान केंद्रीय भूमिका निभाएंगे।

अंततः यह कहा जा सकता है कि भारत और कनाडा के रिश्तों में शुरू हुई यह नई गर्माहट एक बड़े बदलाव का संकेत है। यह बदलाव न केवल आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देगा बल्कि वैश्विक शांति, नई तकनीक, हरित विकास और सामाजिक सौहार्द की दिशा में भी नई संभावनाएँ खोलेगा। दोनों देश यदि इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते रहे तो यह केवल द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती नहीं देगा, बल्कि एक नई विश्व संरचना के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### खुंखार कश्मीरी खाड़कू जालंधर में गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब में गत रात्रि के दौरान तीन खाड़कुओं सहित 4 लोग मारे गए जबकि पंजाब पुलिस ने एक खुंखार कश्मीरी खाड़कू को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। प्राप्त समाचारों के अनुसार जिला लुधियाने के अस्सी वाला गांव में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में 3 अज्ञात खाड़कू मारे गए जिसमें एक ही पहचान कुलबिन्द्र सिंह के रूप में हुई है। इसी दौरान होशियारपुर के गांव घोषरा में सुरक्षा बलों व खाड़कुओं के बीच हुई मुठभेड़ में एक नागरिक मारा गया जबकि जालंधर जिला के गांव फुलरीवाल में एक संक्षिप हुई मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने काश्मीरी खाड़कू हजीबुल मुजाहीद्दीन को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है जिसके पास से एक वगैर नबंर का स्कूटर व कुछ विदेशी दस्तावेज बरामद किए है।

### जम्मू-कश्मीर में चुनाव शीघ्र नहीं होंगे: चव्हाण

नई दिल्ली। संसद में आज प्रश्नकाल के दौरान गृहमंत्री एसबी चौहान ने इस बात को दोहराया कि सरकार जम्मू कश्मीर की स्थिति पर विचार करने पूर्व राज्य से चुनाव कराना असंभव है। उन्होंने कहा कि हाल ही भी सांसद दल के भी राज्य का दौरा किया है और उनका भी यही विचार है जब तक राज्य में सामान्य स्थिति बहाल नहीं होती तब तक चुनावों का प्रश्न ही नहीं उठता सरकार गुमराह लोगों को राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए प्रयत्न कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत सीमापार स्थित पाक प्रशिक्षण शिविले से भली भांति परिचित है। झारखंड राज्य बनाने की बात को सामने रखते हुए उन्होंने इस बात को दोहराया कि बिहार सरकार को अपना निश्चित रवैया रखना होगा। प्रश्नकाल के दौरान राज्यसभा में अपने जवाब में कहा कि सरकार ने कोई ऐसा आयोग नहीं बनाया जिसमें राज्य के पुनर्गठन का प्रावधान हो।

### नौकरियों में 10 प्रतिशत कटौती समाप्त

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने डाक्टरों, नर्सों, अध्यापकों व पशु चिकित्सों आदि नियुक्तियों पर लगी 10 प्रतिशत समाप्त कर दी है। यह जानकारी राज्य के वित्तमंत्री मांगेराम ने देते हुए बताया कि मनिस्ट्रयल कर्मचारियों के पदोन्नति के मामले में भी अगर कटौती की यह शर्त बाधा बनी तो वित्त विभाग उसमें भी छूट देगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह कटौती किसी कर्मचारी के मृत्यु पर उसके परिवार के किसी भी सदस्य की भर्ती के मामलों में भी लागू नहीं होगा।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1731 बीजिंग में आए भूकंप में लगभग 100,000 लोग मारे गए।
1747 डच राज्य ज़ज़ील ने महिलाओं के लिए एक वंशानुगत गवर्नर की घोषणा की।
1753 बेंजामिन फ्रैंकलिन को बिजली पर उनके गहन प्रयोगों और टिप्पणियों के कारण गॉडफ्रे कोप्ले पदक से सम्मानित किया गया।
1804 फ्रांसीसी आविष्कारक जोसेफ कोनियो का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें कार का जनक कहा जाता है।
1822 ब्रिटिश चिकित्सक और चेचक के टीकाकार एडवर्ड जोन्ज का निधन हो गया।
1853 पावेल नाखिशोव के नेतृत्व में रूसी युद्धपोतों ने सिनोप युद्ध में बड़ी संख्या में फ्रिगेटों को नष्ट कर दिया, जो क्रीमियन युद्ध का शिकार थे।
1864 अमेरिकी गृह युद्ध - कॉन्फेडरेट स्टेट्स आर्मी को युद्ध की सबसे बुरी आपदा का सामना करना पड़ा, क्योंकि टेनेसी की सेना ने फ्रैंकलिन, टेनेसी में गढ़ चौकियों के खिलाफ कई सफल फ्रंटल हमले किए।
1872 पहला आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेला गया। यह मैच इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच वेस्ट ऑफ़ स्कॉटलैंड क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया।
1872 पहला अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच ग्लासगो के हैमिल्टन क्रीसेंट में आयोजित किया गया था।
1872 पहला अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच ग्लासगो के हैमिल्टन क्रिसेंट में हुआ।
1886 पहला व्यावसायिक रूप से सफल एसी विद्युत संयंत्र खोला गया।
1934 स्टीम लोकोमोटिव फ्लाइंग स्कॉट्समैन ने पहली बार आधिकारिक तौर पर 100 मील प्रति घंटे (161 किमी/घंटा) की गति पार की।
1961 तत्कालीन सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए कुवैत के आवेदन का विरोध किया था।
1962 सितम्बर 1961 में डाग हैमरस्कोल्ड की मृत्यु के बाद बर्मी राजनयिक यूटी संयुक्त राष्ट्र महासचिव बने।
1979 रॉक, एक रॉक ओपेरा और कॉन्सेप्ट एल्बम पिंक फ्लॉइड द्वारा जारी किया गया था।
1982 रिचर्ड एटनबरो द्वारा निर्देशित तथा बेन किंग्सले और जॉन गिल्ड अभिनीत फिल्म गांधी का प्रीमियर नई दिल्ली में हुआ।
1982 माइकल जैक्सन का यह थ्रिलर एल्बम अब तक का सबसे अधिक बिकने वाला एल्बम था।
1988 मिस्र के प्रख्यात कारी उस्ताद अब्दुल बासित अब्दुस्समद का काहेरा नगर में निधन हो गया।
1993 अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने ब्रैडी हैंडगन हिंसा निवारण अधिनियम पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत हैंडगन खरीदारों को पृष्ठभूमि जांच से गुजरना पड़ता था।

## बोल ब्यूटीफुल



**अरविंद पनगाड़िया:** दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी। इस तरह पहली छमाही में वृद्धि दर 8 प्रतिशत रही। दूसरी छमाही में हम केवल छह प्रतिशत वृद्धि भी हासिल करें तो चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत की बढ़ौत्तरी आसानी से हासिल हो ही जाएगी।

**संजय निरुपम:** बंगाल में एसआइआर ने चुनावी नेरेटिव सेट कर दिया है। चतुर नेता होने के बावजूद ममता बनर्जी अपने ही जाल में उलझती जा रही है। फर्जी वोटरों में नाम हटाने का उनका विरोध ध्रुवीकरण को बढ़ाएगा, क्योंकि यह अभियान घुसपैठियों और जनतंत्र के लुटेरों के खिलाफ है। बंगाल में बिहार की पुनरावृति होते दिख रही है।

**अखिलेश आनंद:** जमीन के मालिकाना हक के बिना बाबरी मस्जिद बनाने का टीएमसी विधायक हुमायू कबीर का दांव मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण और सस्ती लोकप्रियता का हथकंडा ही लगता है।

# यूएसए और चीन के बाद भारत एशिया की तीसरी प्रमुख सैन्य शक्ति बना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत अब यूएसए और चीन के बाद एशिया की तीसरी प्रमुख सैन्य शक्ति बन चुका है। यह पाकिस्तान और बांग्लादेश के लिए किसी सदमे की तरह है। वहीं उनके आका देश अमेरिका और चीन के लिए भी एक झटके की तरह है, क्योंकि आने वाले वर्षों में इन्हें भी बारी-बारी पूर्वक पीछे छोड़ेगा। यह बात मैं नहीं बल्कि एशियन पॉवर इंडेक्स 2025 के8 एक वार्षिक सूची बोल रही है जो एशिया में देशों की समग्र शक्ति को मापती है।

गौरतलब है कि इसमें आर्थिक, सैन्य, कूटनीतिक प्रभाव आदि आठ कैटेगिरी में देशों के संसाधन और प्रभाव का मूल्यांकन किया जाता है। इस सूची में भारत 40.0 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है और इसे ÷मेजर पावर÷ यानी प्रमुख शक्ति घोषित किया गया है। भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए यह पायदान हासिल किया है, जबकि टॉप पर संयुक्त राज्य अमेरिका और दूसरे नंबर पर चीन हैं।

एपीआई के अनुसार, भारत की आर्थिक क्षमता, फ्यूचर रिसोर्सेज और राजनयिक प्रभाव में खासा सुधार हुआ है। भारत की सैन्य क्षमता में भी निरंतर सुधार के चलते उसकी क्षेत्रीय और ग्लोबल भूमिका मजबूत हुई है। वहीं, पाकिस्तान इस सूची में 16वें स्थान पर है और टॉप 10 में नहीं है। एशियाई पावर इंडेक्स लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी किया जाता है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 27 देशों को देखता है और उनकी शक्ति संरचना का आकलन करता है। यह इंडेक्स सिर्फ सैन्य शक्ति तक सीमित नहीं है बल्कि कुल प्रभाव क्षमता को मापता है, जिसमें अर्थव्यवस्था, कूटनीति, रक्षा नेटवर्क, संस्कृति आदि शामिल हैं।

लोवी इंस्टीट्यूट एशिया पावर इंडेक्स 2025 को मापने के लिए आठ मुख्य मापदंडों का उपयोग किया जाता है- सैन्य क्षमता, आर्थिक क्षमता, रक्षा नेटवर्क, कूटनीतिक प्रभाव, सांस्कृतिक प्रभाव, पुनःस्थापन क्षमता (रेजिलिएंस), भविष्य के संसाधन और अंतरराष्ट्रीय संबंध। कुल मिलाकर इसमें 30 उप-माप और 131 संकेतक शामिल हैं, जो किसी देश की व्यापक प्रभाव क्षमता का आंकलन करते हैं। यह इंडेक्स केवल सैन्य शक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह देशों की असली ताकत को उनके क्षेत्रीय और वैश्विक प्रभाव, पड़ोसी देशों के साथ उनके रिश्ते, तकनीकी और व्यापारिक शक्तियों, और उनके भविष्य के विकास की संभावनाओं के हिसाब से मापता है।



इस इंडेक्स के अंतर्गत हर देश को 100 अंकों के पैमाने पर स्कोर दिया जाता है, जो यह दर्शाता है कि वे एशिया में कितना प्रभावशाली हैं। लोवी इंस्टीट्यूट इस सूचकांक को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 27 देशों पर लागू करता है और यह वार्षिक रिपोर्ट के रूप में प्रकाशित होता है। इस इंडेक्स के परिणाम से देशों के भू-राजनीतिक और आर्थिक स्थिति में बदलाव और उनकी क्षेत्रीय भूमिका का पता चलता है।

एशियन पॉवर इंडेक्स (एपीआई) के आठ माप निम्नलिखित हैं- पहला, सैन्य क्षमताङ्क इसमें देश की सैन्य ताकत, हथियार, सैन्य कर्मियों और रक्षा बजट को मापा जाता है। दूसरा, आर्थिक क्षमताङ्क देश की आर्थिक स्थिति, जीडीपी, मुद्रा रिजर्व, और अन्य आर्थिक संसाधनों का आकलन। तीसरा, रक्षा नेटवर्क- क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सैन्य गठबंधनों और सहयोग को मापा जाता है। चतुर्थ, कूटनीतिक प्रभाव- अन्य देशों के साथ राजनयिक संबंध, द्विपक्षीय समझौते और वैश्विक मंच पर देश की भूमिका। पंचम, सांस्कृतिक प्रभाव- देश की संस्कृति, भाषा, मीडिया प्रसारण और अन्य सांस्कृतिक माध्यमों के प्रभाव को दिखाता है। षष्ठम, पुनःस्थापन क्षमता- प्राकृतिक आपदाओं, आर्थिक संकटों आदि का सामना करने की देश की सामर्थ्य। सप्तम, भविष्य के संसाधन- शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान-प्रौद्योगिकी विकास और युवा आबादी की संभावना। अष्टम, अंतरराष्ट्रीय संबंध- देश की विदेश नीति, व्यापार साझेदार और वैश्विक संगठनों में उसकी भागीदारी।

वस्तुतः ये आठ माप 30 उप-मापों और 131 संकेतकों के जरिए विस्तृत रूप से मूल्यांकन किए जाते हैं, जिससे किसी देश की समग्र शक्ति का आंकलन होता है। पूरे इंडेक्स का स्कोर 100 अंकों के पैमाने पर दिया जाता है, जिससे यह पता चलता है कि कोई देश एशिया में कितना प्रभावशाली है। एशियन पावर इंडेक्स के उपर्युक्त आठ मापों का भारत के कुल स्कोर पर महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। भारत की सैन्य क्षमता, आर्थिक क्षमता, कूटनीतिक प्रभाव, और भविष्य के संसाधन जैसे माप उसकी पूरी ताकत को बढ़ाते हैं, जिससे भारत को बेहतर कुल स्कोर मिलता है।

उदाहरण के लिए, भारत की आर्थिक प्रगति और कूटनीतिक नेटवर्क में सुधार से इसकी रैंकिंग में मजबूती आई है। वहीं, पुनःस्थापन क्षमता और सांस्कृतिक प्रभाव जैसे माप भी भारत के क्षेत्रीय प्रभाव और वैश्विक छवि को मजबूत बनाते हैं। हालांकि, कुछ चुनौतियां जैसे प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने की क्षमता और संसाधनों का प्रभावी उपयोग भारत के स्कोर को सीमित भी कर सकता है। कुल मिलाकर, ये आठ माप मिलकर भारत की समग्र शक्ति और क्षेत्रीय भूमिका का आंकलन करते हैं, जो इस इंडेक्स में भारत के तीसरे स्थान पर आने का कारण हैं। इसलिए भारत की कुल रैंकिंग इन सभी क्षेत्रों में उसके प्रदर्शन का समग्र प्रतिबिंब होती है।

भारत ने एशियन पावर इंडेक्स के आठ मापों में सबसे अधिक सुधार आर्थिक क्षमता के क्षेत्र में किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले दशक में वैश्विक औसत के मुकाबले लगभग 90 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो अन्य क्षेत्रों की तुलना में सबसे उल्लेखनीय प्रगति है। यह सुधार भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), निवेश, विनिर्माण, और सेवा क्षेत्र में तेज विकास की वजह से हुआ है। इस तेजी से बढ़ती आर्थिक ताकत ने भारत को एशिया में तीसरे स्थान पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सैन्य क्षमता और कूटनीतिक प्रभाव में भी भारत ने सकारात्मक सुधार दिखाया है, लेकिन आर्थिक प्रगति सबसे प्रमुख योगदानकर्ता रही है। वहीं, कुछ क्षेत्रों जैसे प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की पुनःस्थापन क्षमता में अभी भी सुधार की गुंजाइश बनी हुई है। कुल मिलाकर, आर्थिक मापों में भारत का मजबूत प्रदर्शन उसकी समग्र शक्ति और एशिया में प्रभाव बढ़ाने में सबसे बड़ा कारण है।

# प्रदेश की बहनों ने अपनी मेहनत और हुनर से देशभर में कमाया नाम : मुख्यमंत्री

यही आत्मनिर्भर भारत की पहचान, हर घर में हुनर और हर हाथ को काम- मुख्यमंत्री

स्वयं सहायता समूह आत्मनिर्भर भारत की अग्रदूत, आत्मनिर्भर भारत का असली चेहरा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 29 नवंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की बहनों ने अपनी मेहनत और हुनर से देशभर में नाम कमाया है। यही आत्मनिर्भर भारत की पहचान है हर घर में हुनर और हर हाथ को काम है। आज हरियाणा के हजारों स्वयं सहायता समूह आत्मनिर्भर भारत के सबसे मजबूत स्तंभ बन चुके हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को पंचकूला में स्वयं सहायता समूह सम्मेलन में महिलाओं को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह आत्मनिर्भर भारत के अग्रदूत हैं। आत्मनिर्भर भारत का असली चेहरा हैं। जब किसी गांव की महिला सिलाई मशीन लेकर या कोई युवा बेटी डेयरी या हस्तशिल्प का कार्य शुरू करती है, तो वह सिर्फ अपने परिवार की आजीविका नहीं बनाती, वह समाज का भविष्य गढ़ती है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब तक 65 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाया है। इनमें लाखों महिला सदस्य अपनी मेहनत से समाज में सम्मान और पहचान बना रही हैं। सहायता समूहों को बैंक ऋण, प्रशिक्षण, विपणन और ब्रांडिंग की पूरी सुविधा दी है, ताकि वे केवल उत्पादन ही नहीं, बिक्री में भी आत्मनिर्भर बन सकें। प्रदेश की महिलाएं पापड़, अचार, हस्तशिल्प व डेयरी उत्पादों में अपने कौशल का कमाल दिखा रही हैं। साथ ही जैविक खेती और डिजिटल सेवाओं से लेकर छोटे उद्योगों तक में अपनी भागीदारी बखूबी निभा रही हैं।

**उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए पदमा स्कीम के तहत वन ब्लॉक-वन प्रोडक्ट को कर रहे प्रोत्साहित:** उन्होंने कहा कि बहनें पशुपालन, बागवानी, मछली पालन, ब्यूटी पार्लर, किराना की दुकानों, कैंटीन आदि के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दे रही हैं। हर क्षेत्र में किसी न किसी उत्पाद की अपनी ही खासियत होती है। हम ऐसे ही उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए पदमा स्कीम के तहत वन ब्लॉक-वन प्रोडक्ट को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस पहल में स्वयं सहायता समूहों की बहनों का अनुभव और कौशल बड़ा काम आएगा।

**सूक्ष्म उद्योगों में निवेश की ऊपरी सीमा को बढ़ाया गया:** श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सूक्ष्म उद्योग में निवेश की ऊपरी सीमा 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दी गई है। इसी प्रकार, लघु औद्योगिक इकाइयों में निवेश की ऊपरी सीमा 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये तथा मध्यम इकाई में 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों से आग्रह किया कि इस तरह के उद्योग लगाकर भी स्वदेशी को बढ़ावा दें और देश-प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में और अधिक योगदान करें।

**स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार चलाने के लिए दिए कई प्रोत्साहन:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार चलाने के लिए कई प्रोत्साहन दिए हैं। इन्हें रिवोलविंग फण्ड और सामुदायिक निवेश निधि के रूप में सरल ऋण के तौर पर वित्तीय सहायता दी है । अब तक लगभग 548 करोड़ रुपये की विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। सरकार ने सामुदायिक निवेश निधि की राशि 50 हजार से ब?ाकर 1 लाख 50 हजार रुपये कर दी है। रिवोलविंग फण्ड की राशि 10 हजार रुपये से ब?ाकर 20 हजार रुपये की है। महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रुपये तक का ऋण लेने पर स्टाम्प शुल्क से छूट भी दी गई है।

# चंहुओर अन्याय का आलम, लोगों को विरोध के लिए आना होगा आगे : रणदीप सुरजेवाला

अर्थ प्रकाश/रेखा



**जींद, 29 नवंबर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार की नकारा नीतियों के कारण अव्यवस्था का जो माहौल बना हुआ है, चंहुऔर अन्याय का आलम बना हुआ है, उसके विरोध में लोगों को आगे आना होगा। यदि अन्याय को देखकर लोग मुंह फेरते रहे तो सत्ता के स्वार्थी लोग लूटने का यह सिलसिला जारी रखेंगे। लोगों को देश पर मर मिटने वाली उन महान विभुतियों को याद कर अपना धर्म निभाना होगा। शहीद भगत सिंह, सुखेदव, चंद्र शेखर आजाद, जवाहर लाल नेहरू ने देश हित में जब आवाज उठाई तो उनको इस बात का आभास नहीं होगा कि उनकी अलख की बदौलत देश आजाद होगा। वे विभुतियां केवल देश हित में आवाज उठाती रही। इसलिए प्रबुद्ध लोग भी समय का इंतजार न करके मौजूदा दौर में भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करें। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने ये शब्द शनिवार को जींद में डेयरी रोड़ पर कांग्रेस के युवा नेता एडवोकेट संदीप मोठसरे द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दयानंद शर्मा, कं डेला खाप के प्रधान ओम प्रकाश कंडेला, रघुबीर भारद्वाज, ईश्वर सिंह नैन, डॉ. राजकुमार गोयल, विरेन्द्र जागलान, श्रीचंद जैन, धर्मपाल प्रधान, प्रवीण ढिल्लो समेत दर्जनो नेता एवं हजारो की संख्या में लोग मौजूद थे। एडवोकेट संदीप मोठसरे और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला का कार्यक्रम में पहुंचने पर फू लो की मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान, मजदूर, व्यापारी, युवा वर्ग बुरी तरह से हताश चल रहे है। सरकार के नकारापन के कारण देश का भविष्य चमकाने वाले खिलाड़ी मर रहे है। युवा खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए सरकार बजट नहीं खर्च कर पा रही है। किसानों की फसले औने-पौने दामों में खरीदी जा रही है। व्यापारी हो या डॉक्टर, हर किसी से फिरौती मांगी जा रही है। सरकार सोई पड़ी है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश संधु का निधन



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** जनहित के मुद्दों को लेकर उम्र भर संघर्ष करते रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश संधु का आज निधन हो गया। वह अर्से से बीमार चल रहे थे। उनको कांग्रेस के तमाम नेताओं ने आज अुतिम किवदाई दी। उनका शरीर पंच तत्व में विलीन हो गया। नरेश संधु के बारे में जानकारीदेते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव रमेश सैनी ने बताया कि संधु कांग्रेस के संर्षशील नेताओं में शामिल थे। उन्होंने एक बार सोनिया गांधी के प्रति अपमानजनक टिप्पड़ी करने पर विहिप के राष्ट्रीय नेता प्रवीण तोगड़िया से पंगा ले लिया था। उनके साथ हाथापाई कर दी थी। वह पूर्व पीएम राजीव गांधी के समय में युवा कांग्रेस के जिला प्रधान रहे। कांग्रेस में वह कई जिम्मेदार पदों पर रहे। उनके निधन पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस के पूर्व विधायक शमशेर गोगी,रमेश सैनी  कुलदीप शर्मा सुरजीत सैनी, जिलाध्यक्ष पराग गाबा, सुरेश गुप्ता, सुखराम बेदी, ने श्रद्धंजलि अर्पित की।

### 6 दिसंबर को सामाजिक समरसता यज्ञ, तैयारी तेज



**बराडा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** बराड़ा में 6 दिसंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर की महापरिनिर्वाण तिथि पर सामाजिक समरसता पर केंद्रित 21 कुंडीय यज्ञ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे सनराइज पैलेस में होगा। आयोजन का उद्देश्य ऐसे माहौल को बढ़ावा देना है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्ग बराबरी और आपसी सम्मान के साथ रह सकें। योजना को अंतिम रूप देने के लिए समाजसेवी डॉ. कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में सुमित गोयल के कार्यालय में बैठक हुई। ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों ने बताया कि यज्ञ का संचालन जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 हरिओम जी महाराज के सान्निध्य में होगा। समस्त समाजसेवी आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम सामाजिक एकता का संदेश देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भागीदारी को भी बढ़ावा देगा। कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा लेने के लिए टीम ने सनराइज पैलेस का दौरा किया। मैदान, मंच और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई, ताकि सभी काम समय पर पूरे हो सकें। आयोजकों के अनुसार, भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। तैयारियों में शामिल सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम का समन्वय सुनील भारद्वाज कर रहे हैं, जो केंद्रीय कोयला और खनन मंत्री के मीडिया सलाहकार हैं। टीम का कहना है कि आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन से भी सहयोग लिया जाएगा। स्थानीय समुदाय इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहित है और कई संगठनों ने इसमें भागीदारी की इच्छा जताई है। आयोजकों के अनुसार, यज्ञ के माध्यम से सामाजिक सद्भाव और सम्मिलित समाज निर्माण का संदेश दिया जाएगा। इस मौके पर सुमित गोयल देवेंद्र बंसल पिंटू राणा बराडा, प्रमोद जैन,बराडा मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा, सरदार हरजीन्दर सिंह मौजूद रहे

# अग्रसेन पब्लिक स्कूल का रंगारंग वार्षिक समारोह, प्रतिभाओं का उत्सव

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र, 29 नवंबर।** शनिवार को अग्रसेन पब्लिक स्कूल के सीनियर विंग में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 'प्रवेग 'धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि श्री परविंदर सिंह चौहान (एडवोकेट जनरल, हरियाणा सरकार) का स्वागत अग्रसेन स्कूल के अध्यक्ष श्री नितिन गोयल , महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल समिति के चेयरमैन श्री मूलचंद गुप्ता जी, संस्थापक सदस्यों एवं स्कूल प्रबंधन कमेटी के गणमान्य सदस्यों व प्रधानाचार्या जी द्वारा किया गया । एन. सी. सी. कैडेटस ने स्कूल बैंड की धुन पर परेड कर मुख्य अतिथि को सलामी दी।

गणेश एवं सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। छठी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया । कक्षा छठी से आठवीं तक की छात्राओं ने स्वागत नृत्य द्वारा सभी का अभिनन्दन किया। कक्षा नौवीं से ग्यारहवीं तक के छात्रों ने मानव जीवन के चार युगों - सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग का नृत्य के माध्यम से जीवंत चित्रण किया, जिसमें मानव मूल्यों और इतिहास का संदेश समाहित था। इसके बाद कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक लोक नृत्यों का मंचन कर अपनी सांस्कृतिक विरासत का परिचय दिया। अच्छे स्वास्थ्य और मानसिक शांति के महत्व को समझाते हुए छात्रों ने योगासन और प्राणायाम का प्रदर्शन किया।

# जिला स्तरीय गीता महोत्सव की धूम, रंगशाला में हुआ विधिवत शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/रेखा



**जींद, 29 नवंबर।** पटवार भवन स्थित कृष्ण रंगशाला में हवन-यज्ञ के साथ जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम सत्यवान मान, राजेश स्वरूप शास्त्री, डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार सहित अनेक अधिकारी व गणमान्य मौजूद रहे।

महोत्सव में रामायण व महाभारत पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विजेताओं को मौके पर ही सम्मानित किया गया।

समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर सरकारी योजनाओं, पोषण आहार, स्वास्थ्य जांच, कृषि, शिक्षा, युवा कार्यक्रम, ग्रामीण आजीविका मिशन आदि से संबंधित जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुगर व बीपी की जांच मुफ्त में की गई। शिक्षा विभाग ने छात्रों को विभिन्न स्किल आधारित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी।

प्रदर्शनी स्थल पर डॉ. चैन सिंह चंचल व नगाड़ा पार्टी ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। लोग कलाकारों के साथ सेल्फी लेते और आनंद लेते दिखे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की भजन मंडली और वृंदावन के कलाकारों ने गीता सार पर आधारित प्रस्तुतियाँ दीं। रेनबो लिटल स्कूल की 5 वर्षीय लवण्या गोयत ने नृत्य से दर्शकों का मन मोहा। विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भी आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं।

अंत में एसडीएम सत्यवान मान व डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# भटकते कुत्ते-पशुओं पर लगेगी लगामः एडीसी एवं निगम आयुक्त डॉ पंकज

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** सुप्रीम कोर्ट के कड़े निर्देशों के बाद हरियाणा सरकार अब प्रदेश में आवारा कुत्तों और मवेशियों की समस्या पर व्यापक अभियान शुरू करने जा रही है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों को आदेशों के सख्त अनुपालन के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंस के बाद एडीसी डॉ. पंकज ने जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देशों की समीक्षा की और कार्ययोजना लागू करने को कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग,खेल विभाग, ट्रांसपोर्ट विभाग, पशु पालन विभाग और स्वास्थ्य विभाग को इस के संबंध में निगरानी रखने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि स्वच्छता का ध्यान रखते हुए निर्दिष्ट फिडिंग पाईंट बनाए जाएंगे, जहाँ वॉलंटियर्स और पशु-कल्याण समूह व्यवस्थित रूप से भोजन कराएंगे।

# मैक्स गुरुकुल में धमाकेदार इंटर हाउस एथलीट मीट सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/दीवान



**सफीदों, 29 नवंबर।** मैक्स गुरुकुल में पारंपरिक खेल भावना को आगे बढ़ाते हुए दो दिवसीय इंटर हाउस एथलीट मीट का शानदार आयोजन किया गया। मैक्स गुरुकुल और मैक्स इंटरनेशनल के लगभग दस सदनों के सैकड़ों छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मसाल प्रज्वलन से हुई।

प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 800 मीटर रेस, रिले रेस, हर्डल रेस, लंबी कूद, ऊँची कूद और शॉटपुट जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। वैश्विक स्तर के योगा चैंपियन और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता श्री तेजस्वी कुमार शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और बच्चों को खेलने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए।

स्कूल चेयरमैन श्री मुकेश बंसल ने खेलों को तनावमुक्त जीवन का सर्वोत्तम माध्यम बताया। स्कूल डायरेक्टर श्री कपिल गुप्ता ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और उन्हें कुसंगति से दूर रखते हैं।

मैक्स इंटरनेशनल की प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिका राय और मैक्स गुरुकुल के प्रधानाचार्य श्री हरीश भारद्वाज ने छात्रों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। सोनिका राय ने कहा कि स्कूल के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी हुईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में कुल 110 स्वर्ण, 115 रजत और 120 कांस्य पदक वितरित किए गए।

जूनियर वर्ग में भावेश, चिराग, ईशु और जया जबकि सीनियर वर्ग में सुखमन और कृष्णा को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया।

# मुख्यमंत्री के उपहारों के फैन बने देश-विदेश से आने वाले पर्यटक

## अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में 46 लोगों ने खरीदें मुख्यमंत्री के उपहार

1 लाख 31 हजार के बिके 46 उपहार, आम लोगों को जहन में रखते हुए उपहारों के दाम हुए तय, महोत्सव में स्टॉल नम्बर 56, 57 व 58 पर सजे है मुख्यमंत्री के उपहार

रजकुमार वालिया/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरूक्षेत्र, 29 नवंबर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के उपहारों के देश-विदेश से आने वाले पर्यटक फैन हो गए है। इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में 46 लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विभिन्न कार्यक्रमों में मिले उपहारों को खरीद लिया है। इससे 1 लाख 31 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि को मुख्यमंत्री कल्याण कोष में जमा करवा दिया जाएगा। अहम पहलू यह है कि स्टॉल नम्बर 56, 57 और 58 पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के उपहार सजाएं गए है। इन उपहारों को कोई भी व्यक्ति निर्धारित दामों पर खरीद सकता हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को देश के विभिन्न जिलों के कार्यक्रमों में जो भी उपहार मिले है उन उपहारों को निर्धारित दरों पर ब्रिकी के लिए रखा गया हैं। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के केडीबी के कार्यालय में बने मीडिया सैन्टर के साथ बने स्टॉल नंबर 56, 57 व 58 निर्धारित किया गया हैं। इन स्टॉलों को केडीबी की तरफ से भव्य और सुन्दर तरीके से सजाया गया हैं। इन स्टॉलों पर मुख्यमंत्री के 153 उपहारों को रखा गया हैं। इन उपहारों के दाम निर्धारित करने के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।

हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के लेखा सहायक रविन्द्र का कहना है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के उपहारों को महोत्सव में आने वाले पर्यटक खूब पसन्द कर रहे हैं। इन स्टॉलों से अब तक 46 लोगों जिनमें टेकचन्द्र, सरला रानी, गुरदीप सिंह, कृष्ण, परमजीत सिंह, महिपाल, चन्द्र मोहन, बीबी मित्तल, हरमन सहारन, मुकेश सैनी, राजेश कुमार, नरेश शर्मा, विकास कुमार, डॉ श्रीराम शर्मा, विकास कुमार, रेखा, संदीप अग्रवाल, महिपाल, अजय आर्य, संदीप, मोहित अग्रवाल, डॉ विवेक चावला, भीम सिंह, मोहित अग्रवाल, अजय आर्य, कृष्ण बंसल, कृष्ण सैनी, उप्पल, विकास शर्मा, राजबाला, लवनीत मदान, अनिल कौशिक, परवीन कुमारी, विकास कुमार, जसमैर सिंह, धर्मपाल, परवीन कुमारी, सतीश कुमार, उमा शंकर, अजय आर्य, महावीर सिंह गुड्डु, परवीन कुमारी, अमित प्रकाश व गुरदीप सिंह शामिल हैं।

# राज्य स्तरीय प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता और पुलिस के बीच हुई झड़प

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 28 नवंबर।** शनिवार को यूथ कांग्रेस ने वोट चोरी के मुद्दे पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई। कांग्रेस कार्यकर्ता जिला सचिवालय में डीसी को मांग पत्र देने जा रहे थे, तभी पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें रोक लिया। जिससे पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई। प्रदर्शन के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता पाठक अस्पताल के पास फव्वारा पार्क सेक्टर-12 के नजदीक इकट्ठा हुए। कार्यक्रम में पहुंचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय चिब ने सरकार पर तीखे हमले बोले और मौजूदा सरकार को वोट चोर सरकार बताते हुए आरोप लगाया। डीसी से मिलने से रोका कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि वे ज्ञापन देने के लिए छ्ष्ट से मिलने के लिए जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उनको बीच में रोक लिया। उन्होंने पुलिस से रिक्वेस्ट भी, लेकिन पुलिस ने उनको आगे नहीं जाने दिया और लाठी से रोकने की कोशिश की। वोट चोरी का आरोप लगाया कांग्रेस यूथ अध्यक्ष उदय चिब ने कहा कि यह सरकार वोट चोरी करके सत्ता तक पहुंची है। आरोप लगाया कि बीजेपी ने चुनाव आयोग तक को अपने प्रभाव में ले रखा है और कमिश्नर को भी अपना एजेंट बनाकर बैठाया हुआ है। बीजे लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश रच रही है, जो देश के खिलाफ सबसे बड़ा द्रोह है। कांग्रेस इसे होने नहीं देगी और लोकतंत्र बचाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। आचार संहिता के बीच सुविधाएं बांटने के आरोप उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी तरह की सरकारी सुविधाओं की घोषणा या वितरण की अनुमति नहीं होती, लेकिन इसके बावजूद महिलाओं की जेब में 10-10 हजार रुपए डाल दिए गए। यह सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन है। जनता के टैक्स का पैसा चुनाव में फायदा लेने और वोट चोरी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसका यूथ कांग्रेस खुलकर विरोध कर रही है। खिलाड़ियों की अनदेखी का भी मुद्दा उठाया हरियाणा के बास्केटबॉल खिलाड़ी की मौत पर उदय चिब ने दुख जताया। कहा कि खिलाड़ियों ने राज्य का नाम रोशन करने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन सरकार ने इनकी अनदेखी की। जब खिलाड़ियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई तो उनकी सुनवाई तक नहीं हुई। यह सरकार झूठे वादे करके सत्ता में आती है लेकिन पूरा कुछ नहीं करती।

# जी एम एन कॉलेज ने नेशनल एजुकेशन पालिसी 2020 के प्रावधानों के बारे में. स्कूली छात्रों को किया जागृत

**अम्बाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी के शिक्षकों द्वारा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बकरा मार्केट अंबाला छावनी में क्षमता निर्माण विषय पर एक व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती आरती और एनसीसी अधिकारी अशोक कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा और प्रोफेशनल जगत से जुड़े नए अवसरों के प्रति जागरूक, आत्मविश्वासी और सशक्त बनाना था। यह इंटरैक्टिव सत्र जी.एम.एन. कॉलेज अंबाला छावनी के अंग्रेजी विभाग एवं लैंग्वेज लैब की सह-प्राध्यापक डॉ. कमलेश कुमारी, सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योति सौरोत और सुश्री मेहक तलवार द्वारा संचालित किया गया।

# बदलती लाइफ स्टाइल से बढ़ रहे हैं जीआई कैंसर के मरीज : मनीष

## करनाल में अब उपलब्ध रहेंगे जीआई कैंसर के विशेषज्ञ

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 29 नवंबर।** बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के जीआई ऑन्कोसर्जरी विभाग के डायरेक्टर एवं यूनिट हेड - डॉ. मनीष जैन, और जीआई ऑन्कोसर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. अभिषेक अग्रवाल ने कहा है कि बदलती लाइफ स्टाइल  से जीआई कैंसर की संभावना बड़ी हैं। पहले जीआई कैंसर की बीमारी साठ साल की उम्र के लोगों में होती थी। लेकिन बदलती लाइफ स्टाइल के कारण जीआई कैंसर की लपेट में चालीस साल से कम उम्र के लोग आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि फाइवर युक्त खाना खाने से कैंसर से बचा जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि भारत में हर 27 वें व्यक्ति को जीआई कैंसर हैं वह करनाल में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल दिल्ली, ने आज करनाल के एनपी रावल हॉस्पिटल में अपनी जीआई ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। ओपीडी का शुभारंभ बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के जीआई ऑन्कोसर्जरी विभाग के डायरेक्टर एवं यूनिट हेड - डॉ. मनीष जैन, और जीआई ऑन्कोसर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर - डॉ. अभिषेक अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एनपी रावल हॉस्पिटल, करनाल, के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. नेत्रपाल रावल, तथा सीनियर सर्जन डॉ. प्रवीन गर्ग, भी मौजूद रहे। इस अवसर पर डा.नैत्रपाल रावल ने बताया कि डॉ. मनीष जैन और डॉ. अभिषेक अग्रवाल, अब हर महीने के दूसरे और चौथे गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक एनपी रावल हॉस्पिटल, करनाल, में प्राथमिक कंसल्टेशन और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे। जीआई ऑन्कोसर्जरी विभाग के डायरेक्टर एवं यूनिट हेड - डॉ. मनीष जैन, ने कहा, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर्स जीआई ट्रैक्ट और डाइजेस्टिव सिस्टम को प्रभावित करते हैं, जिनमें इसोफेगस, स्टमक, स्मॉल और लार्ज इंटेस्टाइन, लिवर, गॉलब्लैडर, पैनक्रियास आदि शामिल हैं। ये कैंसर किसी भी अंग में अल्सर या मास के रूप में शुरू हो सकते हैं और समय पर ध्यान न देने पर तेजी से अन्य हिस्सों में फैल सकते हैं। एडवांस सर्जिकल टेक्नोलॉजी की मदद से अब हम इन प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी तरीके से कर सकते हैं, जिसमें न्यूनतम पोस्ट-ऑपरेटिव केयर और तेज रिकवरी मिलती है। नई सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी में नवीन तकनीकों के साथ कॉम्प्रिहेंसिव कंसल्टेशन, ट्रीटमेंट प्लानिंग और फॉलो-अप सेवाएं उपलब्ध होंगी। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, , के जीआई ऑन्कोसर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर - डॉ. अभिषेक अग्रवाल, ने कहा, इन ओपीडी सेवाओं का उद्देश्य करनाल और आसपास के लोगों को कैंसर की कंसल्टेशन और उपचार उनके ही शहर में उपलब्ध कराना है। हमारा लक्ष्य लोगों में कैंसर के लक्षणों को लेकर जागरूकता बढ़ाना है, जैसे शरीर में गांठें, खून की उल्टी, निगलने में परेशानी, वजन कम होना और अन्य गंभीर संकेत। इस ओपीडी से बड़ी संख्या में मरीजों को लाभ मिलेगा क्योंकि अब उन्हें प्राथमिक कंसल्टेशन के लिए मेट्रो शहरों का सफर नहीं करना पड़ेगा और समय पर डायग्नोसिस व सही इलाज मिल सकेगा।

# सामुदायिक केंद्र का पुराना भवन गिराकर बनेगा 4 मंजिल एफ एंड सी कमेटी ने 6 करोड़ का टेंडर किया मंजूर

## सैक्टर 6 में ड्रेनेज व्यवस्था के लिए कंक्रीट ब्रिक्स ड्रेनेज की मरम्मत का काम शुरू

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



पंचकूला। नगर निगम सेक्टर 19 स्थित सामुदायिक केंद्र के पुराने भवन को तोड़कर 4 मंजिल के नए भवन का निर्माण जल्द शुरु करने जा रहा है। स्थानीय लोगों की सामुदायिक केंद्र को समारोह या आयोजन के लिए हाई टेक बनाने की मांग कर रहे थे। नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी ने सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए 6 करोड़ रुपए की राशि मंजूर कर दी है। अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होंगें।

मेयर कुलभूषण गोयल के सामने कमेटी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी उनकी समीक्षा निरंतर की जाएगी। पंचकूला नगर निगम की वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक कुलभूषण गोयल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पिछले एजेंडों पर विस्तृत चर्चा हुई और विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने महापौर को शहर में जारी और प्रस्तावित परियोजनाओं की जानकारी दी गई।सैक्टर 27 वृद्ध आश्रम में बिजली का कनेक्शन सोमवार तक जारी कर दिया जाएगा। कमेटी में आए प्रस्तावों पर चर्चा की गई। सैक्टर 7 सामुदायिक केंद्र का रुका हुआ कार्य अब दोबारा शुरू हो चुका है। शहर के सभी सामुदायिक केंद्रों में एयर कंडीशनर लगाने का अलॉटमेंट भी जारी हो गया है।

**री-कारपेटिंग का कार्य अप्रूवल के लिए लंबित:** सैक्टर 4 की सड़कों की री-कारपेटिंग का कार्य अप्रूवल के लिए लंबित है। उधर , 14 व 20 की सड़कों की री-कारपेटिंग टेंडर रेट अप्रूवल भी लंबित है। मेयर ने कहा कि सड़कों की समीक्षा की गई है। सेक्टर 8, 9, 10, 7 और 16 में लगभग 3.30 करोड़ रुपये की सड़कों के कार्य कराए जाएंगे। वार्ड नंबर 2 के गांव भैंसा टिब्बा और सकेतड़ी में लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से सड़कें री-कारपेट होंगी।

**जिम उपकरणों पर खर्च होंगे 95 लाख:** मेयर ने बताया कि सैक्टर 6 में ड्रेनेज व्यवस्था के लिए यहां कंक्रीट ब्रिक्स ड्रेनेज की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं शहर के पार्कों में जिम उपकरण लगाए जाने हैं। विभिन्न पार्कों में जिम उपकरण लगाने के लिए 95 लाख रुपये का टेंडर स्वीकृत हो चुका है।

**मलबे को रिसाइकिलिंग के लिए मिली जगह:** मेयर ने कहा कि शहर में निकलने। वाले कंक्रीट वो मलबे को रिसाइकिल किया जाएगा। इसके लिए निगम काफी समय की जगह तलाश कर रहा था। अब गांव जेलौली में जमीन निर्धारित की गई है। इसकी बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 75 लाख रुपये का टेंडर अलॉट कर दिया गया है।

**इन कामों को मंजूरी**

कपड़ा वेंडिंग मशीनें लगाई जाएंगी। शहर में 100 क्लॉथ वेंडिंग मशीनें लगाने की योजना है। एक कंपनी ने टेंडर डाला है। यह टेंडर तीन बार पहले भी लगाया जा चुका है और अब इसे खोला जाएगा। उधर सैक्टर 19 में स्ट्रॉम वॉटर लाइन बिछाई जाएगी। वॉटर लाइन बिछाने का कार्य भी जल्द शुरू होगा।

# हरियाणा की खेल नीति देश में मॉडल: खेल आधारभूत ढांचे के कायाकल्प पर सरकार का 114 करोड़ का व्यापक प्रबंध: गौरव गौतम



अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

पंचकूला। हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि राज्य की खेल नीति आज पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ मॉडल के रूप में स्थापित हो चुकी है। खिलाड़ी अगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, तो इसके पीछे सरकार द्वारा प्रदान की जा रही आधुनिक, सुरक्षित और विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रमुख कारण हैं। ताऊ देवी लाल स्टेडियम, पंचकूला में विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने हाल ही में प्रदेश में दो खिलाड़ियों की मृत्यु की दुखद घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और कहा कि ऐसी स्थितियों को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के खेल स्टेडियमों, मैदानों और उपकरणों के पुनर्विकास, उन्नयन और मरम्मत के लिए 114 करोड़ रुपये की विशेष राशि जारी की जा चुकी है। साथ ही जिला खेल परिषद (डीएससी) की उपलब्ध राशि का बड़ा हिस्सा भी जिला स्तर के मैदानों के कायाकल्प पर खर्च किया जाएगा। मंत्री ने आश्वस्त किया कि मात्र तीन महीनों में इन सुधारों के सकारात्मक परिणाम नज़र आएंगे।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पंचायत, नगर पालिका, नगर परिषद और हुडा के अंतर्गत आने वाले सभी खेल मैदानों व स्टेडियमों की तत्काल संयुक्त जांच कर विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाए। जिन खेल परिसरों की स्थिति अत्यंत खराब पाए जाने पर खिलाड़ियों को वहां अभ्यास की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिला खेल अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि खेल विभाग मैदानों को ए, बी, सी और डी ग्रेड में वर्गीकृत करेगा, ताकि वैज्ञानिक आधार पर उनकी स्थिति का मूल्यांकन किया जा सके। ए ग्रेड मैदान उत्कृष्ट व सुरक्षित, बी ग्रेड सामान्य लेकिन खेलने योग्य, सी ग्रेड मरम्मत के बाद उपयोग योग्य और डी ग्रेड पूरी तरह अभ्यास हेतु प्रतिबंधित होंगे। राज्यमंत्री गौतम ने कहा कि फर्जी खेल नर्सरियों पर पूर्ण रोक लगाई जाएगी और पूरे ढांचे की मॉनिटरिंग वे स्वयं करेंगे। बैठक में निदेशक संजीव वर्मा, अतिरिक्त निदेशक अश्वनी मलिक और जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में एक युवक पर केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। एक (19 साल की) लड़की की शिकायत पर जीरकपुर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ उसकी छोटी नाबालिग बहन को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने लड़की की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में लड़की ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। उसने बताया कि उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है और वह अपने छोटे भाई और छोटी बहन के साथ जीरकपुर में रहती है। उसने बताया कि वह 14 नवंबर को उत्तर प्रदेश में अपनी नानी के घर एक शादी में शामिल होने गई थी, लेकिन 16 नवंबर को लौटने पर उसे पता चला कि उसकी छोटी नाबालिग बहन 15 नवंबर को काम पर गई थी और शाम को घर नहीं लौटी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके जान-पहचान वालों से पता चला है कि उत्तर प्रदेश के संभल जिले का रहने वाला लव नाम का एक युवक उसकी छोटी बहन को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि चूंकि यह मामला नाबालिग लड़की से जुड़ा है आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

# एरियर पर रार: विपक्षी कांग्रेस नाराज, इनेलो के निशाने पर मेयर

इनेलो का आरोप सफाई कर्मियों को एरियर का तोहफा नहीं, अनुसूचित आयोग ने दिलवाया हक

कर्मचारी मेयर को कर चुके सम्मानित , कहा मेयर के प्रयास से हुआ संभव



अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। नगर निगम चुनाव से ठीक पहले सालों से लंबित पड़े सफाई कर्मचारियों का एरियर विपक्षी कांग्रेस की नाराजगी के बाद अब इनेलो के सवालों में घिरता नजर आ रहा है। हालांकि, एरियर का भुगतान होने के बाद कर्मचारी मेयर को इसका श्रेय देते नहीं थक रहे हैं। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष मनोज अग्रवाल का कहना है कि जो एरियर सालों पहले कर्मचारियों को मिल जाना चाहिए था, अब 9 साल के बाद अनुसूचित जाति आयोग के हस्तक्षेप से यह संभव हो सका है। यानी आयोग के कड़ा रुख अपनाते ही निगम ढीला पड़ गया। इनेलो के प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने आरोप लगाया कि नगर निगम ने सफाई कर्मचारियों को कोई तोहफा नहीं बल्कि आयोग ने सफाई कर्मचारियों को उनका हक दिलाया है।

**9 साल पुराना मामला, आयोग को कर्मियों ने लगाई गुहार:** इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष शहरी पंचकूला एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि सफाई मित्रों द्वारा एरियर देने की मांग को लेकर दिए गए ज्ञापनों तथा किए गए धरना प्रदर्शनों के बावजूद निगम द्वारा टालमटोल की जा रही थी। वर्ष 2017 से यानी लगभग 9 वर्ष से मामला लटकाया गया था। आखिर हार कर सफाई मित्रों ने हरियाणा अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग में गुहार लगाई। आयोग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मेयर कुलभूषण गोयल, कमिश्नर नगर निगम तथा महानिदेशक स्थानीय निकाय विभाग को 11 नवम्बर को व्यक्तिगत तौर पर पेश होकर रिपोर्ट देने को कहा लेकिन उपरोक्त में से कोई भी पेश नहीं हुआ। पेश न होने की स्थिति में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कानून के तहत कार्यवाही कर वारंट जारी किए जाने का संकेत भी दिया। गिरफ्तारी के भय से अफसरों ने मात्र आठ दिन में एरियर देने का फैसला कर दिया जबकि गरीब सफाई मित्रों का मामला नो साल से लंबित था।

**मेयर के हस्तक्षेप से खाते में पहुंची राशि:** शहर के सफाई कर्मचारियों को करीब 9 करोड़ रुपये का बकाया एरियर जारी होने पर सफाई यूनियन के पदाधिकारियों ने पंचकूला महापौर कुलभूषण गोयल से एक दिन पहले मुलाकात कर उनके प्रयासों की सराहना की। यूनियन प्रतिनिधियों ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी इस मांग को लेकर विभाग के चक्कर काट रहे थे। पिछले दिनों उन्होंने इस मुद्दे को लेकर महापौर से भी भेंट की थी, जिसके बाद महापौर गोयल ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि महापौर के हस्तक्षेप के बाद अब कर्मचारियों के खाते में 1 लाख से 1.50 लाख रुपये तक की राशि पहुंच गई है।

# नयागांव में बेसमेंट से फंसा सांड सुरक्षित निकाला

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता



न्यू- चंडीगढ़। नयागांव शहर के बीचो-बीच लाल कोठी के पास एक सांड तीन दिन से कुलदीप सिंगला की नवनिर्माण दुकान की बेसमेंट में घुस गया। इससे वहां उस क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुकान में मौजूद दुकानदार समेत अन्य लोगों ने अपनी जान बचाई। बाद में नगर काउंसिल नयागांव के वार्ड -13 की पार्षद अमनदीप कौर मंड वहां पहुंची । पार्षद अमनदीप कौर मंड ने नगर काउंसिल के सेनेटरी सुप्रीडेंट श्री जंग बहादुर जी को बोल कर कुछ सफाई कर्मचारी बुलाये तथा जे से बी मशीन की सहायता से सांड को दुकान की बेसमेंट से निकालने का प्रयास करते रहे इस मौके पर लगभग 30 से अधिक लोग सांड को बाहर निकालने में सहायता कर रहे थे । इस मौके पर अग्निशमन भी बुलाई गई थी। पार्षद अमनदीप कौर मंड के साथ मनदीप कौर,गुरलीन कौर,परमजीत कौर , पैट डाक्टर जस , पूर्व मार्केट कमेटी के प्रधान देस राज बंसल,चिरंजीव राजू वर्मा सहित वार्ड-13 के वार्ड वासी लोगों ने इस सांड को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। वह दुकान से जैसे तैसे बाहर निकला गया । तीन दिन तक दुकान की बेसमेंट पर इस सांड का कब्जा रहा। लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। लोगों को कहीं सांड उन पर हमला न कर दे। बाद में लोगों ने जैसे-तैसे सांड को दुकान की बेसमेंट से बाहर निकाला। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। दुकान के मालिक कुलदीप सिंगला ने सभी लोगों धन्यवाद किया।

# महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव उत्साह व सांस्कृतिक रंगों के साथ संपन्न



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, एमडीएवी भवन, दरिया का वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और सांस्कृतिक विविधता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिकागो, अमेरिका से पधारे एनआरआई सुदर्शन गर्ग, अनीता गर्ग और प्रेम विज द्वारा दीप प्रज्वलन और गायत्री मंत्र के साथ हुआ। रघुनाथ राय आर्य और ईश्वरी हिंदूजा मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार प्रेम विज और अनीता गर्ग ने की। अनीता मिढा, निखार आनंद मिढा, प्रेमी देवी, प्रदीप शुक्ला, बलजीत सिद्धू, पिंकी और जेपी राणा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। छोटे-छोटे बच्चों ने वेलकम सॉंग और नृत्य से मेहमानों का मन मोह लिया। 'मेरे पापा' और सोशल मीडिया जागरूकता पर प्रस्तुत नाटक ने सभी को प्रभावित किया। दादा-दादी एवं नाना-नानी पर आधारित नृत्य-नाटक विशेष आकर्षण रहा। नर्सरी के बच्चों की प्रस्तुति 'छोटा बच्चा जान के' ने खूब तालियां बटोरीं। पैट्रन सुदर्शन गर्ग और प्रेम विज ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल सर्वांगीण विकास पर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। प्रिंसिपल डॉ. विनोद शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का समापन रंगारंग गिद्दा प्रस्तुति से हुआ।

# 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं' अभियान के तहत स्टूडेंट्स ने निकाली रैली

अर्थ प्रकाश/सोनू

**रायपुररानी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रायपुररानी के तत्वावधान में सीएचसी रायपुररानी और खंड के आयुष्यान आरोग्य मंदिर, बधौर में रैली का आयोजन किया गया। प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत आयोजित की गई। रैली के दौरान लोगों को बताया गया कि बेटियों को बचाने और समाज में लिंगानुपात को संतुलित करने में शिक्षा की अहम भूमिका है। बेटियों को कोख में मरने से बचाने की शपथ दिलवाई गई और यह अपील की गई कि यदि कहीं महिला भ्रूण हत्या जैसा अपराध होता दिखे, तो तुरंत अधिकारियों को सूचित किया जाए। रैली में किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों, संतुलित आहार, अनीमिया से बचाव, नशे से दूर रहने, मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई

# मार्केट सेक्टर 14 पंचकूला में हुआ 50 यूनिट्स रक्त एकत्र

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला।** अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए विश्वास फाउंडेशन पंचकूला, एचडीएफसी बैंक व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा पंचकूला ने गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से सेक्टर 14-15 की डिवाईडिंग रोड पर मार्केट सेक्टर 14 पंचकूला में रक्तदान शिविर आयोजित किया। ब्लड बैंक सिविल अस्पताल सेक्टर 6 पंचकूला की टीम ने डॉक्टर अमित सम्मी की देखरेख में 50 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया। विश्वास फाउंडेशन के जॉइन्ट सेक्रेटरी ऋषि सरल विश्वास ने बताया की शिविर का उद्घाटन उपायुक्त पंचकूला श्री सतपाल शर्मा, आईएएस, विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास व महापौर नगर निगम पंचकूला श्री कुलभूषण गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर व रक्तदाताओं को बैज लगाकर की गई। सभी रक्तदाताओं को मौके पर प्रशंसा पत्र व उपहार भी मुख्यातिथि द्वारा दिए गए। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉक्टर विशाल सैनी व विश्वास फाउंडेशन से मूलखराज मनोचा, सुनीता मनोचा, पंकज ढींगरा, मंजूषा ढींगरा, पवन मनचन्दा, हर्ष मनचन्दा उपस्थित रहे। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान जैसा पुनीत काम सबसे बड़ी सेवा में आता है।

# तीन सपा सेंटरों पर देह व्यापार का भंडाफोड़

पुलिस की विशेष कार्रवाई में कई काबू

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर।** जीरकपुर। थाना जीरकपुर पुलिस ने शुक्रवार शाम गश्त और विशेष नाकेबंदी के दौरान बड़े स्तर पर देह व्यापार का पर्दाफाश किया। इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर जीवन सिंह, हवलदार अनिल कुमार व महिला हवलदार हरविंदर कौर की टीम मेट्रो मॉल के पास मौजूद थी, तभी पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि वीआईपी रोड स्थित तीन स्पा सेंटर दि रशियन स्पा , दि नेचर स्पा और टी-3 स्पा में देह व्यापार का धंधा खुलेआम चल रहा है।

सूचना के अनुसार, स्पा संचालक बाहर से लड़कियां बुलाकर ग्राहकों से मोटी रकम वसूलते हैं। मुखबिर ने यह भी बताया कि शुक्रवार को भी 4-5 लड़कियों को बुलाया गया है और मौके पर दबिश देने से स्पा मालिक, किरायेदार, लड़कियां और ग्राहक रंगे हाथों पकड़े जा सकते हैं। सूचना की गंभीरता देखते हुए पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की। स्पा में देह व्यापार चलाने की पुष्टि होने पर पुलिस ने अज्ञात मालिकों और ग्राहकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 111 और इमोरल ट्रैफिक प्रिवेंशन एक्ट की धाराओं 3, 4 और 5 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना जीरकपुर में मुकदमा दर्ज करने के बाद एफआईआर की प्रतियां क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई हैं। उधर, पुलिस ने मोके की कार्रवाई से कंट्रोल रूम को भी सूचित कर दिया है। मामले की आगे जांच जारी है।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया चंडीगढ़ क्षेत्र में रिटेल ऋण आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया केन्द्रीय कार्यालय द्वारा संचालित अखिल भारतीय रिटेल ऋण आउटरीच अभियान के तहत चण्डीगढ़ क्षेत्र में आज एक सफल एवं प्रभावी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई से पधारे महाप्रबंधक डी.के. अर्जवानी ने की। उनके साथ क्षेत्रीय प्रमुख राम कुमार यादव, बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं एस.डी. कॉलेज, सेक्टर-32 के प्रधानाचार्य डॉ. अजय शर्मा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों द्वारा ग्राहकों को सेंट गृह लक्ष्मी योजना, सेंट होम लोन, सेंट व्हीकल लोन एवं सेंट गोल्ड लोन सहित बैंक की प्रमुख रिटेल ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्राहकों की शंकाओं के समाधान हेतु सुझाव एवं प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अर्जवानी ने अपने संबोधन में बैंक की रिटेल योजनाओं, ग्राहक सेवा पहलों तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म 'सेंट ईज़' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के दौरान रिटेल योजनाओं के अंतर्गत 45.45 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए।

## जुलाना में जजपा का 8वां स्थापना दिवस

# दिसंबर को सरकार की कुंभकर्णी नींद तोड़ने को जुटें सभी कार्यकर्ता: ओ.पी. सिहाग

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



पंचकूला, 29 नवम्बर- जननायक जनता पार्टी का 8वां स्थापना दिवस जुलाना ( जींद) में बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसकी तैयारी करने के लिए आज जजपा पंचकूला के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक सेक्टर 21 पंचकूला में हुई जिसमें कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जजपा जिला पंचकूला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा कि जुलाना में जहां प्रदेश भर से लाखों लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता पार्टी का 8वां स्थापना दिवस मनाएंगे वही प्रदेश के युवाओ, महिलाओं एवं किसान विरोधी सरकार जो कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है उसको युवा नेता दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में जगाने का काम करेंगे। उन्होंने पंचकूला के सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 7 दिसंबर को बहुत बड़ी संख्या में लोगों के साथ जुलाना पहुँच कर इस सरकार की चूलें हिलाने का काम करे ताकि बीजेपी के घमंड में चूर एवं भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबे नेता आम आदमी के हितों को सुध ले। उन्होंने कहा कि धर्म व जाति के झुनजने से ज्यादा समय तक लोगों को बेवकूफ़ नहीं बनाया जा सकता। अब लोग अपने हकों एवं हितों को पाने के लिए लालायित हो रहे हैं। सिहाग ने कहा कि लोगों को पेट भरने , शांत, स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन जीने के लिये अच्छे रोजगार के अवसरों, अच्छी शिक्षा , चिकित्सा एवं अच्छी कानून व्यवस्था की जरूरत होती है पर बीजेपी सरकार इन सभी मोर्चों पर विफल साबित हुई है ।

इस अवसर पर पार्टी की वरिष्ठ नेत्री महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रभारी एवं जिला पंचकूला प्रभारी किरण पूनिया ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सिर्फ भीड़ इकट्ठा करना ही मकसद नहीं है बल्कि देश प्रदेश की जनता को यह मैसेज देने का प्रयास होगा कि केवल जजपा ही प्रदेश के आम आदमी के हितों को लेकर गम्भीर है तथा भविष्य में बीजेपी का विकल्प है। उन्होंने कहा कि हम जितनी बड़ी संख्या में जुलाना में पहुँचेंगे उतने ही नजदीक प्रदेश की बागडोर हमारी पार्टी के हाथो में होगी जिससे हमारे नेता दुष्यंत चौटाला इस प्रदेश को कुशासन से छुटकारा दिलाने का काम कर सकेंगे।

# जीरकपुर में तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारी, 38 वर्षीय शंकर की मौत, साथी घायल

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। फर्नीचर मार्केट रोड बलटाना मोड़ के पास बुधवार रात करीब 8 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में पटियाला निवासी शंकर (38) की मौत हो गई, जबकि उसका साथी टोनी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के भाई दया शंकर ने पुलिस को बताया कि वे हिमाचल से पटियाला लौट रहे थे और दो अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर चल रहे थे। शंकर अपने दोस्त टोनी के साथ बाइक पर आगे चल रहा था।

बलटाना मोड़ के नीचे तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही चंडीगढ़ नंबर की कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े। कार चालक ने घटनास्थल से भागने से पहले घायलों की मदद का आश्वासन दिया। राहगीरों ने दोनों को सिविल अस्पताल ढकोली पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने शंकर को मृत घोषित कर दिया, जबकि टोनी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शंकर कैटरिंग का काम करता था और परिवार का मुख्य सहारा था। उसके पीछे पत्नी और चार बच्चे राहुल (20), प्रिंस (18), सुमित (17) और अभिषेक (12) हैं।

बलटाना पुलिस चौकी ने आरोपी कार चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 281 और 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

गढ़ी सराय नामदार खां व गढ़ी उजाले खां में जनसंवाद व स्कूल के वार्षिकोत्सव में पहुंचे कैबिनेट मंत्री, बोले-

# जनता की जितनी सेवा करें कम, बच्चों में जोश भरें शिक्षक

एक करोड़ रुपए के विकास कार्यो का किया उद्घाटन, सैनी स्कूल को 21 लाख रुपए देने की घोषणा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



गोहाना। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डॉ अरविंद शर्मा में कोई फर्क नहीं है। दोनों समाज उत्थान की दिशा में एक ही सोच के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमन्त्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी सरकार निस्वार्थ भाव से जनता-जनार्दन की सेवा कर रही है।

शनिवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गढ़ी सराय नामदार खां में महाराजा शूर सैनी सभा द्वारा संचालित सैनी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में डॉ रीटा शर्मा के साथ मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचकर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया व संस्था को स्वैच्छिक कोष से 21 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री गढ़ी उजाले खां के कम्युनिटी सेंटर में जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। ग्रामीणों से संवाद करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि नायब सिंह सैनी एक शानदार नेता हैं, यहां की जनता ने विधानसभा चुनाव में भाजपा व उनकी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके कारण ही आज प्रदेश में लगातार तीसरी बार बनी सरकार उनके सांझे की सरकार है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी व डॉ अरविंद शर्मा में कोई फर्क नहीं है। दोनों आप लोगों की सेवा के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार ने बीते एक साल में 48 संकल्पों का वायदा निभाते हुए जनता-जनार्दन का भरोसा जीता है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में गरीब, मजदूर, युवा, महिला, किसान से लेकर उद्यमियों के उत्थान को लेकर निरन्तर काम किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने एक करो? रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इसमें गढ़ी उजाले खां में विभिन्न गलियों के नवनिर्माण का उद्घाटन व श्मशान भूमि टीन शेड का उद्घाटन शामिल है।

**विद्यार्थियों में शिक्षा की रुचि जगाएं शिक्षक**

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सैनी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में संबोधित करते हुए शिक्षकों से आह्वान किया कि वो विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करें। प्रत्येक विद्यार्थी के मन मे स्कूल जाने व पढ़ाई करने को लेकर जोश होना चाहिए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन द्वारा सैनी पब्लिक स्कूल को पांचवी से दसवीं कक्षा तक करने के प्रस्ताव पर खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वो इस संबंध में शीघ्र प्रस्ताव तैयार करके सरकार को भिजवाएं, ताकि आगामी प्रक्रिया पूरी की जा सके।

# नायब सैनी सरकार की खेल नीति सर्वश्रेष्ठ: बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सोनीपत में सीए प्रकोष्ठ की भारत क्रिकेट लीग सीजन-2 का किया शुभारंभ

नायब सैनी सरकार हरियाणा को खेलों में पहले नंबर पर रखने की दिशा में कार्य कर रही है

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली शनिवार को सीए प्रकोष्ठ की भारत क्रिकेट लीग (बीसीएल) सीजन-2 प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत क्रिकेट लीग का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री बड़ौली ने प्रदेशभर से आए युवा खिलाड़ियों उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, चेयरमैन रविंद्र बलियाला, हरियाणा सीए प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नितिन बंसल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थिति रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति देश में सर्वश्रेष्ठ है। हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करके राज्य के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि नायब सैनी सरकार अपने खिलाड़ियों के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयासरत है और हरियाणा को खेलों में लगातार पहले नंबर पर रखने की दिशा में कार्य कर रही है।मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की सर्वश्रेष्ठ खेल नीति का परिणाम है कि हमारे खिलाड़ियों ने मेडलों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासन में रहना सिखाता है, इसलिए सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेल खेलें। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को निखारने के लिए नायब सैनी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है, तमाम खेल सुविधाएं खिलाड़ियों को उपलब्ध करवाई जा रही है। जिसके चलते हरियाणा के खिलाड़ियों ने हर अंतराष्ट्रीय खेल में दुनिया में हरियाणा का नाम रोशन किया है।मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि युवा पूरी मेहनत और लग्न के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करें। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षो में खेलों में मेडल हासिल करने में भारत ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है और देश के अंदर हरियाणा अग्रणी राज्य बना है। श्री बड़ौली ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वास जताया कि हरियाणा की युवा प्रतिभाएं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

# लीवान गांव में 2 करोड़ 19 लाख की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, पीने के पानी व गलियों का निर्माण कार्य शुरू



विधायक पवन खरखौदा, मेयर राजीव जैन तथा निगम पार्षद पुनीत राई ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**राई।** नगर निगम सोनीपत के वार्ड-8 के गांव लीवान में सोमवार को लगभग 2 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के तहत 75 लाख रुपये की लागत से यमुना पेयजल लाइन और 1 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से गलियों के निर्माण कार्य का कार्यारंभ विधायक पवन खरखौदा, मेयर राजीव जैन तथा निगम पार्षद पुनीत राई ने स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में किया। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि,गांव लीवान में लंबे समय से लोगों की पेयजल व सड़क संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। आने वाले समय में और भी विकास कार्य पूरे कराए जाएंगे। मेयर राजीव जैन ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र का संतुलित विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। किसी भी वार्ड को विकास में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि यह कार्य ग्रामीणों के सहयोग से समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएंगे। लीवान को मॉडल गांव बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम है। इस मौके पर डब्बू सरोहा, देव सरोहा, संदीप पाल, धर्मेन्द्र पाल, बॉबी वाल्मीकि, प्रदीप पूर्व सरपंच, जयकरण, नीरज सरोहा, सनी सरोहा, प्रवीण, राकेश कौशिक, सुरेश त्यागी, मोहित दहिया आदि मौजूद थे।

# न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

मुख्य न्यायाधीश सूर्या कांत व केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई। न्यायपालिका की स्वतंत्रता विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का निजी विश्वविद्यालय में शुभारंभ हुआ । कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्या कांत व विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित न्यायाभ्यास मंडप (न्याय प्रशिक्षण कक्ष) समर्पित किया गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय वाद-विवाद एवं विवाद निस्तारण अकादमी का लोकार्पण भी किया गया। आयोजन में विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश , पूर्व न्यायाधीश, वरिष्ठ विधिवेत्ता, शिक्षाविद एवं विधि विशेषज्ञ सम्मिलित हुए। सम्मेलन में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को भारतीय लोकतंत्र की मूल आत्मा बताते हुए विशेषज्ञों ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने यह सुनिश्चित किया था कि देश की न्यायपालिका किसीभी राजनीतिक, बाहरी अथवा आंतरिक दबाव से मुक्त रहकर कार्य करे। यही सिद्धांत भारतीय संविधान की मूल संरचना का आधार है, जो शासन की तीनों व्यवस्थाओं ङ्क कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका में संतुलन बनाए रखता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्या कांत सहित सर्वोच्च न्यायालय के अनेक न्यायाधीशों ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता एवं मूल संरचना सिद्धांत की आवश्यकता पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, संघीय ढाँचा तथा विधि का शासन संविधान की ऐसी मूल विशेषताएँ हैं जिन्हें संसद भी संशोधित नहीं कर सकती।

# आयुर्वेद और योग स्वस्थ समाज के निर्माण का मजबूत आधार: डॉ. राम अवतार सिंह

आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। आयुष विभाग सोनीपत के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार सिंह के दिशा-निर्देशन में शुक्रवार को जिला के विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जांच एवं योग-आयुर्वेदिक शिविर आयोजित किए गए। इसी क्रम में बाबा बांसुरी वाला मंदिर महरा में जेरिएट्रिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 90 मरीजों की जांच की गई। शिविर में डा. सुरेश दुग्गल, वीरभान व यशवीर ने सेवाएं प्रदान की। इसी प्रकार मारियो कंपनी बहालगढ़ में मेडिकल हेल्थ चेक-अप कैंप आयोजित किया गया, जिसमें 80 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैंप में पीएचसी खेवड़ा की डा. सोनाली ने चिकित्सा सेवाएं दी। इसके अतिरिक्त राजकीय कन्या उच्च विद्यालय पुरखास में पीएचसी पुरखास के चिकित्सक डा. सन्नी व आयुष योग सहायक दिनेश कुमार द्वारा योग एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को योग-प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया तथा रोगानुसार दवाइयां वितरित की गई। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार सिंह ने कहा कि आयुर्वेद और योग स्वस्थ समाज के निर्माण का मजबूत आधार हैं। विभाग द्वारा ऐसे शिविर आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि लोगों को रोग मुक्त रखने की दिशा में कार्य किया जा सके।

# मोहाली बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा साइबर सिक्योरिटी हब, विक्टर मोंगा

» कार्यक्रम में मूल रूप से फाजिल्का वासी विक्टर मोंगा यूएसए से विशेष रूप से शामिल हुए





**फाजिल्का (राज अरोड़ा)**- 2026 से मोहाली में साइबर सिक्योरिटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एडवांस्ड कोर्स शुरू किए जाएंगे, जो यूएसए . की वीटीएफ , पंजाब सरकार और साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ तरुण मल्होत्रा के सहयोग से संचालित होंगे।उनका स्पष्ट लक्ष्य है। मोहाली को विश्व का सबसे बड़ा साइबर सिक्योरिटी हैब बनाना। इसके लिए वे अमेरिका की अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी प्रशिक्षकों और अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण मॉडल को पंजाब में लागू करने की योजना पर तेज़ी से काम कर रहे हैं। नौकरी के पीछे मत भागो, खुद को इतना काबिल बनाओ कि नौकरी आपको खोजे विक्टर मोंगा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि-कौशल ही असली शक्ति है ,साइबर सिक्योरिटी दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता क्षेत्र है। सही प्रशिक्षण और मजबूत अनुशासन से भारत का कोई भी युवा वैश्विक स्तर पर ऊँची पहचान बना सकता हैउनके शब्दों ने विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास भर दिया।इस कार्यक्रम में इंस्पेक्टर रोहित हीरा इंचार्ज स्टेट डिजिटल फॉरेंसिक लैब पंजाब भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।विक्टर मोंगा ने उन्हें, तरुण मल्होत्रा और यूनिवर्सिटी प्रशासन को धन्यवाद करते हुए कहा- यूएसए से बुलाकर पंजाब के युवाओं से जुड़ने का अवसर देना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं जीवनभर अपने राज्य और देश के लिए काम करता रहूँगा। एमिटी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने साइबर सिक्योरिटी की नई तकनीकों, करियर के अवसरों और वैश्विक रुझानों को लेकर कई सवाल पूछे।कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने कहा कि आज उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और उन्हें एक नया, प्रेरणादायक रास्ता दिखाई दिया है। बता दें की फाजिल्का के प्रमुख शिक्षाविद डॉ विजय मोंगा के होनहार पुत्र विक्टर मोंगा अब यूएसए आईटी साइबर सिक्योरिटी में सेवाएं दे रहे हैं। जहा फाजिल्का ही नहीं बल्कि राज्य ,देश का नाम रोशन कर रहा है।

# अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार, न्यायालय मे पेश कर भेजा जेल

सोनीपत (अप्रस)। सोनीपत की पुलिस टीम ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आशु पुत्र भगत सिंह निवासी गांव सनपेड़ा जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनांक 28 नवबंर 2025 को थाना ॥स्द्भद्बष्ट बडी सोनीपत मे तैनात सहायक उप निरिक्षक बिट्टू अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पड़ताल हेतु गांव सनपेड़ा की तरफ जा रहे थे। जब पुलिस टीम गाडी को लेकर सनपेड़ा रोड़ पर रजबाहा पर पहुँची तो सडक पर एक नौजवान लडका पैदल पैदल सनपेड़ा की तरफ से आता दिखाई दिया। जो पुलिस की गाडी को देकर वह लडका एक दम मुडकर तेज-तेज कदमो से चलने लगा। पुलिस टीम ने शक की बिनाह पर युवक को काबू करके नामपता पुछा जिसने अपना नाम आशु पुत्र भगत सिंह निवासी गांव सनपेड़ा बतलाया। संदेह के आधार पर नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक आशु की पहनी हुई पैन्ट से एक देसी कट्टा बरामद हुआ जिसको खोलकर बैरल को चैक करने पर खाली मिली।

# टेलीकॉम सेक्टर में जियो न. एक पर कायम एयरटेल स्थिर: ट्राई रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। टेलीकॉम रेगुलेटर ट्राई की अक्टूबर 2025 रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस जियो ने सबसे तेज़ बढ़त के साथ इस महीने 19,97,843 नए सब्सक्राइबर जोड़कर सभी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया। यह वृद्धि उसके सबसे नज़दीकी प्रतिद्वंदी एयरटेल से 1.6 गुना ज़्यादा है। जियो का मार्केट शेयर भी बढ़कर 41.4त्न हो गया है, जो इस इंडस्ट्री में सबसे अधिक है। वहीं एयरटेल ने अक्टूबर में 12,52,874 नए ग्राहक जोड़े, कंपनी की ग्रोथ रफ्तार स्थिर बनी हुई है। हालांकि जियो की तेज़ रफ्तार के सामने एयरटेल की बढ़ोतरी तुलनात्मक रूप से कम दिखाई देती है। वोडाफोन आइडिया के लिए अक्टूबर एक और मुश्किल महीना रहा। कंपनी ने 20,83,618 सब्सक्राइबर खोकर भारी गिरावट दर्ज की, जिसके कारण उसका यूज़र बेस और कमजोर हुआ है। लगातार गिरावट से कंपनी की बाज़ार में स्थिति और चुनौतीपूर्ण होती जा रही है। सरकारी कंपनी बीएसएनएल ने अक्टूबर में 2,69,215 ग्राहक जो?ने के बावजूद बीएसएनएल और एमटीएनएल मिलकर सिर्फ़ 7.92त्न मार्केट शेयर संभाल पा रहे हैं, जबकि प्राइवेट प्लेयर्स की हिस्सेदारी 92.08त्न के स्तर पर है।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS | आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

I Sanjay Dogra S/o Shri Atma Ram r/o # 76,Type -C,NJHPS Colony,Jhakri Distt Shimla,HP have changed my minor son name Lavanaya Dogra to Lavay Dogra
एपी-5874

मैं, सुषमा पत्नी सुभाष चन्द, निवासी गांव डेरा, तहसील नारायणगढ़, जिला अम्बाला ने अपना नाम सुषमा से बदलकर सुषमा रानी कर लिया है।
एपी-5875

I Sudha Kamboj w/o Shri Sunil Kumar Kamboj R/O H.NO. 1002 Sector 44-B Chandigarh have changed my name from Sudha Kamboj to Sudha Kumari .

I Sunil Kamboj s/o Shri Harbhajan Dass Kamboj R/O H.NO. 1002 Sector 44-B Chandigarh have changed my name from Sunil Kamboj to Sunil Kumar Kamboj .
एपी-5876

मैं, नवरतन पुत्र कृष्ण कुमार, मकान नं 1317, सेक्टर 45, बुड़ैल चंडीगढ़ ने अपना नाम नवरतन से बदलकर नवरतन शर्मा रख लिया है।

मैं, भूपिंदर कौर सल्लन पत्नी राजविंदर सिंह निवासी न्यू मॉडल टाउन, इंदर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के पास, अमलोह रोड, खन्ना, तहसील खन्ना, जिला लुधियाना पंजाब पिन कोड 141401, भारत ने अपना नाम बदलकर भूपिंदर कौर रख लिया है।
एपी-5877

मैं, रजनी गुलाटी पत्नी अनुराग गुलाटी निवासी मकान नंबर 1737/6, रेड रोड, ज्योति नगर, थानेसर, कुरुक्षेत्र, हरियाणा ब्यान करती हूँ कि मैंने अपना नाम रजनी गुलाटी से बदलकर रजनी सेठी गुलाटी रख लिया है।

It is for general information that I, FULCHAND S/o PURAN CHAND Residence of 29, Gandhi Nagar, Pehowa, PO Pehowa, Distt Kurukshetra, Haryana - 136128, declare that name of mine has been wrongly written as PHOOL CHAND in my minor daughter namely POOJA KASHYAP aged 16 years in her 10th class CBSE mark sheet and name of my wife monika is wrongly written as MONI DEVI URF MONIKA in my daughter Birth Certificate . The actual names of mine and my wife are FULCHAND and MONIKA respectively. Which may be amended accordingly.
एपी-5878

मैं, आशीष कुमार पुत्र राजेश कुमार, निवासी बी-8, एचएसआईआईडीसी अपार्टमेंट, सेक्टर 14, पंचकूला, हरियाणा, ने अपना नाम आशीष कुमार से बदलकर आशीष कुलड़िया कर लिया है।

मैं, कि श्वेता दहिया प्त्नी श्री अमित शर्मा निवासी मकान न0-108/बी1 मॉडल टाउन नजदीक शिव मंदिर पिंजौर तहसील कालका जिला पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम श्वेता दहिया शर्मा एवं श्वेता से बदलकर श्वेता दहिया रख लिया है।
एपी-5880

मैं, शैली पत्नी धर्मिंदर वशिष्ठ निवासी #98-ए, सेक्टर-6, पंचकूला (हरियाणा)-134109 ने अपना नाम शैली से बदलकर शैली वशिष्ठ रख लिया है।
एपी-5881

मैं, ज्योति देवी, सैन्य संख्या-15786713L रैंक- हवलदार (डीएमटी) नाम- प्रकाश कुमार की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ। वर्तमान में यूनिट- 142 एडी रेजिमेंट (एसपी) सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गाँव- पेलगढ़ी पोस्ट-कुर्मिचक तह-गोड्डा जिला-गोड्डा राज्य -झारखंड 814156 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम ज्योति देवी से बदलकर ज्योति कुमारी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या-11AA 219090, दिनांक- 29/11/2025

I, MANISHA am Mother of Army No: 2821366Y Rank: Sep Name: Patil Rahul Ravindra Permanent Address: At Post: Fapore Bk, Taluka: Amalner, Amalner, Amalner, Jalgaon Maharashtra-425401 declare that I have changed my name from MANISHA to MANISHA RAVINDRA PATIL and Also Correct my Date of birth from 01/01/1980 to 01/01/1978. Vide Affidavit No: 11AA 219084, Dated;: 29/11/2025

I, GADADE TANGABAI BHIMRAO am Mother of Army No: 2812327Y Rank: Hav Name: Gadade Vikas Permanent Address: Gadade Pandhare Vasti, VTC: Goudwadi, Po: Gaudwadi, Dist: Solapor, State: Maharashtra, Pin: 413314 declare that I have changed my name from GADADE TANGABAI BHIMRAO to TANGAVA BHIMARAV GADADE and Also Correct my Date of birth from 01/01/1965 to 01/01/1961. Vide Affdavit No: 11AA 219086, Dated: 29/11/2025

I, SAVITA am Mother of Army No: 2820639K Rank: Sep Name- Kale Ratan Vishnu Permanent Address: Village: Kalyachiwadi, Post: Bhogalwadi, Tahsil: Dharur, District: Beed, State: Maharashtra, Pin: 431124 declare that I have changed my name from SAVITA to KALE SAVITA VISHNU. Vide Affdavit No: 11AA 219085, Dated: 29/11/2025

I, Army No-9927270H Rank- CHM Name-Mohd Abass Presently Posted at Unit: 5 Ladakh Scouts C/o 56 APO Permanent Address: Minji, Minji, Kargil, UT Ladakh, 194105 declare that I have Correct My Son's MANZOOR HUSSAIN Date of birth from 10/09/2016 to 10/09/2019. Vide Affidavit No: 11AA 219087, Dated: 29/11/2025

आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

I, Army No-9927270H Rank- CHM Name-Mohd Abass Presently Posted at Unit: 5 Ladakh Scouts C/o 56 APO Permanent Address: Minji, Minji, Kargil, UT Ladakh, 194105 declare that I have changed My Daughter's Name from PARVIN FATIMA to PARVEEN FATIMA. Vide Affidavit No: 11AA 219088, Dated: 29/11/2025

I, Army No-9927270H Rank- CHM Name-Mohd Abass Presently Posted at Unit: 5 Ladakh Scouts C/o 56 APO Permanent Address: Minji, Minji, Kargil, UT Ladakh, 194105 declare that I have Correct My Daughter's PARVEEN FATIMA Date of birth from 04/03/2014 to 04/03/2016. Vide Affidavit No: 11AA 219089, Dated: 29/11/2025
एपी-5879

I, No. JC-588795F, Rank - Nb Sub Name: Ali Hussain Present Posted at Unit: 2 Ladakh Scouts C/o 56 APO S/o Late Mohd Abdullah and R/o Village Karamba Post Office- Mulbeck, Tehsil- Shargol, District-Kargil State: UT Ladakh declare that in my Service record my Son Irfan Hussain's Date of Birth has been Wrongly /Mistakenly Recorded as 19/07/2014 but as per Civil / Govt documents My Son's correct Date of birth is 19/07/2015.
एपी-5879

बेदखली सूचना

मैं जसवंत सैनी पुत्र श्री पुन्नू राम, निवासी शिव कॉलोनी, रादौर, तह. रादौर, जिला यमुनानगर ब्यान करता हूं कि मेरा छोटा भाई सौरभ उर्फ ईशू की शादी दिनांक 02.03.2017 को नेहा निवासी गांव कलाल माजरा तह. बाबैन जिला कुरुक्षेत्र के साथ हुई थी। यह है कि मेरा उपरोक्त भाई और उसकी पत्नी मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई बोल-चाल व आना जाना नहीं रखते। यह है कि हमारा आज से मेरे उपरोक्त भाई-भाभी के साथ आना जाना वह कोई संबंध नहीं है और आज के बाद यदि इन पति-पत्नी का आपस में कोई लड़ाई झगड़ा होता है तो हमारी इस बारे किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उसके ये दोनों स्वयं जिम्मेवार होंगे।।
एपी-5882

खोया और पाया

मैं, मोना तिवारी पत्नी श्री विश्वनाथ तिवारी, निवासी मकान संख्या 372-पी, सेक्टर-8, पंचकूला (हरियाणा), एतद्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान एवं घोषणा करती/करता हूँ कि मैं मकान संख्या 372-पी, सेक्टर-8, पंचकूला (हरियाणा) की पूर्णतः स्वामिनी हूँ। उपरोक्त मकान संख्या 372-पी, सेक्टर-8, पंचकूला (हरियाणा) का हस्तांतरण विलेख सेक्टर-7, पंचकूला में खो गया है। यदि किसी को मिले तो कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।
एपी-5880

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

# अम्ब थाना देश के श्रेष्ठ थानों में शामिल

## ऊना जिले को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान, पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने दी बधाई

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा





ऊना। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक राष्ट्रीय सर्वेक्षण रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के अम्ब थाना ने पूरे देश में अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली के दम पर श्रेष्ठ थानों की सूची में स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि न सिर्फ प्रदेश पुलिस के लिए गौरव का विषय है, बल्कि ऊना जिला को राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान भी दिलाती है। अम्ब थाने को राष्ट्रीय स्तर पर 13 वां स्थान हासिल किया गया। गृह मंत्रालय द्वारा हर वर्ष देशभर के थानों का विभिन्न मापदंडों पर मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें अपराध नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई, जन शिकायतों के निपटारे की गति, पुलिस कार्यप्रणाली की पारदर्शिता, इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीक का उपयोग, महिला-बच्चों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, तथा थानों की संपूर्ण कार्यक्षमता शामिल रहती है। इन सभी पैमानों पर अम्ब थाना ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए शीर्ष श्रेणी में अपनी जगह बनाई है।

स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग के अनुसार, अम्ब थाना ने पिछले वर्षों में अपराधों पर नियंत्रण, नशा-नियंत्रण गतिविधियों पर तेजी, सड़क सुरक्षा अभियानों, तथा जनता से सकारात्मक संवाद के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। थाना परिसर के आधुनिकीकरण, सीसीटीवी नेटवर्क, डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन, और शिकायतकर्ता-अनुकूल वातावरण ने भी इसे अन्य थानों से अलग पहचान दी है।

ऊना जिला के पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने इस उपलब्धि पर थाना अम्ब की पूरी टीम को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि÷यह ऊना जिला के लिए गर्व का क्षण है। अम्ब थाना ने जिस निष्ठा, ईमानदारी और प्रोफेशनलिज़्म के साथ कार्य किया है, वह प्रदेश पुलिस के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जनता को सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल देना हमारी प्राथमिकता है और इसी दिशा में आगे भी निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने भी अम्ब थाना को इस सम्मान के लिए शुभ कामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पुलिस और जनता के बीच सहयोग व विश्वास की मजबूत कड़ी का परिणाम है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह उपलब्धि एक बार फिर साबित करती है कि ऊना जिला प्रशासन और पुलिस विभाग जनता की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और सेवा भावना को सर्वोपरि मानते हैं। अम्ब थाना की यह पहचान आने वाले समय में प्रदेश के अन्य थानों के लिए भी एक मानक स्थापित करेगी।

# आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को साइप्रस का समर्थन: अनुराग ठाकुर



अर्थ प्रकाश/ शिल्पा शर्मा

हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर में संसद भवन में स्पीकर ओम बिरला व अन्य साथी सांसदों के साथ साइप्रस के प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष सुश्री अनीता दिमेत्रियु के नेतृत्व में संसदीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक में दोनों पक्षों ने लोकतांत्रिक सहयोग व आपसी साझेदारी को और मजबूत करने की भारत और साइप्रस की साझा प्रतिबद्धता दोहराया।

इस मौके पर अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत और साइप्रस के आपसी साझा संबंध, लोकतांत्रिक मूल्यों, आपसी विश्वास और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर घनिष्ठ सहयोग दशकों पुराने हैं। साइप्रस ने हाल ही में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस से सम्मानित किया था जोकि भारत व साइप्रस संबंधों की प्रगाढ़ता का परिचायक है। साइप्रस सामरिक रूप से भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। इस बैठक में दोनों पक्षों ने संसदीय प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, और दोनों देशों के लोगों के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। अनुराग ठाकुर ने कहा कहा कि साइप्रस प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक मंच पर भारत के मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया व आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का समर्थन किया है। 30 वर्षों के बाद हो रही साइप्रस संसदीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों में एक मील का पत्थर है। साइप्रस के प्रतिनिधि मंडल ने भारत के सांसदों को वहाँ के भ्रमण का निमंत्रण दिया है। दोनों पक्षों के बीच रचनात्मक और दूरदर्शी संवाद ने निरंतर सहयोग की नींव रखी है तथा ऐतिहासिक मित्रता और आपसी विश्वास में निहित द्विपक्षीय संबंधों को और भी अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

# कुल्लू के गीता आश्रम में मनाया गया 35वां गीता जयंती समारोह

**इस दौरान करवाई गई स्कूलों की विभिन्न प्रतियोगिताएं**

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

कुल्लू। कुल्लू के गीता आश्रम में 35वां गीता जयंती समारोह मनाया गया। इस दौरान स्कूलों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। इस दौरान ला मॉन्टेसरी स्कूल, ढालपुर की रिधिमा ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ट्रिनिटी स्कूल, मोहल के भुवनेश ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिताएँ आज गीता आश्रम, रामशिला में आयोजित 35वें गीता जयंती समारोह के दौरान हुई। दोनों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और क्रमशः 3,100 तथा 2,001 की नकद राशि प्रदान की गई। सरस्वती विद्या मंदिर, बाशिंग की संस्कृति द्वितीय स्थान पर रही और उसे 2,100 का पुरस्कार मिला, जबकि भारत भारती स्कूल, ढालपुर की इशिता तृतीय स्थान पर रही और उसे 1,100 प्रदान किए गए। वाद-विवाद प्रतियोगिता में घाटी के 26 विद्यालयों से 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में पीएम श्री जीएसएसएस, सुल्तानपुर की परविना द्वितीय स्थान पर रही और उसे 1,501 मिले, जबकि कुल्लू वैली स्कूल, अखाड़ा की सन्विका तृतीय स्थान पर रही और उसे 1,001 प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता में कुल 39 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

जीएसएसएस, ढालपुर के विशाल शर्मा और ब्यास संस्कृत महाविद्यालय, सुल्तानपुर की साक्षी को वाद-विवाद प्रतियोगिता में 500 के सांत्वना पुरस्कार दिए गए। देव भूमि स्कूल, कुल्लू की सिमरन को चित्रकला प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार मिला। दोनों प्रतियोगिताओं में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि दयानंद गौतम ने वाद-विवाद प्रतियोगिता की थीम की सराहना की, जिसमें प्रतिभागियों को भगवद्गीता के अठारह अध्यायों में से किसी भी श्लोक की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत करनी थी और उसके आधुनिक जीवन में महत्व को स्पष्ट करना था। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ न केवल वाक्-कला में निपुणता प्रदान करती हैं, बल्कि हमारी संस्कृति और विरासत के गहन ज्ञान को भी बढ़ावा देती हैं। गीता तपोभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष अमन सिंह सूद ने छात्रों की उत्साही भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों ने श्रीकृष्ण-अर्जुन संवाद विषय पर सुंदर चित्र बनाए।

# मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने टांडा मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर सुविधाओं व ढांचे के सुदृढ़ीकरण का आश्वासन दिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



शिमला। मुख्य सचिव संजय गुप्ता, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, स्वास्थ्य सचिव एम. सुधा देवी और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा, कांगड़ा का दौरा किया और संस्थान की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने चिकित्सा महाविद्यालय से जुड़े विभिन्न मामलों पर भी प्राचार्य एवं फैकल्टी सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य सचिव, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं और निदेशक चिकित्सा शिक्षा के साथ समन्वय कर इन मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि महाविद्यालय की अधोसंरचना, सेवाओं और मरीज देखभाल सुविधाओं को और सशक्त किया जा सके।

उन्होंने शल्य चिकित्सा विभाग, हाई डिपेंडेंसी यूनिट तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग वार्ड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने मरीजों, चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ से विस्तृत बातचीत कर चिकित्सा सुविधाओं, मरीज देखभाल व्यवस्था और विभिन्न यूनिटों के समग्र संचालन की समीक्षा भी की।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलाप शर्मा ने चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, उनकी उपलब्धियों व विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

# जिला ऊना में शस्त्र लाइसेंसों की समीक्षा प्रक्रिया तेज, कमेटी गठित

अर्थ प्रकाश/ रोहित शर्मा


**ऊना।** जिला ऊना में सार्वजनिक सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने शस्त्र लाइसेंसों की व्यापक समीक्षा प्रक्रिया को और अधिक गति प्रदान की है। यह आदेश उपायुक्त ऊना ने माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी एक निर्णय के मुताबिक निर्धारित मानकों के तहत जिले में सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने को लेकर जारी किए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ऊना जतिन लाल ने बताया कि जिले के प्रत्येक उप-मंडल में एक उच्च-स्तरीय समिति गठित की गई है, जिसमें उप-मंडल मजिस्ट्रेट, पुलिस उपाधीक्षकध्संबंधित एसएचओ, तहसीलदार और वन विभाग के रेंज अधिकारी शामिल हैं। यह समिति उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी एक निर्णय की अनुपालना में सभी शस्त्र लाइसेंसों की विस्तृत समीक्षा करेगी। उपायुक्त ने बताया कि सभी लाइसेंस धारकों के लिए हथियार एवं गोला-बारूद जमा करवाने की अंतिम तिथि पहले 26 नवंबर निर्धारित की गई थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 28 नवंबर कर दिया गया था, ताकि सभी लाइसेंसधारकों को सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक ऊना को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 17 (बी, सी एवं डी) के अनुरूप सभी संबंधित अधिकारियों की रिपोर्ट समय पर उप-मंडल स्तरीय समितियों तक पहुंचाई जाए।


भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

कोई योग्य मतदाता छूटे न, कोई अयोग्य मतदाता जुड़े न

1- अंदमान और निकोबार द्वीप
2- छत्तीसगढ़
3- गोवा
4- गुजरात
5- केरल
6- लक्षद्वीप
7- मध्य प्रदेश
8- पुडुचेरी
9- राजस्थान
10- तमिलनाडु
11- उत्तर प्रदेश
12- पश्चिम बंगाल



ECINet A single unified mobile app for citizens
Integrates 40+ apps/websites related to voter services

पिछली SIR लिस्ट में अपना नाम जांचने के लिए इन स्टेप्स को फॉलो करें

Website के जरिए
- voters.eci.gov.in पर जाएँ
- "Search your name in last SIR" विकल्प को चुनें
- अपनी जानकारी भरें
  - राज्य चुनें
  - निर्वाचक का नाम दर्ज करें
  - Captcha भरकर Search पर क्लिक करें
- ज्यादा सटीक खोज के लिए रिश्तेदार का नाम चुनें; और अधिक सटीक खोज के लिए ज़िला/ विधानसभा क्षेत्र (AC) /भाग (Part) चुनें

ECINet APP के जरिए
- ECINet डाउनलोड करें और Voter Registration Forms पर क्लिक करें
- "Search your name in last SIR" विकल्प को चुनें
- अपनी जानकारी भरें
  - राज्य चुनें
  - निर्वाचक का नाम दर्ज करें
  - Captcha भरकर Search पर क्लिक करें
- ज्यादा सटीक खोज के लिए रिश्तेदार का नाम चुनें; और अधिक सटीक खोज के लिए ज़िला/ विधानसभा क्षेत्र (AC) /भाग (Part) चुनें

ऑनलाइन अपना गणना प्रपत्र ( Enumeration Form) भरें

ECI वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/ पर जाएं
- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, EPIC या ईमेल द्वारा OTP के माध्यम से लॉगिन करें
- SERVICES टैब में दिए Fill Your Enumeration Form पर क्लिक करें
- अपना राज्य चुनें, EPIC नंबर डालें और अपना Pre-Filled गणना प्रपत्र खोलें
- भारत से बाहर हैं तो Overseas Electors पर क्लिक करें और जानकारी भरें

ECINet APP
- APP Store पर जाएं
- ECINet APP डाउनलोड करें
- Voter Services टैब में जाएं और Voter Registration Form पर क्लिक करें



- Pre-Filled गणना प्रपत्र में अपनी जानकारी जांच लें
- अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर डालकर OTP के माध्यम से पूरा गणना प्रपत्र भरें
- गणना प्रपत्र में अपनी जानकारी जांचें, पिछली SIR लिस्ट से Linking करें, विवरण पूरा करें और फोटो अपलोड करें
- Preview में सभी जानकारी ध्यान से जांचकर Submit Enumeration Form पर क्लिक करें
- E-Sign करें और गणना प्रपत्र सफलतापूर्वक जमा करने की रसीद डाउनलोड करें

महत्वपूर्ण तारीख

| | |
|---|---|
| गणना प्रपत्र भरने की अवधि: | 4 नवंबर- 4 दिसंबर 2025 |
| मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशन: | 9 दिसंबर 2025 |
| दावे और आपत्तियों की अवधि: | 9 दिसंबर 2025 - 8 जनवरी 2026 |
| नोटिस फेज: | 9 दिसंबर 2025 - 31 जनवरी 2026 |
| अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन: | 7 फरवरी 2026 |

Visit ECI Website
https://voters.eci.gov.in/

CBC 52101/13/0018/2526

fb.com/ECI @ecisveep youtube.com/eci Election Commission of India @ecisveep Election Commission of India

## धमतान साहिब में 350वां शहीदी समागम, संगत का उमड़ा सैलाब

# कैबिनेट मंत्री बेदी हुए शामिल, गुरु तेग बहादुर साहिब जी को किया नमन

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 29 नवंबर।** गुरुद्वारा श्री धमतान साहिब में शुक्रवार को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी वर्ष पर भव्य और ऐतिहासिक समागम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी विशेष तौर पर पहुंचे और हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर साहिब जी को नमन किया। गुरुद्वारा परिसर में देश‌ङ्कविदेश से पहुंची विशाल संगत ने कार्यक्रम को अद्भुत श्रद्धा और उत्साह से भर दिया।

समागम की शुरुआत गुरबाणी के मधुर कीर्तन से हुई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग से सराबोर कर दिया। इसके बाद पंथ-प्रसिद्ध रागी, ढांडी वार, कविशरी जत्थों और कथा वाचकों ने गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन, त्याग, बलिदान और मानवता की रक्षा हेतु दिए गए उपदेशों को प्रेरणादायक ढंग से प्रस्तुत किया। भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर अरदास की और गुरु साहिब के बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने मुगलों के अत्याचारों से समाज की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता को बचाने का अतुलनीय बलिदान दिया। उन्होंने बताया कि धमतान साहिब से गुरु साहिब का तीन बार गहरा संबंध रहा है और यह स्थान स्वयं गुरु तेग बहादुर जी द्वारा स्थापित नींव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाएँ आज भी समाज को सत्य, साहस और मानवता की राह पर चलने का संदेश देती हैं और यह समागम उनके अद्वितीय बलिदान को पुनः जीवंत करता है।

मंत्री बेदी ने आगे कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने इसी पावन धमतान साहिब की भूमि पर किसानों को तंबाकू से दूर रहने और नशा छोड़ने का संदेश दिया था। उसी प्रेरणा से हरियाणा सरकार आज नशे के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि नशा करने और बेचने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी गुरु साहिब की शिक्षाओं को आधार मानकर प्रदेश और देश को नशामुक्त बनाने की दिशा में सतत प्रयासरत हैं। धमतान साहिब में आयोजित यह शहीदी समागम गुरु तेग बहादुर साहिब जी के आदर्शों, त्याग और मानवता की रक्षा के लिए किए गए बलिदान को समर्पित रहा और संगत के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बना।

मंत्री बेदी ने आगे कहा कि हरियाणा सरकार गुरु परंपरा और सिख इतिहास से जुड़े स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समाज के हर वर्ग को एकजुट करने, सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने और शहीदों के संदेशों को जन‌ङ्कजन तक पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ÷गुरु तेग बहादुर साहिब जी का जीवन संदेश न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि सामाजिक समरसता, त्याग, साहस और मानवता का अद्वितीय उदाहरण है। आज की पीढ़ी को उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर समाज को बेहतर दिशा में अग्रसर करने की आवश्यकता है।

समागम में उपस्थित संगत ने भी गुरु साहिब के जीवन के प्रेरणादायक प्रसंगों को सुनकर भावविभोर होकर अरदास की। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान ने मंत्री का फूल‌ङ्कमालाओं और सरोपा भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में धमतान साहिब से लेकर प्रदेश के विभिन्न गुरुद्वारों में कई दिन तक धार्मिक और सेवाभाव से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ना है।

## केएम राजकीय कॉलेज नरवाना में तीन दिवसीय कार्यशाला का सफल समापन

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 29 नवंबर।** के.एम. राजकीय कॉलेज, नरवाना में महिला प्रकोष्ठ एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दक्षता, मानसिक स्वास्थ्य, व्यावसायिक कौशल एवं भविष्य की करियर आवश्यकताओं के प्रति जागरूक और सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में नीलम विश्वविद्यालय, कैथल से पधारे कम्प्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री कुलदीप ने ÷आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और करियर ऑपच्युरुनिटीज इन द फ्यूचर÷ विषय पर प्रभावी व्याख्यान दिया। उन्होंने एआई की मूल अवधारणाओं, आधुनिक एआई टूल्स, स्वचालन के बढ़ते दायरे, तथा आने वाले समय में उपलब्ध रोजगार व स्टार्ट-अप अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। विद्यार्थियों ने इस विषय में गहरी रुचि दिखाते हुए कई सवाल पूछे, जिनका उन्होंने सरल व स्पष्ट रूप से उत्तर दिया।

द्वितीय सत्र में काउंसलर श्री सुरेन्द्र ने ÷स्ट्रेस मैनेजमेंट एंड इमोशनल रेसिलियंस÷ विषय पर सारगर्भित मार्गदर्शन दिया। उन्होंने तनाव के कारणों, उसके मानसिक एवं शारीरिक प्रभावों, तथा छात्रों के लिए उपयोगी व्यावहारिक उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को भावनात्मक संतुलन बनाए रखने, सकारात्मक सोच अपनाने और चुनौतियों के बीच मजबूत मानसिकता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। समापन अवसर पर संयोजकों ने बताया कि तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय की आवश्यक दक्षताओं से अवगत कराया। कार्यशाला में छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने इसे सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा आगंतुक विशेषज्ञों का धन्यवाद व सम्मान किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यावरण अध्ययन विषय पर कार्यशाला



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को पर्यावरण अध्ययन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की परियोजना की समझ को गहरा करना, उनके ज्ञान को सुदृढ़ करना और पर्यावरणीय रूप से स्थाई प्रयासों को अपनाने के लिए सहयोगात्मक विचारों का विकास करना था। कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा व मुख्य वक्ताओं द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यशाला का आयोजन सी.बी.एस.ई. द्वारा किया गया, जिसमें आसपास के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यो और शिक्षकों सहित करीब 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सी.बी.एस.ई. की ओर से रिसोर्स पर्सन दीप्ति वधवा और सीमा भाटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत कर शिक्षकों को जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल का स्टाफ भी मौजूद था।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** भारत विकास परिषद लाडवा द्वारा शनिवार को लाडवा के ऑक्सफोर्ड किड्स स्कूल में आंखों की नि÷शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी परिषद की प्रकल्प प्रमुख शिवानी गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में एक निजी अस्पताल के सहयोग से 215 बच्चों तथा स्टाफ सदस्यों की आंखों की जांच की गई, जिसमें से करीब 35 बच्चों की आंखों में समस्या पाई गई। भारत विकास परिषद प्रांतीय संगठन सचिव अरविंद सिंहल ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कैंप आयोजित किए जाते है, ताकि बच्चों को समय पर अपनी समस्या का पता लग सके तथा उसका उपचार हो सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ भारत का निर्माण करता है। स्कूल प्रधानाचार्य कमलजीत कौर एवं कॉर्डिनेटर अनीता जिंदल ने चिकित्सकों की टीम एवं भारत विकास परिषद के सदस्यों का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया तथा इस शिविर के आयोजन के लिए परिषद के सदस्यों का आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर परिषद के सभी सदस्य मौजूद थे।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** सत्य भारती स्कूल बडौंदी में नि÷शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों की लंबाई, वजन, हीमोग्लोबिन, दात, आंखों की जांच कर उपचार किया गया तथा बच्चों को शरीर को स्वस्थ रखने के बारे में जागरूक भी किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों के समग्र स्वास्थ्य आकलन तथा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। शिविर में लाडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम डा.श्याम लाल व विनित की टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उपचार किया। शिविर के दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा और सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर हैड टीचर नीशू रानी, पुनम रानी, सुशील कुमार, ऋतू राज, ममता, अंकित गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे।

## प्रिंट मैन्युफैक्चरिंग तारीख व एक्सपायरी तारीख के ही फ्लोर मिलों द्वारा बेचा जा रहा है आटा

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 29 नवंबर।** शहर में दुकानों में बड़े-बड़े शोरूम में बिकने वाला आटा जो की 5 किलो, 10 किलो व् 25किलो की थैलियां में मार्केट में उपलब्ध है। हर छोटी से लेकर बड़ी दुकानों पर यह बेचा जा रहा है पर जो यह थैली में जो आटा उपलब्ध है उस पर फ्लोर मिल वाले अपना नाम तो लिखवा लेते हैं पर उन थेलिओ पर कहीं भी न तो एमआरपी प्रिंट है, और ना ही मैन्युफैक्चरिंग तारीख और न ही एक्सपायरी तारीख प्रिंट है और जब यह दुकानों पर कई कई दिन पड़ा रहता है। बिकता नहीं है तब तब कोई उपभोक्ता खाने के लिए आटे की थैली ले जाता है जब घर जाकर थैली खोलता है उसमें जीवाणु (सुसरी) चल रहे होते हैं तब दुकानदार उपभोक्ता से थेली वापस लेने के लिए जब कहता है तब दुकानदार हिचकिचाहट महसूस करता है यह सब करने की आजादी शहर में फूड एंड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों ने फ्लोर मिल वालों को दी हुई है क्योंकि उन्हें टोहाना शहर की फ्लोर मिलो का निरीक्षण करें कई कई महीने हो गए हैं और किसी भी फ्लोर मिल वालों का सैंपल यह तो वर्षो ही हो गए हैं लगता है इसलिए फ्लोर मिल वाले अपने फायदे के लिए लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं फ्लोर मिल वालों की तरफ से किसी भी आटे की थैलियां पर रेट, तारीख, एक्सपायरी प्रिंट न करना एक बड़े घपले का अंदेशा है जिससे आयकर, विभाग मार्केट कमेटी विभाग व स्वास्थ्य विभाग को धर किनारे लगाकर मार्केट में आटा बेचा जा रहा है।

## मानसिक विकास पर कार्यशाला आयोजित

**लाडवा (विकास कश्यप)।** लाडवा के डिस्कवरी वर्ल्ड स्कूल में छात्रों के मानसिक विकास को लेकर रोबोटिक विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में स्कूल के छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त अन्य स्कूलों के बच्चों ने भी भाग लिया। कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्रों को रोबोटिक की आकर्षक दुनिया से परिचित कराया गया। इस कार्यशाला मे छात्रों को रोबोटिक्स सिस्टम के डिजाइन और प्रोग्रामिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में बच्चों ने स्मार्ट बिन, ब्लूटूथ कंट्रोल्ड, क्लैप कंट्रोल्ड, ऑब्सटेकल अवॉइडिंग, कलर सेंसर,रडार रोबोट बनाएं। रोबोटिक्स कार्यशाला के हेड विकास गोयल ने कहा कि ए.आई. एक परिवर्तनशील शक्ति के रूप में उभरा है, जिसने हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में क्रांति ला दी है।

# नरवाना में 7 दिसम्बर को होगा टैलेंट का महासंग्राम, दूर-दूर से आएंगे कलाकार

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 29 नवंबर।** सागर आर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष सागर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नरवाना में आगामी 7 दिसम्बर 2025 को भव्य टैलेंट का महासंग्राम आयोजित किया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से आने वाले कलाकार अपनी-अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे शुरू होगा और आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों से समय पर पहुंचने की अपील की है।



सागर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता को दो आयु वर्गो में विभाजित किया गया है। पहला वर्ग 7 से 18 वर्ष तक के प्रतिभागियों का होगा, जबकि दूसरा वर्ग 18 से 60 वर्ष तक के कलाकारों के लिए निर्धारित किया गया है। 18 से 60 वर्ष वाली श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 11,000 रुपये नकद पुरस्कार और अकादमी की ओर से मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। द्वितीय स्थान पर रहने वाले कलाकार को 5,100 रुपये, तथा तृतीय स्थान पाने वाले को 3,100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

इसी प्रकार 7 से 18 वर्ष की आयु वाले ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 5,100 रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाले को 3,100 रुपये और तीसरे स्थान पर आने वाले को 2,100 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को अकादमी की ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में कई विशेष अतिथि भी शिरकत करेंगे, जिनमें लखनऊ से सुनील वर्मा, सिरसा से मिस इंडिया और मिस एशिया रह चुकी कंचन कटारिया, भाई दिलबाग संडिल और भाई रुद्र कौशिक प्रमुख रूप से शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी प्रस्तुति के लिए आवश्यक ट्रैक/कराओ के साथ लेकर आएं, ताकि कार्यक्रम के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। नरवाना में आयोजित होने वाला यह टैलेंट का महासंग्राम कलाकारों को मंच देने के साथ उनकी प्रतिभा को नई दिशा और पहचान देने का एक उत्कृष्ट अवसर साबित होगा।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में गीता नैतिक मूल्यों, अनुशासन, एकाग्रता और मानसिक शांति को बढ़ावा देती है: डा. श्रीप्रकाश मिश्र

अर्थ प्रकाश/राज कुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 29 नवंबर।** गीता विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला सिखाती है और उनमें नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों का संचार करती है। गीता व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में संतुलन स्थापित करने और आत्म अनुशासन, सहनशीलता तथा सदाचार की ओर प्रेरित करती है। गीता के अनुसार ज्ञान अमूल्य है। यह ग्रंथ विद्यार्थियों को कर्म, धर्म और जीवन के सार को समझने में मदद करता हैं। अंतराष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह - 2025 के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के सोलहवें दिवस विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में श्रीमदभगवदगीता का महत्व विषय पर निवेदिता पब्लिक स्कूल में आयोजित गीता बाल संवाद कार्यक्रम में यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किया।

निवेदिता पब्लिक स्कूल परिसर में पहुंचने पर डा. श्रीप्रकाश मिश्र का विद्यालय के निदेशक मेवाराम एवं प्रधानाचार्या श्रीमती बाला देवी ने स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का अतिथियों विद्यार्थियों द्वारा गीता श्लोकोच्चारण से हुआ। गीता बाल संवाद को सम्बोधित करते हुए डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में गीता नैतिक मूल्यों, अनुशासन, एकाग्रता और मानसिक शांति को बढ़ावा देती है। यह विद्यार्थियों को तनाव कम करने, परिणामों की चिंता किए बिना अपने कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित करने और आंतरिक शक्ति का विकास करने में मदद करती है। गीता के अनुसार शिक्षा वह है जो प्रत्येक व्यक्ति में निहित ब्रह्म अथवा परमात्मा की अनुभूति कराने में सहायक होती है। शिक्षा का लक्ष्य मनुष्य को उस अज्ञान से मुक्त करती है।गीता का एक प्रमुख लक्ष्य विद्यार्थियों को अज्ञान से मुक्त करना और आत्मानुभूति की ओर ले जाना है। वेदों और गीता की शिक्षा से विद्यार्थियों में आध्यात्मिकता और वैज्ञानिकता का अद्भुत संतुलन बनेगा।

## थाना सदर जींद मालखाना गबन मामला, दो पुलिसकर्मी बर्खास्त, गिरफ्तार

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** थाना सदर जींद के मालखाना में करोड़ों के गबन मामले में दो पुलिसकर्मियों–मुख्य सिपाही जोगेन्द्र सिंह और मजीद–को विभाग से बर्खास्त कर गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी जींद के आदेश पर की गई मालखाना जांच में वर्ष 2014 से 2025 के बीच दर्ज 56 मामलों में जमा लगभग ?23 लाख नकद और दो सोने की अंगूठियां रिकॉर्ड से गायब पाई गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त अवधि में दोनों आरोपी मालखाना मोहर के रूप में तैनात थे और उन्होंने ही माल-मुकदमे की संपत्ति का गबन किया। प्रारंभिक जांच के बाद दोनों के खिलाफ थाना शहर जींद में एफआईआर नंबर 330/19.09.2025, धारा 409, 420, 217, 220, 34 द्ब्रक्क के तहत मामला दर्ज किया गया।

## सीजेएम-सह-सचिव ने किया ड्रग डी-एडिक्शन सेंटर का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 29 नवंबर।** जिला विधिक सेवाएँ प्राधिकरण की सीजेएम-सह-सचिव वर्षा शर्मा ने सिविल अस्पताल स्थित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य नशामुक्ति उपचार प्राप्त कर रहे मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, केंद्र की कार्यप्रणाली एवं निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन की समीक्षा करना रहा।

सीजेएम-सह-सचिव ने निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर तथा ड्यूटी रोस्टर की बारीकी से जाँच की, जो व्यवस्थित और नियमांनुसार पाए गए। उन्होंने मरीजों की काउंसलिंग, देखभाल की निरंतरता तथा उपचार से संबंधित अभिलेख संधारण को समयबद्ध रखने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने काउंसलर्स व स्टाफ नर्सो से बातचीत कर सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति की राह पर चल रहे प्रत्येक मरीज को सहानुभूतिपूर्ण वातावरण और बेहतर पुनर्वास सुविधाएँ प्रदान की जानी चाहिए। स्टाफ ने उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएँ जारी रखने का आश्वासन दिया।

विदित रहे कि जनहित एवं संवेदनशील वर्गो के कल्याण के लिए विभिन्न संस्थानों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है, ताकि आवश्यक सेवाएँ पारदर्शिता और कुशलता के साथ उपलब्ध कराई जा सकें।

# डॉ. आशीष अनेजा अपनी स्पेशल 'फैलोशिप इन डायबिटीज' 2025 अवॉर्ड से सम्मानित

अर्थ प्रकाश/दलबीर मलिक



**थानेसर, 29 नवंबर।** स्वास्थ्य क्षेत्र में जनसेवा के लिए विख्यात प्रशासक एवं सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। मधुमेह के मरीजों को निःशुल्क शिविर लगाकर जागरूकता परामर्श, दवाओं की उपलब्धता तथा सफल उपचार करने पर विश्व के सबसे बड़े डायबिटीज संगठन यानि इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन अरएसएएसडीआई ने डॉ. आशीष अनेजा को सम्मान स्वरूप ÷फैलोशिप इन डायबिटीज 2025÷ के लिए सिलेक्ट कर लिया है।

धर्मनगरी वासियों के लिए हर्ष का विषय ये है कि यह उपलब्धि हासिल करने वाले डॉ. अनेजा गृह जिला कुरुक्षेत्र के ही नहीं बल्कि हरियाणा के भी संभवतः एकमात्र चिकित्सक हैं। जैसे ही डॉ. अनेजा की सेवाओं की लिस्ट फेडरेशन तक पहुंची, प्रबंधकों तथा संगठन सदस्यों ने सेवाओं को देख इनके नाम पर मुहर लगा दी। इस नई और बहुत बड़े स्तर की उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. अनेजा को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर हौसला बढ़ाया।

गौरतलब है कि डॉ. आशीष अनेजा पिछले कई वर्षो से मरीजों के प्रति समाजसेवा कार्यों एवं डायबिटीज अवेयरनेस के लिए अग्रणी होकर खड़े हुए हैं। उन्होंने चिकित्सा पेशे को हमेशा दूसरों की सेवा में लगाया। जहां भी उनको समाज या संगठनों ने जिम्मेदारी सौंपी, वे आमजन की उम्मीद पर खरे उतरे। इस दौरान डॉ. अनेजा ने करीब दस साल में साढ़े छह सौ के करीब शिविर लगाए और उनमें शुगर (मधुमेह) सहित विभिन्न शारीरिक समस्याओं का उपचार किया। इसी की बदौलत मधुमेह संगठनों के समूह अंतरराष्ट्रीय मधुमेह महासंघ अरएसएएसडीआई ने डॉ. अनेजा को इतने बड़े फैलोशिप सम्मान से शोभायमान किया। डॉ. अनेजा ने सेवा में साथ खड़ा होने वाले संगठनों, संस्थानों, सहायकों तथा सभी शुभचिंतकों का आभार जताया।

# गीता जयंती महोत्सव के आयोजन से गीता के आदर्शों तथा मूल्यों को रखा जाता है लोगों के समक्ष: कंवलजीत

हवन यज्ञ में डाली गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धा की आहुती

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 29 नवंबर।** बिना प्रचार व सफाई की कु व्यवस्था के बीच सरस्वती तट पर जिला स्तरीय गीता महोत्सव की शुरुआत हुई। गीता महोत्सव के अवसर पर बोलते हुए जिला परिषद अध्यक्ष कमलजीत कौर ने कहा कि महान ग्रंथ गीता धर्मग्रंथ होने के साथ-साथ हमारे जीवन जीने की शैली भी है। हमारे जीवन के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर गीता में निहीत है। जीवन के उतार-चढ़ाव में प्रत्येक मनुष्य को गीता धर्मग्रंथ में अपनी समस्याओं के हल मिल जाते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा गीता जयंती महोत्सव का आयोजन करवाकर गीता के आदर्शो तथा मूल्यों को लोगों के समक्ष रखने का कार्य किया है। जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने जिलास्तरीय गीता जयंती महोत्सव का उदघाटन किया तथा समारोह में आमजन को सम्बोधित किया। उन्होंने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर जिलास्तरीय गीता जयंती समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उदघाटन किया। इससे पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली गई, जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस मौके पर मंच का संचालन उमाकांत शास्त्री द्वारा किया गया।

जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि आज शनिवार को सरस्वती तीर्थ के तट पर जिलास्तरीय गीता जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उन्होंने उपमंडल प्रशासन को तीन दिवसीय जिलास्तरीय गीता जयंती समारोह के सफल शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के समारोह आमजन को विशेष तौर पर युवाओं को गीता के ज्ञान से रूबरू करवाते हैं। उन्होंने स्कूली बच्चों को उनकी प्रस्तुति की प्रशंसा करके उनका हौसला अफजाही की। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव ने विश्व में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। इसी प्रकार उपमंडल स्तर पर जिलास्तरीय गीता जयंती समारोह में आमजन काफी रूची दिखा रहे हैं तथा आई हुई भीड़ से ज्ञात होता है कि लोगों के अंदर इस समारोह की भव्यता को लेकर कितना उत्साह है।

उन्होंने कहा कि सूचना, जन सम्पर्क एवं भाष विभाग द्वारा जो प्रदर्शनी लगाई गई है, वह समारोह में आने वाले लोगों के लिए बेहद कारगर सिद्ध हो रही है। लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी मिल रही है। इसके अतिरिक्त विभिन्न संस्थाओं तथा विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी भी लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि जिलास्तरीय गीता जयंती समारोह में लोक कलाकारों द्वारा जो प्रस्तुतियां दी गई, वे बेहद मनमोहक हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पावन धरा को गीता की जन्म स्थली के नाम से जाना जाता है। इसलिए आमजन से आशा है कि वे गीता के ज्ञान को संजोकर रखेंगे तथा ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सदैव सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर गीता का संदेश दिया था। गीता के इस पावन संदेश का स्मरण रखने के लिए प्रत्येक वर्ष गीता जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है। पूरे विश्व में गीता जयंती समारोह एकत्र होकर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सभी तीर्थ स्थलों के पुराने वैभव को बनाए रखने के लिए उनका विकास एवं सौंदर्यीकरण कर रही है। जिलास्तरीय गीता जयंती समारोह के आयोजन को लेकर उन्होंने कहा कि हम सभी भाग्यशाली हैं कि हम ऐसे स्थान पर एकत्र हुए हैं जहां पर हमें गीता के संदेश व ज्ञान का स्मरण करवाया जा रहा है। अपनी दिनचर्या में गीता को सम्मिलित करके हम सब अपने जीवन को सुधार सकते हैं क्योंकि गीता में जीवन का सार छिपा है।

समारोह के पहले दिन कैम्ब्रिज वर्ल्ड स्कूल के बच्चों द्वारा माँ सरस्वती वंदना, बीएसएन स्कूल द्वारा श्लोका उच्चारण, एजीएस स्कूल द्वारा कृष्ण जी पर नृत्य, सीडी पब्लिक स्कूल रामजी व हनुमान जी पर नृत्य, डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा पंजाबी नृत्य, बीएमएस स्कूल द्वारा हरियाणवी नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर रंगोली प्रतियोगिता में पहले स्थान पर डीएवी स्कूल, द्वितीय स्थान पर टैगोर बाल निकेतन स्कूल तथा तृतीय स्थान पर गीता मॉडल स्कूल रहे। गीता महोत्सव के दौरान सरस्वती तीर्थ पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, मार्केट कमेटी चेयरमैन तरणदीप सिंह वडैच, उप-प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा, युधिष्ठिर बहल, रामधारी शर्मा, सतीश सिंगला, लाडी पाल, सतीश सैनी, नवीन गर्ग, मामराज बैरागी, रघुविंद्र सिंह, जय भगवान बागल, गैरी, हनु चक्रपाणि, नगरपालिका सचिव अशोक कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी रामराज सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सभी गण्यामान्य लोग उपस्थित थे।

NAVKAR Jewellers Since 1996 द्वारा प्रस्तुत Digital Gold
Tricity's 1st Digital Gold App
कहीं भी, कभी भी सोना खरीदें!
आभूषण के लिए रिडीम करें
हमेशा सबसे अच्छी कीमत !
100% सुरक्षित भंडारण
आसान मासिक SIP
सिंगल क्लिक पर गिफ्ट
उपयोग करना शुरू किजिए नवकार ज्वैलर्स डिजिटल गोल्ड ऐप !
Download Today!
बचत करना शुरू करें स्मार्टली टुडे @ सबसे अच्छी कीमत हमेशा
अधिक जानकारी के लिए कॉल करें : 9876628837
पर उपलब्ध है

# जीरकपुर में स्ट्रे डॉग्स का आतंक बढ़ा, 10 महीनों में 2228 लोग बने शिकार

## टेंडर, फाइल, प्रस्ताव सब कुछ कागज़ों तक सीमित ग्राउंड पर काम शून्य, कुत्तों का आतंक जारी, स्टरलाइजेशन का काम बंद

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 29 नवंबर।** जीरकपुर में स्ट्रे डॉग्स की समस्या लगातार भयावह होती जा रही है। शहर की गलियों, सड़कों और सोसायटियों में झुंड बनाकर घूमते आवारा कुत्ते लोगों के लिए अब गंभीर खतरा बन चुके हैं। सुबह सैर पर निकले लोगों का पीछा किया जाना, रात को बाइक सवारों को घेर लेना, पार्कों में खेलते बच्चों को डराना–ऐसी शिकायतें हर रोज़ सामने आ रही हैं।

जनवरी 2025 से अक्टूबर 2025 तक 10 महीनों में 2228 लोग डॉग बाइट का शिकार हुए। यानी रोज़ औसतन 7ङ्क8 मामले। यह आंकड़ा जीरकपुर की प्रशासनिक लापरवाही का सबसे बड़ा सबूत है। हर कॉलोनी में खौफ़ का माहौल है और लोग सड़कों पर निकलते वक्त हर पल सावधान रह रहे हैं।

स्ट्रे डॉग्स की बढ़ती तादाद का सबसे बड़ा कारण है–स्टरलाइजेशन का पूरी तरह ठप होना। नगर परिषद के दावों के बावजूद वास्तविकता यह है कि कई महीनों से कोई प्रगति नहीं हुई।

टेंडर, फाइल, प्रस्ताव- सब कुछ कागज़ों तक सीमित है। ग्राउंड पर काम शून्य है।

नगर परिषद का कहना है कि उन्होंने 33 लाख रुपए का एस्टीमेट बनाकर 2000 डॉग्स के स्टरलाइजेशन के लिए टेंडर जारी किया है, पर काम कब शुरू होगा–कोई स्पष्ट समय नहीं दिया गया।

इससे पहले कावा एनजीओ एक साल में लगभग 700 डॉग्स का स्टरलाइजेशन कर चुका था। संस्था के हटते ही पूरा ऑपरेशन ठप पड़ गया और अब शहर में कुत्तों की आबादी बेकाबू होती जा रही है।

हर दिन नगर परिषद कार्यालय में स्ट्रे डॉग्स की शिकायतें पहुंच रही हैं। गुरुवार को सिल्वर सिटी सोसायटी के निवासियों ने परिषद को ज्ञापन दिया और कहा कि बच्चे तक बाहर निकलने से डर रहे हैं।

> हमारे पास अब तक 21 फाइलें आई, सिर्फ 2 को मंजूरी मिली है। बाकी मोहाली ऑफिस से मंजूरी आने पर ही राहत दी जा सकती है।
> **— मनोज कुमार, सेनेटरी इंस्पेक्टर, नगर परिषद जीरकपुर**

> 'मुझे नहीं पता कितनी फाइलें आई हैं। स्टाफ से रिपोर्ट ली जाएगी और पेंडिंग केस जल्द क्लियर करवाए जाएंगे।'
> **— डॉ. संगीता, सिविल सर्जन मोहाली**

### 10 महीनों के आंकड़े (ढकोली सीएचसी रिकॉर्ड)

| महीना | केस |
|---|---|
| जनवरी | 115 |
| फरवरी | 245 |
| मार्च | 269 |
| अप्रैल | 235 |
| मई | 245 |
| जून | 140 |
| जुलाई | 265 |
| अगस्त | 219 |
| सितंबर | 253 |
| अक्टूबर | 242 |
| कुल | 2228 |

सवाल ये है–जब हर रोज़ 7-8 लोग कुत्तों के हमले का शिकार हो रहे हैं, तो प्रशासन आखिर किस बात का इंतजार कर रहा है?

क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही कार्रवाई शुरू होगी?

### 21 में से सिर्फ 2 लोगों को मिला मुआवजा- 19 फाइलें आज भी पेंडिंग

–पिछले 6 महीनों में 21 लोग डॉग बाइट के बाद मुआवजे के लिए नगर परिषद पहुंचे, लेकिन सिर्फ दो फाइलें ही अप्रूव हुईं।
–दोनों पीड़ितों को 10–10 हजार रुपये मुआवजा मिला, जबकि 19 लोग आज भी दर–दर भटक रहे हैं।
–फाइलें महीनों तक टेबलों पर घूमती रहती हैं। न कोई तय समय, न कोई निश्चित प्रक्रिया।
–लोग दर्द झेल चुके, इलाज करवा चुके, पैसे भी खर्च कर चुकेज लेकिन मुआवजा अब तक नहीं मिला।

### मुआवजा कैसे मिले – जानें प्रक्रिया

–जिस अस्पताल से इलाज करवाया उसकी स्लिप संभालकर रखें
–संबंधित थाने में डीडीआर दर्ज करवाएं
–आधार कार्ड की कॉपी लगाएं
–घटना का विवरण लिखकर संबंधित विभाग को आवेदन दें

### नतीजा ,लोग असुरक्षित, व्यवस्था लाचार

जीरकपुर की सड़कों पर स्ट्रे डॉग्स का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जबकि प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। स्टरलाइजेशन बंद, मुआवजा पेंडिंग, योजनाएं कागज़ों में। अगर हालात ऐसे ही रहे, तो आने वाले महीनों में आंकड़े एक्सीडेंट और डॉग बाइट—दोनों में डरावने स्तर पर पहुंच सकते हैं। लोगों का सिर्फ एक सवाल है — आखिर कब मिलेगा इस डर से छुटकारा?

# पंचकूला पुलिस ने दर्ज की ज़ीरो एफआईआर जीरकपुर पुलिस ने किया केस दर्ज

**लिव–इन में शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 29 नवंबर।** पंचकूला के महिला थाना सेक्टर-5 में शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में एक युवती की शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। मामला पंजाब के जीरकपुर क्षेत्र से संबंधित पाए जाने पर पूरी रिपोर्ट और दस्तावेज मोहाली पुलिस को भेज दिए गए हैं।

शिकायत के अनुसार इंडस्ट्रियल एरिया पंचकूला की रहने वाली पी?ित ने बताया कि उसकी मोहित नामक युवक से बातचीत हुई थी। बाद में अप्रैल 2025 के बाद दोनों गोविंद विहार, मकान नंबर-322 (बलटाना, पंजाब) में लिव-इन में रहने लगे थे। इसी दौरान दोनों के बीच पहली बार शारीरिक संबंध बने। आरोप है कि मोहित ने उससे शादी करने का वादा किया, लेकिन अब पिछले जीवन से जुड़ी बातों के आधार पर शादी से मुकर गया और गाली-गलौज व धमकियां देने लगा।

शिकायत मिलने पर महिला थाना पंचकूला ने ज़ीरो एफआईआर 19 नवंबर को बीएनएस की धारा 69 के तहत मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद जांच में पाया गया कि घटना स्थल थाना जीरकपुर जिला मोहाली के अंतर्गत आता है।

डीसीपी पंचकूला की ओर से जारी पत्र के माध्यम से एफआईआर, शिकायत और सभी अहम दस्तावेज मूल रूप में एसएसपी (मोहाली) को भेजे गए हैं। पुलिस ने उच्च अधिकारियों को भी मामले से अवगत करा दिया है। अब आगे की कार्रवाई जीरकपुर पुलिस द्वारा की जाएगी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की 'नीड–बेस्ड चेंजेज' पॉलिसी फिर शुरू करने के निर्देश

**कटरिया ने सीएचबी को फैसला दोबारा समीक्षा कर लागू करने के विकल्प तलाशने को कहा**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 29 नवंबर।** लगभग तीन साल पहले जनवरी 2023 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रोकी गई नीड-बेस्ड चेंजेज पॉलिसी को फिर से लागू करने की दिशा में कदम बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। यूटी एडमिनिस्ट्रेटर गुलाब चंद कटरिया ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड को इस फैसले की समीक्षा करने और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए पॉलिसी को फिर से चालू करने के विकल्प तलाशने को कहा है।

**क्यों रोकी गई थी पॉलिसी:** 10 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ के सेक्टर 1 से 30 में आवासीय इकाइयों को फ्लोर-वाइज अपार्टमेंट में बदलने पर रोक लगा दी थी,इन सेक्टरों की ले कॉर्बुज़ियर हेरिटेज जोन स्थिति को ध्यान में रखते हुए फ्लोर एरिया रेशियो बढ़ाने और तीन से अधिक मंज़िलें बनाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि चंडीगढ़ हेरिटेज कंज़र्वेशन कमेटी रेडेंसिफिकेशन के मुद्दे की समीक्षा करे, जिसके बाद यूटी प्रशासन मास्टर प्लान 2031 और 2017 अपार्टमेंट नियमों में संशोधन करेगा।

**68,000 फ्लैटों में 90 फीसदी से ज़्यादा में बदलाव:** पिछले चार दशकों में सीएचबी ने करीब 68,000 फ्लैट बनाए हैं। इनमें से 90 फीसदी से अधिक में किसी न किसी प्रकार के बदलाव पाए गए हैं। अतिरिक्त कमरे और टॉयलेट, बैलकनी को कमरों में बदलना, आंगन पर कवर डालना, यहां तक कि सरकारी जमीन पर सीढ़ियां तक बना दी गई हैं। पॉलिसी रुकने के बाद से बोर्ड ने किसी भी बदलाव को लीगलाइज नहीं किया है।

कटरिया के निर्देश के बाद यूटी मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद जल्द ही समीक्षा बैठक बुला सकते हैं। सीएचबी अधिकारियों के अनुसार, पॉलिसी को चालू करने से ÷हजारों अलॉटियों को राहत मिलेगी।÷

**रेजिडेंट्स फेडरेशन की चिंता:** सीएचबी रेजिडेंट्स फेडरेशन के चेयरमैन निर्मल दत्त का कहना है कि 2023 की पॉलिसी बहुसंख्यक अलॉटियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि फ्रचूंकि 90 फीसदी से ज्यादा फ्लैटों में अनियमित बदलाव हैं, इसलिए हमें दिल्ली की 1999 वन–टाइम सॉल्यूशन पॉलिसी जैसी व्यवस्था चाहिए, जो अब सात राज्यों में लागू हो चुकी है।

**2023 पॉलिसी में क्या–क्या अनुमति थी:** फ्रघर के अंदरूनी बदलाव, स्ट्रक्चरल सेफ्टी सर्टिफिकेट के आधार पर एक अतिरिक्त दरवाज़ा, जो सार्वजनिक जगह/राइट पाथ/ग्रीन एरिया की ओर न खुले
–अतिरिक्त कवरेज 50फीसदी से बढ़ाकर 75फीसदी, अधिकतम 150 वर्ग फुट तक
–निर्माण केवल सीएचबी की टाइप–वाइज़ ड्रॉइंग्स के अनुसार
–एंड वॉल पर अतिरिक्त खिड़कियां, सीएचबी की तय डिज़ाइन के अनुसार
–कोई भी बदलाव भवन की सीमा और स्काईलाइन के अंदर, बिना कवर एरिया बढ़ाए
–अंदरूनी बदलाव, दरवाज़ा, पेंटिंग, लिफ्ट आदि के लिए पड़ोसियों की पूर्व स्वीकृति नहीं, लेकिन अतिरिक्त निर्माण के लिए सटे हुए फ्लोर के अलॉटियों की सहमति जरूरी

**क्या–क्या वर्जित था:** –भवन की फैसाड में कोई संरचनात्मक बदलाव, रोशनी व वेंटिलेशन रोकने वाले निर्माण, अतिरिक्त मंजिलें, किचन का विस्तार, नई बैलकनी या कैंटिलीवर निर्माण, सरकारी भूमि पर प्रोजेक्शन, सीढ़ियां या टॉयलेट बनाना

ट्राईसिटी में एक ही नाम
Yaksh™
WEDDING BAZAAR
Dulha Saheb
SECTOR 7-C
सगाई से विदाई तक शादी का सारा सामान एक ही छत के नीचे
दूल्हे की शेरवानी और दुल्हन का लहंगा चाहे खरीदें, चाहे RENT पर लें
बहना और भाभी के लिए डिज़ाइनर लहंगों की पूरी रेंज ON RENT
दूल्हे और बरातियों के लिए लाईव पगड़ी बांधी जाती हैं
ब्राइडल लहंगा, ब्राइडल ज्वैलरी, चूड़ा राजस्थानी, बैंगल और कलीरे
शेरवानी, सेहरा, कलंगी, पगड़ी, मोती माला, तलवार और पंजाबी जूती
SCF 24, SECTOR 7-C, (INNER MARKET) CHANDIGARH. CONTACT: 93161-08440

RS Steel Industries
1983
AN ISO 9001 : CERTIFIED COMPANY
Specialists in : DISPLAY RACKS/TROLLIES
Mfrs. of : Fancy Display Racks, Restaurants Furniture & Shopping Trolley, Racks, Trollies, Basket & Fabrication of MS/SS/Aluminum
Also Undertaken Govt. & General Order Suppliers
Plot No. 130, INDUSTRIAL AREA, PHASE-2, CHANDIGARH
Contact : 9915588039, 0172-3189169
www.rssteelindustries.com Email : rs.steel130@gmail.com

MIKKY
BRASS BAND
ROYAL BAND FOR ROYAL MARRIAGE
FANCY LIGHT, IMPORTED FIRE WORKS, PUNJABI DHOL, BAGPIPER BAND, PALKI, BAGGI, RATH
MIKKY PALACE
SHAZADPUR, DISTT. AMBALA
SCF-23, 1st FLOOR, SECTOR -18C, CHANDIGARH
(M) 9814004938, 7986365312

ONLY TO BRING OUT, THE LARGEST EVER RANGE OF DECORATIVE FANS
USHA Hunter
AEROLUX
Breezalit
Where with White Blades
Antique Power with Antique Black Blades
New Branze with Coffee Beech Blades
cata Spain EUROPEAN INNOVATIONS FOR A BETTER LIVING
LUFT
Distributor AMRIT ELECTRICALS PRIVATE LIMITED
SCO 26, Sector-26, MM, Ph.:4630426, 9814016237, Electric City : 426-A, Indl. Area, Phase-II,Chandiarh Ph. :4640426, 9814016237 Email : amritelectricals@gmail.com, www.armitelectricals.com

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# महानंदा नवमी व्रत से जीवन के संकट होते हैं दूर




महानंदा नवमी मार्गशीर्ष के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इसे 'ताला अष्टमी' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन देवी दुर्गा और देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है, और यह पर्व शक्ति, धन, सुख-समृद्धि और शत्रु बाधा से मुक्ति के लिए मनाया जाता है तो आइए हम आपको महानंदा नवमी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं।

महानंदा नवमी एक हिन्दू त्योहार है जो माघ महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। महानंदा नवमी पर्व विशेषकर उत्तरी-पूर्वी भारत, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में इसे बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यतानुसार महानंदा नवमी का पूजन माघ, भाद्रपद और मार्गशीर्ष माह के शुक्ल नवमी तिथि पर किया जाता है। पंडितों के अनुसार महानंदा नवमी व्रत से धन संपत्ति में वृद्धि होती है। मां की कृपा से घर में बरकत बढ़ती है और आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं। इस स्वास्थ्य लाभ होता है एवं बीमारियों से राहत और मानसिक संतुलन प्राप्त होता है। घर-परिवार में झगड़े समाप्त होते हैं और संबंधों में मधुरता आती है। किसी भी तरह की बाधा, डर, नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। साथ ही संतान प्राप्ति और विवाह संबंधी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। महानंदा नवमी आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति और आशीर्वाद से भरपूर दिन है। इस दिन किया गया पूजन और व्रत जीवन में सकारात्मकता, समृद्धि और शांति लाता है। मां महानंदा की कृपा से भक्तों के जीवन में सभी बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि का वास होता है।

पंडितों के अनुसार मां महानंदा की पूजा सरल है, लेकिन अत्यंत फलदायी मानी जाती है। सबसे पहले सुबह सूर्योदय से पहले उठें। स्वच्छ वस्त्र पहनें। एक कलश में जल भरकर व्रत का संकल्प लें। किसी शांत स्थान पर मां महानंदा और भगवान शिव की तस्वीर या प्रतिमा स्थापित करें। पास में दीपक, धूप, चंदन, पुष्प आदि रखें। दीपक जलाएं। धूप अर्पित करें। लाल या पीले फूल चढ़ाएं। मां को अक्षत, हल्दी-कुमकुम अर्पित करें। शुद्ध दूध, दही, घी, शहद और जल से पंचामृत तैयार करें। भगवान शिव और नंदी को पंचामृत अर्पित करें। आरती गाएं और प्रसाद में फल, गुड़ या मिठाई अर्पित करें।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार व्रत दिनभर रखा जाता है। शाम में माता की आरती के बाद फलाहार किया जाता है। जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र, दीपक या तिल दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

## महानंदा नवमी व्रत से जुड़ी पौराणिक कथा

श्री महानंदा नवमी व्रत कथा के अनुसार एक समय की बात है कि एक साहूकार की बेटी पीपल की पूजा करती थी। उस पीपल में लक्ष्मी जी का वास था। लक्ष्मीजी ने साहूकार की बेटी से मित्रता कर ली। एक दिन लक्ष्मी जी ने साहूकार की बेटी को अपने घर ले जाकर खूब खिलाया-पिलाया और ढेर सारे उपहार दिए। जब वो लौटने लगी तो लक्ष्मी जी ने साहूकार की बेटी से पूछा कि तुम मुझे कब बुला रही हो? अनमने भाव से उसने लक्ष्मी जी को अपने घर आने का निमंत्रण तो दे दिया किंतु वह उदास हो गई। साहूकार ने जब पूछा तो बेटी ने कहा कि लक्ष्मी जी की तुलना में हमारे यहां तो कुछ भी नहीं है। मैं उनकी खातिरदारी कैसे करूंगी? साहूकार ने कहा कि हमारे पास जो है, हम उसी से उनकी सेवा करेंगे। फिर बेटी ने चौका लगाया और चौमुख दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का नाम लेती हुई बैठ गई। तभी एक चील नौलखा हार लेकर वहां डाल गया। उसे बेचकर बेटी ने सोने का थाल, शाल दुशाला और अनेक प्रकार के व्यंजनों की तैयारी की और लक्ष्मीजी के लिए सोने की चौकी भी लेकर आई। थोड़ी देर के बाद लक्ष्मी जी गणेश जी के साथ पधारीं और उसकी सेवा से प्रसन्न होकर सब प्रकार की समृद्धि प्रदान की। अत- माना जाता है कि जो व्यक्ति महानंदा नवमी के दिन यह व्रत रखकर श्री देवी लक्ष्मी जी का पूजन-अर्चन करता है उनके घर स्थिर लक्ष्मी की प्राप्ति होती है तथा दरिद्रता से मुक्ति मिलती है तथा दुर्भाग्य दूर होता है।

### महानंदा नवमी का महत्व

महानंदा नवमी का व्रत करने से व्यक्ति के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति आती है। यह व्रत देवी नंदा को प्रसन्न करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का एक उत्तम तरीका है। यह त्योहार देवी नंदा को समर्पित है, जो माता पार्वती का ही एक रूप हैं। इस दिन, भक्त देवी नंदा की पूजा करते हैं और उनसे आशीर्वाद मांगते हैं। महानंदा नवमी का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व अत्यंत गहरा है। यह दिन उन भक्तों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जो जीवन की समस्याओं से जूझ रहे हैं या शत्रुओं के कारण परेशान हैं।

# परेशानी चाहे कोई भी हो खुद को शांत रखे: मुनिश्री विनय कुमार जी



चंडीगढ़। परेशानी चाहे कोई भी हो खुद को शांत रखना जब कोई स्थिति हाथ से निकलती हुई दिखती है या कभी कुछ ऐसा होता है जो हमारी आकांक्षाओं और उम्मीदों से अलग होता है तो हमारी सबसे पहली प्रतिक्रिया गुस्से या फिर एंजाइटी से भरी हुई होती है। इस गुस्से और एंजाइटी में कई बार हम वो कर बैठते हैं जिसका हमें आगे चलकर पछतावा होता है। इसलिए कुछ जरूरी बातों को हमेशा ध्यान में रखने की जरूरत होती है जिससे आप किसी भी घड़ी में खुदको शांत रख सकें और आपका संयम बना रहे। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा दिमाग में हमेशा इस बात को रखें कि किसी भी मुश्किल से पार पाया जा सकता है और इसलिए आपको इसपर जरूरत से ज्यादा तनाव लेने या अपनी मानसिक स्थिति को खराब करने की जरूरत नहीं है व्यक्ति जैसे-जैसे बड़ा होता जाता है अपनी भावनाओं पर काबू करना सीख जाता है। आपको अगर ऐसा करने में मुश्किल आती है तो बस यह बात ध्यान रखें कि गुस्सा या बुरी प्रतिक्रियाएं आपके लिए अच्छी साबित नहीं होंगी और इसीलिए आपको शांति से सोचने-समझने पर ही अपनी कठिनाई दूर करने का हल पता चलेगा। सुख एक मानसिक स्थिति है और यह एक अनुभूति है जो स्वयं अंदर से महसूस होती है। इसे बाहर ढूंढने से यह कभी नहीं प्राप्त हो पाएगा। यह व्यक्ति और व्यक्ति के स्वभाव पर भी निर्भर करता है कि उसे सुख किसमें कितना मिलेगा। इसकी सही व्याख्या कोई नहीं कर सकता। केवल व्यक्ति ही समझ सकता है कि उसके सुख का पैमाना क्या है। यदि किसी व्यक्ति को अपने घर पर बैठकर शांति से किसी किताब को पढ़ने में सुख मिल रहा है तो वहीं किसी दूसरे व्यक्ति को कहीं घूमने जाने में। एक बुद्धिमान व्यक्ति के पास चार तकनीक होती है जो आंतरिक और ब्राह्य दोनो ही है- साम, दान, भेद और दंड। लोगों से व्यवहार के लिए बुद्धिमता पूर्ण जीवन जीने के लिए, पहली तकनीक साम है जिसका अर्थ है शांति और समझदारी भरा मार्ग। जब यह तकनीक काम ना करें तो आप दूसरी तकनीक पर जाये जिसे दान कहतें हैं, जिसका अर्थ है इसे होने देना, क्षमा कर देना, स्थान देना।

### आपकी उदारता करवा देती है गलती का अनुभव: अतुल मुनि जी

अतुल मुनि जी ने कहा किसी को भक्ति में सुख मिल रहा है तो किसी व्यक्ति को अपने बल प्रदर्शन में सुख की अनुभूति हो रही है। किसी को प्रथम आने पर सुख की अनुभूति होती है तो किसी को खेल में। तो इस तरह यह बात सिद्ध हो जाती है कि हमारे सुख का पैमाना हम खुद ही बना सकते हैं। कोई दूसरा व्यक्ति उसका निर्धारण नहीं कर सकता पर 'यादातर लोग कोई अ'छा काम करके किसी तरह का सुकून महसूस करते हैं वह एक अलग ही अनुभूति होती है। इसी तरह कड़े श्रम के बाद किसी तरह की प्राप्ति भी अपने आप में अवर्णनीय सुख है। माता पिता के लिए उसकी संतान का प्रगति करना असीम सुख की अनुभूति कराता है। यदि लोग आपकी उदारता को नही पहचान पातें हैं तो तीसरी तकनीक भेद काम में आती है। इसका अर्थ है तुलना करना, दूरी उत्पन्न करना। यदि कोई व्यक्ति आपसे उलझता है तो पहले आप उस से बात करे। यदि इस से बात नहीं बने तो प्रेम से उनकी उपेक्षा कर दें।

# आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरगट जट्टन के छोटे बच्चों को एजुकेशनल टूर



अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

कुरुक्षेत्र। आज आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान के बाल वाटिका-1, बाल वाटिका-2, बाल वाटिका-3 एवं कक्षा पहली के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं मनोरंजनात्मक दौरे के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित हरियाणा सांस्कृतिक धरोहर तथा पिपली चिड़ियाघर का भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर बच्चों को हमारी प्राचीन संस्कृति, परंपराओं और विरासत की विस्तृत जानकारी दी गई।

आधुनिकता के इस दौर में जहाँ नई पीढ़ी शहरों की ओर अग्रसर है, वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीमान रोबिन कुमार जी ने कहा कि लोग धीरे-धीरे अपनी मूल संस्कृति एवं पुरखों से मिली धरोहर को भूलते जा रहे हैं। ऐसे में बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। सांस्कृतिक धरोहर हरियाणा की संस्कृति का अमूल्य संग्रहालय है, जहाँ वर्षों से लुप्त हो रही परंपराओं को संरक्षित किया गया है। बच्चों ने अपने अध्यापकों के साथ इस यात्रा का अत्यधिक आनंद लिया।

भ्रमण के दौरान अध्यापकों ने बच्चों को समझाया कि प्राचीन समय में हरियाणा के लोगों का रहन-सहन कैसा था। पिपली चिड़ियाघर में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पक्षी, पशु और सरीसृप देखकर अत्यंत उत्साह प्रकट किया। शिक्षिकाओं ने बताया कि किताबों में तस्वीरें देखने की तुलना में बच्चे जब जीव-जंतुओं को अपने प्राकृतिक आवास में देखते हैं, तो उनमें दयालुता, संवेदनशीलता और जागरूकता स्वाभाविक रूप से बढ़ती है।

इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन स्कूल की उपप्रधानाचार्या श्रीमती अनीता हांडा की देखरेख में किया गया। बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी उपलब्ध करवाया गया। स्कूल प्रबंधक श्रीमान सोहनलाल सैनी जी ने कहा कि भारतीय परंपराओं एवं संस्कारों की शिक्षा बच्चों को संस्कारवान बनाती है। उन्होंने बताया कि यह दौरा न केवल मनोरंजन से भरपूर था, बल्कि इसने बच्चों को वन्य जीवन संरक्षण के महत्व से भी अवगत कराया।

# जो अपनी मैं को मार देता है, वह अमर हो जाता है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

निराकार परमात्मा घट-घट में समाया हुआ है। इसका कोई आदि अन्त नहीं पाया जा सकता। यह कल भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। आज इन्सान इतिहास से यह तो जान पाता हे कि पहले इन्सान की शक्ल-सूरत कैसी थी, लेकिन इस परमात्मा की होंद (अस्तित्व) के बारे में इन्सान कुछ नहीं जान पाता, क्योंकि इसका कोई आदि-अन्त नहीं पाया जा सकता। यह ऐसी शक्ति है, जो वास्तव में सारे संसार का संचालन कर रही है। यही शक्ति सदैव सत्य रहने वाली है। सत्य हम उसी को कहते हैं जो तीनों कालों में एकरस रहता है जो अभी कुछ हो, यन्द घण्टों में कुछ और हो जाए, चंद वर्षों में कुछ और हो जाये, उसे हम सत्य नही कह सकते। वह मिथ्या माया है।

इस निराकार परमात्मा के बारे में लिखा है कि 'आदि सचु जुगादि सचु। है भी सचु नानक होसी भी सचु। भाव, तीन काल सत्य रहने वाली सत्ता एक अकाल पुरुख ही है। इसके बारे में लिखा है-

बिनु पग चलइ सुनई बिनु काना।
कर बिनु कर्म करइ विधि नाना।
आनन रहित सकल रस भोगी।
बिनु बाणी वक्ता बड़ जोगी।

इस एकरस रहने वाले परमात्माको आग जला नहीं सकती, शस्त्र काट नहीं सकते, वायु उड़ा नहीं सकती। इसका आदि-अन्त नहीं पाया जा सकता। तो ऐसे गुणों वाले दातार का आसरा ले लता है, आधार मानता और जानता है तो फिर वह किसी के समाप्त करने से समाप्त कैसे हो सकता है? यह दातार अमर है। जो भी आत्मा इसके साथ जुड़ जाती है, वह भी अमर हो जाती है। संत कबीर जी कहते हैं-

मैं न मरउ मरिबो संसारा।
अब मोहि मिलियो है जीआवनहारा।।

यह आत्मा के लिए कहा जाता है। क्योंकि यह शरीर तो खत्म होने वाला है। यह मिट्टी का एक पुतला है। पुरातन समय से हम देखते आ रहे हैं कि संसार पर परोपकार करने वाले का शरीर भी सदैव कायम नहीं रहा। दूसरी ओर सोने की लंका का मालिक होने के बावजूद रावण जैसे जुल्म करने वाले का शरीर भी कायम नही रहा। शरीर तो हर इन्सान का ही चला जाता है। कोई इन्सान चन्द वर्ष की आयु भोग कर चला जाता है तो कोई सौ वर्ष की आयु भोग कर चला जाता है। फिर अमर जीवन किसको कहा गया है? जो जीते जी मर जाता है, जो अपनी मैं को मार देता है, निराकार-दातार के साथ जुड़ कर अहंकार मिटा लेता है उसका जीवन ही अमर जीवन है।

जिस परमात्मा की अनेक निशानियां सन्तों ने बतलाई हैं इसको जानना है। इसकी पहचान करनी है। इस निज घर को ही जानना है। जिसको जब यह मंजिल प्राप्त हो जायेगी, उसका तभी यह लोक भी सुखी हो जाएगा और परलोक भी सुहेला हो जायेगा। केवल वस्तु का नाम लेने या पढ़ने मात्र से ही हमारा गुजारा नहीं हो सकता 7 जिस तरह से जल या पानी हम लेते हैं तो केवल नाम से ही हमारी प्यास नहीं बुझती 7 वह जल पीना पड़ता है, वह पानी ग्रहण करना पड़ता है, तब कहीं जाकर हमारी प्यास बुझती है 7 इसी तरह से कोई इन्सान केवल धन-दौलत का नाम ही लेता रहे, धन-दौलत की रकमें ही लिखता रहे तो वह अमीर नहीं हो सकता 7 जितने भी पदार्थ दुनिया में अपनी आंखों से हम दे रहे हैं, उन सभी वस्तुओं क नाम अवश्य हैं, लेकिन केवल नाम से ही गुजारा नहीं हो सकता।

## पंचांग

रविवार, 30 नवम्बर, 2025, सूर्योदयः 06:56 ए एम, सूर्यास्तः 05:24 पी एम, चन्द्रोदयः 01:49 पी एम, चन्द्रास्तः 02:36 ए एम, दिसम्बर 01, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, वारः रविवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः दशमी - 09:29 पी एम तक, नक्षत्रः उत्तर भाद्रपद - 01:11 ए एम, दिसम्बर 01 तक, योगः वज्र - 07:12 ए एम तक, क्षय योगः सिद्धि - 04:22 ए एम, दिसम्बर 01 तक, करणः तैतिल - 10:27 ए एम तक, द्वितीय करणः गर - 09:29 पी एम तक, सूर्य राशिः वृश्चिक, चन्द्र राशिः मीन, राहुकालः 04:05 पी एम से 05:24 पी एम, गुलिक कालः 02:47 पी एम से 04:05 पी एम, यमगण्डः 12:10 पी एम से 01:28 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:49 ए एम से 12:31 पी एम, दुर्मुहूर्तः 04:00 पी एम से 04:42 पी एम, अमृत कालः 08:37 पी एम से 10:08 पी एम, वर्ज्यः 11:30 ए एम से 01:01 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रभावशाली लोगों से संपर्क आपके लिए लाभकारी रहेंगे।

**वृषः** आज आपके सोचे हुए सभी काम पूरे हो जायेंगे। किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते है।

**मिथुनः** आज अगर आप किसी की गोपनीय बातें जान गए हो तो वे बातें किसी को भी न बताएं। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्कः** दफ्तर में कुछ चीजे आज आपको परेशान कर सकती हैं, लेकिन आपको हिम्मत के साथ उनका सामना करना होगा।

**सिंहः** आज वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लें। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है।

**कन्याः** आज का पूरा दिन मौज-मस्ती में व्यतीत होगा। कुछ दिलचस्प पढ़कर थोड़ी दिमागी कसरत करें।

**तुलाः** व्यवसाय में वृद्धि और व्यापार में बेहतरी के अवसर आपको देखने को मिलेंगे। आर्थिक रूप से आप सुरक्षित रहेंगे।

**वृश्चिकः** खुद की मेहनत से आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब होंगे।

**धनुः** आज आप किसी पुराने दोस्त या परिवार के साथ बाहर घुमने जाने या बातचीत का आनंद लेंगे। व्यापार में अच्छे सौदे हो सकते हैं।

**मकरः** व्यावसायिक सदंर्भ में, नए व्यापार संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यह एक अनुकूल अवधि है।

**कुंभः** आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में आपको धन लाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**मीनः** आज आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी। व्यापारी आज ज्यादा मुनाफा कमाएंगे। अध्ययन के प्रति रुचि पैदा होगी।

# गिरदावरी-गिरदावरी के खेल में लटकाया जा रहा है फसलों को हुए नुकसान के मुआवजा: कुमारी सैलजा

कहा-मुआवजा के नाम पर किसानों को दी जा रही है तारीख पर तारीख

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि पहले तो प्रदेश की सरकार ने किसानों को पोर्टल-पोर्टल के खेल में उलछाया हुआ है तो फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे के नाम गिरदावरी- गिरदावरी खेल रही है। मुआवजे के नाम पर किसानों को अभी तक तारीख पर तारीख दी जा रही है। अभी तक गिरदावरी का काम पूरा नहीं हुआ तो मुआवजा कैसे मिल सकता है। किसानों के साथ मजाक करने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। हरियाणा में बाढ़ की आपदा को पूरे छह माह बीत जाने के बावजूद किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। व्यापक नुकसान के बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को राहत राशि से वंचित रखना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि किसानों के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार जो खेल खेल रही है उससे साफ लग रहा है कि बाढ़ और बारिश से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे के लिए किसानों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। अब सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि कुछ जिलों में गिरदावरी के कार्य में गड़बड़ी सामने आने के बाद अब दोबारा से क्रॉस जांच के आदेश दिए गए हैं। इस रिपोर्ट के बाद ही अब मुआवजे का फैसला हो सकेगा यानि मुआवजे को लेकर सरकार गंभीर नहीं हैं। हरियाणा राजस्व एवं आपदा विभाग ने फतेहाबाद और अन्य दो-तीन जिलों में रेडंम डाटा की जांच में पाया गया कि वहां बुवाई से अधिक फसलों के नुकसान का ब्योरा सामने आया है। हाल ही में अंतिम गिरदावरी और सत्यापन के कार्य में करीब 11 लाख एकड़ में नुकसान का आकलन किया गया था। इस नुकसान के मुआवजे के लिए करीब 600 से 800 करोड़ रुपये की जरूरत का अनुमान लगाया गया था। अब असल स्थिति दोबारा से जांच के बाद ही पता चलेगी। अभी तक 63 लाख 4 हजार 139 एकड़ फसलों की रिपोर्ट पटवारियों के स्तर पर लंबित है। प्रदेश में करीब 31 लाख 234.64 एकड़ क्षेत्रफल में किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नुकसान का ब्योरा दर्ज कराया था। क्रॉस जांच के आदेश के बाद अभी तक कानूनगो स्तर पर 6 लाख 44 हजार 276.44 एकड़, एसडीएम स्तर पर 2 लाख 64 हजार 666.96 एकड़, जिला राजस्व अधिकारियों के स्तर पर 57 हजार 900.38 एकड़ और मंडलायुक्त स्तर पर 24 हजार 39.34 एकड़ सत्यापन कार्य लंबित है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि आखिर किसानों को मुआवजे के लिए कब तक इंतजार करना होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहले दिवाली तक मुआवजा देने का आश्वासन दिया था। जब प्रदेश में किसानों को हुए नुकसान को लेकर सितंबर में ही काम शुरू हो गया था। यह कार्य पूरा हो गया ऐसा दावा भी किया गया था पर कोई न कोई बहाना बनाकर मुआवजा देने में देरी की जा रही है। सांसद ने सरकार से मांग की है कि सभी जिलों की दोबारा गिरदावरी रिपोर्ट तुरंत सार्वजनिक की जाए, बाढ़ प्रभावित किसानों का मुआवजा बिना किसी देरी के, एकमुश्त जारी किया जाए, गिरदावरी में गड़बड़ी करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई हो, लेकिन किसानों का पैसा न रोका जाए और राज्य सरकार किसानों के हितों की अनदेखी बंद करे और राहत प्रक्रिया में समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करे। सांसद ने कहा कि किसान इंतजार-इंतजार करते थक चुके हैं।


### हरियाणा में मासिक धर्म का सबूत मांगना अमानवीय

हरियाणा में महिला कर्मचारियों से मासिक धर्म का सबूत मांगे जाने पर सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम महिला गरिमा, निजता और सम्मान का सीधा उल्लंघन है। कुमारी सैलजा ने याद दिलाया कि जहां कर्नाटक सरकार महिलाओं को मासिक धर्म अवकाश दे रही है, वहीं हरियाणा की भाजपा सरकार उनसे अपमानजनक प्रक्रियाएँ पूरी करवाने पर मजबूर कर रही है। सांसद ने मांग की कि हरियाणा में तुरंत कर्नाटक मॉडल लागू किया जाए, ताकि महिलाओं को सुरक्षित, संवेदनशील और सम्मानजनक कार्य वातावरण मिल सके।

# अवैध देसी पिस्तौल व रौंद के साथ युवक को काबू किया

आरोपी के खिलाफ पहले भी आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



पानीपत। पुलिस महानिदेशक श्री ओ.पी सिंह आईपीएस के आदेशानसार व पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेतृत्व में पानीपत पुलिस द्वारा ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत आरोपियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में सीआईए टू पुलिस टीम ने शुक्रवार शाम को विकास नगर में एक युवक को अवैध देशी पिस्तौल व जिंदा रौंद के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान यूपी के शामली के तितरवाडा गांव निवासी धोला के रूप में हुई है।

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि विकास नगर में गली नंबर 27 पर एक संदिग्ध किस्म का युवक खड़ा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिस देकर युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान धोला पुत्र लियाकत निवासी तितरवाडा शामली यूपी के रूप में बताई। तलाशी लेने पर उसकी पहनी हुई पेंट से एक देसी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। देसी पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला।

प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसे अवैध हथियार रखने का शौक है।बरामद उक्त देसी पिस्तौल व रौंद उसने करीब 3 महीने पहले यूपी के कैराना में एक अज्ञात ऑटो वाले से 15 हजार रूपए में खरीदा था। इसके बाद दोस्तों में रौब दिखाने के लिए देसी पिस्तौल व रौंद को अपने साथ लेकर चलता था। शुक्रवार को देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद को साथ लेकर पानीपत में अपने एक दोस्त से मिलने के लिए आया था। पुलिस ने आरोपी धोले के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर शनिवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# सड़क हादसे में दो की मौत, दो घायल

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

पिहोवा। गत रात्रि कराह साहब के निकट मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई तथा दो घायल हो गए। बताया जाता है कि पिहोवा की पूजा कॉलोनी के रहने वाले धर्मेंद्र व रूपेश कराह साहब गांव में पुट्टी पुताई का कार्य करते हैं। गत रात्रि वह अपना काम समाप्त करके घर लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव से बाहर नहर के पुल पर पहुंचे तो पीछे से किसी वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिस कारण वह नहर में जा गिरे ।उस वक्त पुल के ऊपर दो अन्य युवक भी खड़े थे। धक्का लगने के कारण वह भी गिर गए ।हल्ला सुनकर लोग इकट्ठे हुए तथा उन्होंने तीन युवकों को बाहर निकाल लिया तथा उन्हें अस्पताल बचाया। सूचना मिलने पर पुलिस भी वहां पहुंच गई। इतने में ही उन्हें पता चला कि एक युवक और नहर में गिरा हुआ है। छानबीन करने पर नहर में से एक और युवक को निकाला गया। उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया । जहां पर धर्मेंद्र व रूपेश की मृत्यु हो गई तथा दो घायल अस्पताल में उपचाराधीन है।

मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए कुरुक्षेत्र भेज दिया तथा पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरूकर दी।

# युवाओं को रक्तदान करने व नशे से बचने के लिये किया जागरूक: गौरव राम करण

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



पानीपत। उपायुक्त एंव प्रधान, जिला रैडक्रास सोसाईटी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन व अंकुश मिंगलानी, हरियाणा रैडक्रास, चण्डीगढ़ उपाध्यक्ष तथा नवनियुक्त महासचिव डा. सुनील कुमार के निर्देशानुसार तथा गौरव राम करण की अगुवाई में रैडक्रास भवन, पानीपत में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 50 प्रशिक्षुओं को नशे से दूर रहने व रक्तदान हेतु जागरूक करने बारे शपथ दिलवाई गई।

सचिव गौरव राम करण ने बताया कि रैडक्रास सोसाईटी, पानीपत के भवन के प्रागंण में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षओं को हरमेश चन्द, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, रैडक्रास, पानीपत द्वारा युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीड़ी देश का भविष्य है। प्रत्येक युवा को समाज सेवा में आगे आना चाहिये ताकि अच्छे समाज का निर्माण हो सके। हम रक्तदान से किसी अंजान व जरूरमंद व्यक्ति की जान को बचा सकते है। एक स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65 साल के बीच में है व उसका वनज 50 किलोग्राम है और उसमें हिमोग्लोबिन की मात्रा 12.5 ग्राम या उससे अधिक है तथा उसके पिछ्ले 6 महीने में कोई बड़ा आपरेशन या बीमारी का ईलाज ना हुआ हो, तो वह रक्तदान कर सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार यानि 90 दिनों के अंतराल पर रक्तदान कर सकता है और किसी भी अंजान व जरूरमंद व्यक्ति की जान को बचा सकता है। यदि हम सभी साल में कम से कम दो बार रक्तदान करें तो किसी भी जरूरमंद बीमार व्यक्ति को रक्त उपलब्ध करवाया जा सकता है।

उन्होनें युवाओं को जागरूक करते हुये कहा कि नशीली वस्तुओं और पदार्थो के उपयोग के कारण व्यक्ति अपने परिवार, समाज वा मानसिक-आर्थिक तौर पर पिछड़ जाता है।